रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13042022-235088
CG-DL-E-13042022-235088

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 276] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 8, 2022/चैत्र 18, 1944
No. 276] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 8, 2022/CHAITRA 18, 1944

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग)

(केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 2022

सा.का.नि. 290(अ).—बॉयलर अधिनियम, 1923 (1923 का 5) की धारा 28, द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारतीय बॉयलर विनियम, 1950 के अतिक्रमण में, ऐसे अतिक्रमण से पहले किए गए अथवा लोपित चीजों को छोड़कर, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित प्रारूप विनियम उक्त अधिनियम की धारा 31 की उप-धारा (1) के अनुसार इससे प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्वारा प्रकाशित किए जाते हैं तथा यह सूचित किया जाता है कि यह अधिसूचना वाला राजपत्र जनता को उपलब्ध कराए जाने की तारीख से पैंतालिस दिन की अवधि समाप्त होने के बाद उक्त प्रारूप विनियमों पर विचार किया जाएगा;

उक्त प्रारूप विनियमों से संबंध में निर्धारित अवधि के भीतर किसी व्यक्तियों से पाप्त आपत्तियों या सुझावों पर केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा विचार किया जाएगा;

आपत्तियां और सुझाव, यदि कोई हों, ऊपर निर्धारित अवधि के भीतर सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग), कमरा नं. 358 उद्योग भवन, नई दिल्ली- 110011 अथवा ई-मेल (tsg.narayannen@nic.in) पर भेजे जा सकते हैं।

प्रारूप विनियम

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त शीर्षक, अनुप्रयोग और आरंभ --** (1) इन विनियमों को भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 कहा जाए।

(2) इनका संपूर्ण भारत में विस्तार किया जाएगा।

(3) यह विनियम सभी बॉयलर पर लागू होंगे जिनमें प्राकृतिक परिचलन कृत्रिम परिचलन और कृत्रिम प्रवाह के सिद्धांत पर कार्य करने वाले वे बॉयलर भी शामिल हैं जिनकी भाप और पानी की कोई निर्धारित लाईन नहीं है।

(4) वे आधिकारिक राजपत्र में अंतिम रूप से अपने प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. परिभाषाएं

क. सामान्य शब्दावली

इन विनियमों में, जब तक कि अन्यथा अपेक्षित न हो: -

(क) अधिनियम का तात्पर्य बॉयलर अधिनियम, 1923 है;

(ख) "इवैलुएशन कमेटी" का तात्पर्य केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा गठित समिति से है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) तकनीकी सलाहकार (बॉयलर) – अध्यक्ष;

(ii) राज्यों से पांच मुख्य निरीक्षक अथवा बॉयलर्स के निदेशक [उन राज्यों के मुख्य निरीक्षकों अथवा बॉयलर्स के निदेशकों सहित जहां आवेदक फर्म या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय स्थित हैं]- सदस्य;

(iii) बोर्ड से पांच सदस्य जो केन्द्र सरकार अथवा भारतीय मानक ब्यूरो अथवा बॉयलर और बॉयलर घटक विनिर्माताओं अथवा राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं अथवा इंजीनियरिंग परामर्शदात्री एजेंसियों अथवा बॉयलर के उपयोगकर्ता तथा अन्य हितों का प्रतिनिधित्व करते हों;

नोट: सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड सदस्यों को नामित करेंगे;

(ग) "केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड स्थायी परीक्षा समिति" का तात्पर्य केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा गठित समिति से है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) तकनीकी सलाहकार (बॉयलर) --अध्यक्ष

(ii) राज्यों से दो मुख्य निरीक्षक अथवा बॉयलर्स के निदेशक --सदस्य

(iii) बोर्ड से पांच सदस्य जो केन्द्र सरकार अथवा भारतीय मानक ब्यूरो अथवा बॉयलर और बॉयलर घटक विनिर्माताओं अथवा राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं अथवा इंजीनियरिंग परामर्शदात्री एजेंसियों अथवा बॉयलर के उपयोगकर्ता तथा अन्य हितों का प्रतिनिधित्व करते हों;

नोट: सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड सदस्यों को नामित करेंगे;

(घ) "इवैलुएशन कमेटी" का तात्पर्य केन्द्र सरकार द्वारा गठित समिति से है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) तकनीकी सलाहकार (बॉयलर) -- अध्यक्ष

(ii) उस राज्य के मुख्य निरीक्षक (बॉयलर) जहां इकाई स्थित है -- सदस्य

(iii) सार्वजनिक क्षेत्र में बॉयलर/ सहायक वस्तुओं के विनिर्माताओं का प्रतिनिधि – सदस्य

(ङ) "स्वामी" में ऐसा व्यक्ति शामिल है जो इसके शामिल के एजेंट के रूप में बॉयलर का इस्तेमाल कर रहा है तथा ऐसा व्यक्ति शामिल है जो इसके स्वामी से किराए पर अथवा ऋण पर बॉयलर का इस्तेमाल कर रहा है;

(च) "निर्धारित" का तात्पर्य अधिनियम के तहत बनाए गए विनियमों अथवा नियमों द्वारा निर्धारित किए जाने से है;

(छ) "राज्य" अथवा "राज्यों" से तात्पर्य उस राज्य अथवा राज्यों से है जहां इन विनियमों का विस्तार किया गया है;

ख. तकनीकी शब्दावली

(क) **बॉयलर का डिजाइन प्रेशर**

(i) प्राकृतिक अथवा सहायता प्राप्त परिचलन बॉयलर के संबंध में बॉयलर के स्टीम ड्रम में अधिकतम अनुमन्य कार्यशील प्रेशर;

(ii) एक बार किए जाने वाले कृत्रिम परिचलन बॉयलर से संबंध में अंतिम सुपरहीटर स्टीम आऊटलेट अधिकतम अनुमन्य कार्यशील प्रेशर;

(ख) **घटक का अधिकतम अनुमन्य कार्यशील प्रेशर**

"अधिकतम अनुमन्य कार्यशील प्रेशर" का तात्पर्य प्रेशर ड्रॉप और हाईड्रॉलिक हेड को ध्यान में रखते हुए समायोजित किसी भाग के डिजाइन प्रेशर से है।

(ग) **डिजाइन तापमान**

बिना तपे हुए घटक के लिए डिजाइन तापमान का तात्पर्य प्रचालन के तहत किसी घटक के भीतर द्रव्य तापमान से होगा।

तप्त घटक के लिए डिजाइन तापमान का तात्पर्य चालू परिस्थितियों में घटक के भीतर द्रव्य तापमान से होगा जिसे विशिष्ट कोड अनुमति द्वारा बढ़ाया जाता है।

(घ) **पाइप**

सामान्य प्रचालन के दौरान भाप अथवा पानी अथवा पानी-भाप के मिश्रण के प्रवाह को चलाने के लिए आशयित डिजाइन के साथ ट्यूब, ड्रम अथवा हेडर को छोड़कर सिलेंड्रिकल हॉलो पार्ट्स के साथ ही वे जो सविराम प्रवाह करते हैं जैसे निकासी पाइप।

नोट: 'पाइप' शब्द से मतलब है कि प्रेशर पार्ट के बाहरी हिस्से के जरिए ताप के अंतरण को प्रभावित करने के लिए कोई डिजाइन आशय।

(ङ) **ट्यूब**

ट्यूबलर प्रेशर पार्ट जो या तो ताप के अंतरण के प्रयोजन के लिए अपनी अधिकांश लंबाई में गर्म गैसों के संपर्क में आया है या फिर ऐसे किसी ट्यूबलर प्रेशर पार्ट के साथ प्रत्यक्ष रूप से बट्ट वैल्डिड है।

नोट: इस परिभाषा में ड्रम अथवा हेडर पर ट्यूब स्टब शामिल है।

अध्याय-1

1.1 सामान्य आवश्यकताएं, मानक शर्तों का अनुप्रयोग तथा इस संबंध में अपवाद

3. सामान्य आवश्यकताएं, मानक शर्तों का अनुप्रयोग तथा इस संबंध में अपवाद

(1) बॉयलर अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (4) के तहत पंजीकृत नहीं होगा तथा किसी बॉयलर से संदर्भ में उस धारा की उप-धारा (5) के तहत प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाएगा, जब तक कि इन विनियमों के अनुवर्ती अध्यायों में विनिर्दिष्ट सामग्री, डिजाइन और निर्माण संबंधी मानक शर्तें ऐसे बॉयलर के संबंध में पूरी नहीं की जाती हैं।

(2) यद्यपि उप-विनियम (1) में जो भी निहित है, विनियम 7 के प्रावधानों के अध्यधीन मुख्य निरीक्षक निम्नलिखित में से किसी भी परिस्थिति के तहत बॉयलर को पंजीकृत कर सकता है तथा इसके इस्तेमाल को प्राधिकृत करने के लिए आदेश जारी कर सकता है, नामत: --

(i) जब बॉयलर, स्टीम पाइप, इकोनमाइजर अथवा सुपरहीटर के निर्माण में इस्तेमाल सामग्री भारतीय बॉयलर विनियाम के अनुरूप नहीं है लेकिन बॉयलर और स्टीम पाइप के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने के लिए उपयुक्त होने के कारण

अन्य देशों में सामान्य रूप से इस्तेमाल के लिए जानी जाती है, बशर्ते कि ऐसी सामग्री विनियम द्वारा विशिष्ट रूप से प्रतिबंधित न हो तथा विनिर्माण, निर्माण तापशोधन निर्दिष्ट संहिताओं या मानकों के अनुरूप हो;

(ii) जब बॉयलर, स्टीम पाइप, इकोनमाइजर अथवा सुपरहीटर की सरंचनागत विशेषताएं विनियमों के अनुरूप तो नहीं है लेकिन बोर्ड ने इन्हें विनियमों में निर्धारित क्षमता से कमतर नहीं माना है तथा ये अन्य देशों में बॉयलर और स्टीम पाइप्स के विनिर्माण की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं;

(iii) जब बॉयलर, स्टीम पाइप, इकोनमाइजर अथवा सुपरहीटर का निर्माण विनियमों के अनुरूप किया गया है लेकिन विनियमों के तहत यथा अपेक्षित कोई प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है।

(3) बॉयलर का कोई भी संरचनागत पुर्जा, जो दबाव के अध्यधीन है, बेसेमर प्रक्रिया इस्पात अथवा कास्ट अथवा मेलिएबल कास्ट ऑयरन से नहीं बना होगा।

(4) जहां किसी प्रेशर पार्ट के डिजाइन अथवा विनिर्माण के लिए इन विनियमों में विशिष्ट प्रावधान नहीं किए गए हैं, वहां निरीक्षण प्राधिकारी बीएस, इएन, एएसएमइ बॉयलर और प्रेशर वैसल कोड, टेमा, टीआरडी, जीओएसटी और जेआईएस जैसे कोड अथवा मानकों, जो औद्योगिक रूप से उन्नत देशों में सामान्य रूप से इस्तेमाल के लिए जाने जाते हैं, के अनुरूप वाल्व; माउंटिंग और फिटिंग सहित ऐसे प्रेशर पार्ट के डिजाइन विनिर्मण, डिजाइन, निरीक्षण और प्रमाणन की अनुमति दे सकता है। निरीक्षण प्राधिकरणों का निर्णय सभी पंजीकरण प्राधिकरणों पर लागू होगा।

(5) टाईटेनियन और अन्य एक्सोटिक धातुओं से बने बॉयलर के ट्यूब और ताप एक्सचेंजर को एएसएमई, बीएस, ईएन, डीआईएन, टीईएमए सहित अंतर्राष्ट्रीय कोड के अनुसार अनुमोदन दिया जाए जिसमें विनिर्माण के उन कोड में विनिर्दिष्ट न्यूनतम मोटाई हो।

3क. किसी विदेशी कोड के अनुपालन के लिए बॉयलर का निरीक्षण

इन विनियमों में निहित बातों के बावजूद निरीक्षण प्राधिकरण निर्यात के लिए बनाए गए किसी बॉयलर का उसके निर्माण के विभिन्न चरणों के दौरान निरीक्षण कर सकता है ताकि किसी विदेशी कोड की आवश्यकताओं का अनुपालन हो सके और प्रपत्र II-क में प्रमाण-पत्र प्रदान कर सकता है।

3ख. बॉयलर अथवा बॉयलर घटकों को छूट

उक्त अधिनियम की धारा 34 की उप-धारा (3) के प्रावधानों के अनुसार किसी बॉयलर अथवा बॉयलर घटक को निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन अधिनियम के सभी अथवा किसी प्रावधान के संचालन से पूरी तरह अथवा राज्य के किसी भाग में छूट दी जा सकती है:

1) ब्रिटिश मानक (बीएस), युरोपिय मानक (ईएन), अमेरिकन सोसाईटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई) बॉयलर और प्रेशर वैसल कोड, ट्यूबलर एक्सचेंजर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीईएमए), तकनीकी आवश्यकता दस्तावेज (टीआरडी), जीओएसटी और जापानी औद्योगिक मानक (जेआईएस) सहित अंतर्राष्ट्रीय कोड अथवा मानक के अनुसार बॉयलर अथवा बॉयलर घटक का डिजाइन और निर्माण;

2) निर्माण में इस्तेमाल सामग्री उक्त विनियमों द्वारा विशेष रूप से प्रतिबंधित न हो;

3) राज्य सरकारों द्वारा बॉयलर अथवा बॉयलर घटकों का डिजाइन, निर्माण और सामग्री की रेमनेंट लाइफ असेसमेंट जैसे आवश्यक परीक्षणों और जांच के जरिए संतुष्टि की गई है, जो कि मालिक कराएगा।

3ग. विनियम में जिसके लिए फीस निर्धारित नहीं की गई

ऐसी किसी भी गतिविधि, जिसके संबंध में राज्य सरकार का मत है कि इसमें समय और श्रम लगेगा और जिसके लिए इन विनियमों में फीस निर्धारित नहीं की गई है, ऐसी फीस राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।

4. मानक आवश्यकताएं

बॉयलर के निर्माण में निम्नलिखित आवश्यकताओं का पालन किया जाएगा, नामत: --

(क) सामग्री – बॉयलर के निर्माण में इस्तेमाल सभी प्लेट्स और बार्स की जांच की जाएगी तथा उन्हें इसके बाद निहित विनियमों के अनुरूप देखा जाएगा।

(ख) विनिर्माण –

(i) निर्माण के दौरान सभी बॉयलर सक्षम व्यक्ति के पर्यवेक्षण के अधीन होंगे तथा परिशिष्ट छ में निर्धारित किए गए अनुसार निर्माण के सभी चरणों में उनका निरीक्षण किया जाएगा। परिशिष्ट छ में निर्धारित किए गए अनुसार विभिन्न चरणों में ट्यूब और स्टीम पाइप्स का निर्माता के कारखाने में निरीक्षण किया जाएगा, तथा निर्माताओं द्वारा की गई जांच भी सक्षम व्यक्ति की निगरानी में होगी।

(ii) बॉयलर, बॉयलर घटकों, इकोनमाइजर, फीड पाइप्स, स्टीम पाइप्स, और सुपरहीटर की वैल्डिंग में संलग्न वैल्डर के पास फार्म XIII में प्रमाण-पत्र होगा।

(iii) बॉयलर का विनिर्माण उपयुक्त श्रेणी बॉयलर विनिर्माता द्वारा किया जाएगा।

(iv) मान्यता प्राप्त करने की इच्छुक फर्म को उस राज्य में संचालनरत निरीक्षण प्राधिकरण के समक्ष निम्नलिखित शुल्क के साथ प्रश्नावली 'फार्म XX' में आवेदन करना होगा जहां वह मान्यता प्राप्त करना चाहती है:

	विनिर्माता की श्रेणी	मान्यता का शुल्क	मान्यता के नवीकरण के लिए शुल्क
(i)	विशेष श्रेणी	20,000/- रूपए	10,000/- रूपए
(ii)	श्रेणी I	15,000/- रूपए	7,500/- रूपए
(iii)	श्रेणी II	10,000/- रूपए	5,000/- रूपए
(iv)	श्रेणी III	7,500/- रूपए	3,750/- रूपए
(v)	श्रेणी IV	5,000/- रूपए	2,500/- रूपए
(vi)	बॉयलर घटक	5,000/- रूपए	2,500/- रूपए

(v) विनिर्माता के रूप में मान्यता प्राप्त करने की इच्छुक फर्म को बॉयलर की श्रेणी के आधार पर निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, नामत: -

(क) विशेष श्रेणी के बॉयलर विनिर्माता: किसी भी प्रकार और क्षमता के बॉयलर विनिर्माता के लिए

विशेष श्रेणी के बॉयलर विनिर्माता के पास विनिर्माण सुविधाओं के लिए 7500 वर्ग मीटर का न्यूनतम

कवर्ड क्षेत्र होगा तथा निम्नलिखित डिजाइन, निर्माण और जांच सुविधाएं होंगी:

(i) **मशीनरी, औजार और उपकरण:**

अनिवार्य: सीम वैल्डिंग के लिए सॉ वैल्डिंग मशीन, टीआईजी वैल्डिंग मशीन, पैनल बैंडिंग मशीन, वैल्डिंग और ग्राइंडिंग उपकरण, रेडियल ड्रिलिंग मशीन, चैमफरिंग मशीन, ट्यूब बैंडिंग मशीन, ट्यूब स्वेगिंग मशीन, प्री- हीटिंग और पोस्ट हीटिंग के लिए बर्नर, तापशोधन सुविधाएं, हाईड्रोलिक टेस्ट पंप (500 कि.ग्रा/ प्रति वर्ग सें.मी. तक या उससे अधिक), बैंड सॉ कटिंग मशीन, एयर कम्प्रेसर, मापन औजार।

वैकल्पिक: उपयुक्त मोटाई की प्लेट बैंडिंग अथवा रोलिंग मशीन, ट्यूब एक्सपेंडर, डिश्ड एण्ड मेकिंग मशीन।

(ii) **गुणवत्ता आश्वासन और जांच सुविधाएं:**

अनिवार्य: चुंबकीय कण निरीक्षण (एमपीआई), लिक्विड पैनेट्रेंट निरीक्षण (एलपीआई), उचित साम्रगी की पहचान (पीएमआई) संबंधित सुविधाएं, यूनिवर्सल टैस्टिंग मशीन (यूटीएम), रेडियोग्राफिक टैस्टिंग (आरटी), अल्ट्रासॉनिक टैस्टिंग (यूटी)।

(iii) **कार्यबल:**

बॉयलर के क्षेत्र में न्यूनतम पांच वर्ष के अनुभव सहित संगत विषय में स्नातक इंजीनियर (इंजीनियर्स), निर्माण, आरंभ और पर्यवेक्षण अनुभव वाले इंजीनियर (इंजीनियर्स), आई.एस.एन.टी. अथवा ए.एस.एन.टी. से वर्ग – III एनडीटी प्रमाणपत्र धारक एनडीटी कार्मिक, और उपयुक्त श्रेणी के आईबीआर प्रमाणित वैल्डर।

विनिर्माता के पास इंजीनियरों, तकनीशियनों और वैल्डरों के प्रशिक्षण के लिए आंतरिक सुविधाएं होंगी।

विनिर्माता के पास आंतरिक आर एण्ड डी सुविधाएं अथवा आर एण्ड डी के लिए टाई-अप होगा।

नोट: 1. विनिर्माताओं के पास डिश्ड एण्ड, पंप और फिटिंग के विनिर्माण की सुविधा होना आवश्यक नहीं है जिन्हें आउटसोर्स किया जा सकता है।

2. कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर बॉयलर के किसी भी पुर्जे/ घटक को अनुमोदित विनिर्माता से आउटसोर्स किया जा सकता है।

3. रोलिंग और एज तैयार करने की प्रक्रिया को आउटसोर्स किया जा सकता है तथा विनिर्माताओं के पास इसके लिए विनिर्माण सुविधाएं होना आवश्यक नहीं है।

4. डिजाइन कार्यालय उनके किसी भी विनिर्माण केन्द्र के भीतर या विनिर्माण केन्द्र के बाहर स्थित हो सकता है।

(ख) श्रेणी- I के बॉयलर विनिर्माता: 180 कि.ग्रा/ वर्ग सें.मी. तक के वर्किंग प्रेशर के बॉयलर के विनिर्माण के लिए

श्रेणी I के बॉयलर विनिर्माता के पास विनिर्माण सुविधाओं के लिए 5000 वर्ग मी. का न्यूनतम कवर्ड क्षेत्र तथा निम्नलिखित डिजाइन, निर्माण और जांच सुविधाएं होंगी:

(i) **मशीनरी, औजार और उपकरण:**

अनिवार्य: सीम वैल्डिंग के लिए सॉ वैल्डिंग मशीन, टीआईजी वैल्डिंग मशीन, पैनल बैंडिंग मशीन, वैल्डिंग और ग्राइंडिंग उपकरण, रेडियल ड्रिलिंग मशीन, चैमफरिंग मशीन, ट्यूब बैंडिंग मशीन, ट्यूब स्वेगिंग मशीन, प्री-हीटिंग और पोस्ट हीटिंग के लिए बर्नर, तापशोधन सुविधाएं, हाईड्रोलिक टेस्ट पंप (300 कि.ग्रा/ प्रति वर्ग सें.मी. तक या उससे अधिक), बैंड सॉ कटिंग मशीन, एयर कम्प्रेसर मापन औजार।

वैकल्पिक: उपयुक्त मोटाई की प्लेट बैंडिंग अथवा रोलिंग मशीन, ट्यूब एक्सपेंडर, डिश्ड एण्ड मेकिंग मशीन।

(ii) **गुणवत्ता आश्वासन और जांच सुविधाएं:**

अनिवार्य: चुंबकीय कण निरीक्षण (एमपीआई), लिक्विड पैनेट्रेंट निरीक्षण (एलपीआई), उचित साम्रगी की पहचान (पीएमआई) संबंधित सुविधाएं, यूनिवर्सल टैस्टिंग मशीन (यूटीएम), रेडियोग्राफिक टैस्टिंग (आरटी), अल्ट्रासॉनिक टैस्टिंग (यूटी)।

(iii) **कार्यबल:**

बॉयलर के क्षेत्र में न्यूनतम चारे वर्ष के अनुभव सहित संगत विषय में स्नातक इंजीनियर (इंजीनियर्स), निर्माण, आरंभ और पर्यवेक्षण अनुभव वाले इंजीनियर (इंजीनियर्स), आई.एस.एन.टी. अथवा ए.एस.एन.टी. से वर्ग – II एनडीटी प्रमाणपत्र धारक एनडीटी कार्मिक, और उपयुक्त श्रेणी के आईबीआर प्रमाणित वैल्डर।

विनिर्माता के पास इंजीनियरों, तकनीशियनों और वैल्डरों के प्रशिक्षण के लिए आंतरिक सुविधाएं होंगी।

नोट: 1. विनिर्माताओं के पास डिश्ड एण्ड, पंप और फिटिंग के विनिर्माण की सुविधा होना आवश्यक नहीं है जिन्हें आउटसोर्स किया जा सकता है।

2. कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर बॉयलर के किसी भी पुर्जे/ घटक को अनुमोदित विनिर्माता से आउटसोर्स किया जा सकता है।

3. रोलिंग और एज तैयार करने की प्रक्रिया को आउटसोर्स किया जा सकता है तथा विनिर्माताओं के पास इसके लिए विनिर्माण सुविधाएं होना आवश्यक नहीं है।

4. डिजाइन कार्यालय उनके किसी भी विनिर्माण केन्द्र के भीतर या विनिर्माण केन्द्र के बाहर स्थित हो सकता है।

(ग) श्रेणी-II के बॉयलर विनिर्माता: 120 कि.ग्रा/ वर्ग सें.मी. तक के वर्किंग प्रेशर के बॉयलर के विनिर्माण के लिए

श्रेणी II के बॉयलर विनिर्माता के पास विनिर्माण सुविधाओं के लिए 5000 वर्ग मी. का न्यूनतम कवर्ड क्षेत्र तथा निम्नलिखित डिजाइन, निर्माण और जांच सुविधाएं होंगी:

(i) **मशीनरी, औजार और उपकरण:**

अनिवार्य: सीम वैल्डिंग के लिए सॉ वैल्डिंग मशीन, टीआईजी वैल्डिंग मशीन, वैल्डिंग और ग्राइंडिंग उपकरण, रेडियल ड्रिलिंग मशीन, चैमफरिंग मशीन, ट्यूब बैंडिंग मशीन, प्री- हीटिंग और पोस्ट हीटिंग के लिए बर्नर, तापशोधन सुविधाएं, हाईड्रोलिक टेस्ट पंप (200 कि.ग्रा/ प्रति वर्ग सें.मी. तक या उससे अधिक), बैंड सॉ कटिंग मशीन, एयर कम्प्रेसर मापन औजार।

वैकल्पिक: उपयुक्त मोटाई की प्लेट बैंडिंग अथवा रोलिंग मशीन, पैनल बैंडिंग मशीन, ट्यूब एक्सपेंडर, डिश्ड एण्ड मेकिंग मशीन, ट्यूब स्वेगिंग मशीन।

(ii) **गुणवत्ता आश्वासन और जांच सुविधाएं:**

अनिवार्य: चुंबकीय कण निरीक्षण (एमपीआई), लिक्विड पैनेट्रेंट निरीक्षण (एलपीआई)।

वैकल्पिक: यूनिवर्सल टैस्टिंग मशीन (यूटीएम), रेडियोग्राफिक टैस्टिंग (आरटी), अल्ट्रासॉनिक टैस्टिंग (यूटी)।

(iii) **कार्यबल:**

बॉयलर के क्षेत्र में स्नातक इंजीनियर (इंजीनियर्स) के लिए न्यूनतम तीन और डिप्लोमा इंजीनियर (इंजीनियर्स) के लिए पांच वर्ष के अनुभव सहित संगत विषय में स्नातक अथवा डिप्लोमा इंजीनियर (इंजीनियर्स), आई.एस.एन.टी. अथवा ए.एस.एन.टी. से वर्ग – II एनडीटी प्रमाण-पत्र धारक एनडीटी कार्मिक, और उपयुक्त श्रेणी के आईबीआर प्रमाणित वैल्डर।

नोट: 1. विनिर्माताओं के पास डिश्ड एण्ड, पंप और फिटिंग के विनिर्माण की सुविधा होना आवश्यक नहीं है जिन्हें आउटसोर्स किया जा सकता है।

2. कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर बॉयलर के किसी भी पुर्जे/ घटक को अनुमोदित विनिर्माता से आउटसोर्स किया जा सकता है।

3. रोलिंग और एज तैयार करने की प्रक्रिया को आउटसोर्स किया जा सकता है तथा विनिर्माताओं के पास इसके लिए विनिर्माण सुविधाएं होना आवश्यक नहीं है।

4. डिजाइन कार्यालय उनके किसी भी विनिर्माण केन्द्र के भीतर या विनिर्माण केन्द्र के बाहर स्थित हो सकता है।

(घ) श्रेणी-III के बॉयलर विनिर्माता: 50 कि.ग्रा./ वर्ग सें.मी. तक के वर्किंग प्रेशर के बॉयलर के विनिर्माण के लिए

श्रेणी III के बॉयलर विनिर्माता के पास विनिर्माण सुविधाओं के लिए 1500 वर्ग मी. का न्यूनतम कवर्ड क्षेत्र तथा निम्नलिखित डिजाइन, निर्माण और जांच सुविधाएं होंगी:

(i) **मशीनरी, औजार और उपकरण:**

अनिवार्य: उपयुक्त मोटाई की प्लेट बैंडिंग अथवा रोलिंग मशीन, टीआईजी वैल्डिंग मशीन, वैल्डिंग और ग्राइंडिंग उपकरण, रेडियल ड्रिलिंग मशीन, चैमफरिंग मशीन, ट्यूब बैंडिंग मशीन, प्री- हीटिंग और पोस्ट हीटिंग के लिए बर्नर, तापशोधन सुविधाएं, हाईड्रोलिक टेस्ट पंप (100 कि.ग्रा./ प्रति वर्ग सें.मी. तक या उससे अधिक), बैंड सॉ कटिंग मशीन, एयर कम्प्रेसर मापन औजार।

वैकल्पिक: सीम वैल्डिंग के लिए सॉ वैल्डिंग मशीन, पैनल बैंडिंग मशीन, ट्यूब एक्सपेंडर, डिश्ड एण्ड मेकिंग मशीन, ट्यूब स्वेगिंग मशीन।

(ii) **गुणवत्ता आश्वासन और जांच सुविधाएं:**

अनिवार्य: चुंबकीय कण निरीक्षण (एमपीआई), लिक्विड पैनेट्रेंट निरीक्षण (एलपीआई)।

वैकल्पिक: यूनिवर्सल टैस्टिंग मशीन (यूटीएम), रेडियोग्राफिक टैस्टिंग (आरटी), अल्ट्रासॉनिक टैस्टिंग (यूटी)।

(iii) **कार्यबल:**

बॉयलर के क्षेत्र में स्नातक इंजीनियर (इंजीनियर्स) के लिए न्यूनतम दो वर्ष और डिप्लोमा इंजीनियर (इंजीनियर्स) के लिए चार वर्ष के अनुभव सहित संगत विषय में स्नातक अथवा डिप्लोमा इंजीनियर (इंजीनियर्स), आई.एस.एन.टी. अथवा ए.एस.एन.टी. से वर्ग – II एनडीटी प्रमाण-पत्र धारक एनडीटी कार्मिक, और उपयुक्त श्रेणी के आईबीआर प्रमाणित वैल्डर।

नोट: 1. विनिर्माताओं के पास डिश्ड एण्ड, पंप और फिटिंग के विनिर्माण की सुविधा होना आवश्यक नहीं है जिन्हें आउटसोर्स किया जा सकता है।

2. कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर बॉयलर के किसी भी पुर्जे/ घटक को अनुमोदित विनिर्माता से आउटसोर्स किया जा सकता है।

3. रोलिंग और एज तैयार करने की प्रक्रिया को आउटसोर्स किया जा सकता है तथा विनिर्माताओं के पास इसके लिए विनिर्माण सुविधाएं होना आवश्यक नहीं है।

4. डिजाइन कार्यालय उनके किसी भी विनिर्माण केन्द्र के भीतर या विनिर्माण केन्द्र के बाहर स्थित हो सकता है।

(ङ) **श्रेणी-IV के बॉयलर विनिर्माता: 17.5 कि.ग्रा./ वर्ग सें.मी. तक के वर्किंग प्रेशर के बॉयलर के विनिर्माण के लिए**

श्रेणी IV के बॉयलर विनिर्माता के पास विनिर्माण सुविधाओं के लिए पर्याप्त कवर्ड क्षेत्र तथा निम्नलिखित डिजाइन, निर्माण और जांच सुविधाएं होंगी:

(i) **मशीनरी, औजार और उपकरण:**

अनिवार्य: उपयुक्त मोटाई की प्लेट बैंडिंग अथवा रोलिंग मशीन, रेडियल ड्रिलिंग मशीन, वैल्डिंग और ग्राइंडिंग उपकरण, हाईड्रोलिक टेस्ट पंप (50 कि.ग्रा./ प्रति वर्ग सें.मी. तक या उससे अधिक), ट्यूब एक्सपेंडर, लेद मशीन, पावर हैकसॉ, ड्रिल मशीन, मापन औजार।

(ii) **कार्यबल:**

बॉयलर के क्षेत्र में स्नातक इंजीनियर (इंजीनियर्स) के लिए न्यूनतम एक वर्ष और डिप्लोमा इंजीनियर (इंजीनियर्स) के लिए तीन वर्ष के अनुभव सहित संगत विषय में स्नातक अथवा डिप्लोमा इंजीनियर (इंजीनियर्स) तथा उपयुक्त श्रेणी के आईबीआर प्रमाणित वैल्डर।

नोट: 1. विनिर्माताओं के पास डिश्ड एण्ड, पंप और फिटिंग के विनिर्माण की सुविधा होना आवश्यक नहीं है जिन्हें आउटसोर्स किया जा सकता है।

2. कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर बॉयलर के किसी भी पुर्जे/ घटक को अनुमोदित विनिर्माता से आउटसोर्स किया जा सकता है।

3. ताप शोधन, एनडीटी और मैकेनिकल जांच आउटसोर्स की जा सकती है।

4. डिजाइन कार्यालय उनके किसी भी विनिर्माण केन्द्र के भीतर या विनिर्माण केन्द्र के बाहर स्थित हो सकता है।

(च) बॉयलर घटक विनिर्माता: बॉयलर घटक विनिर्माता के पास विनिर्माण सुविधाओं के लिए पर्याप्त कवर्ड एरिया होगा तथा उन बॉयलर घटकों के लिए पर्याप्त डिजाइन और निर्माण सुविधाएं होंगी जिनका वे विनिर्माण करने के इच्छुक हैं। बॉयलर विनिर्माता के डिजाइन के अनुसार बॉयलर घटक का विनिर्माण किए जाने की स्थिति में डिजाइन सुविधाओं की आवश्यकता नहीं होगी।

नोट: 1. उच्चतर श्रेणी का बॉयलर विनिर्माता निम्नतर श्रेणी के बॉयलर का विनिर्माण करने के लिए पात्र होगा।

2. बॉयलर विनिर्माता बॉयलर घटक विनिर्माता के रूप में बॉयलर घटकों के विनिर्माण के लिए भी पात्र होगा।

(vi) निरीक्षण प्राधिकरण प्रश्नावली के उत्तर सहित आवेदन की जांच और मूल्यांकन करेगा तथा इस बारे में संतुष्ट होने के बाद कि उप-विनियम (v) के तहत आवश्यकताओं को पूरा किया गया है, फर्म को उस श्रेणी में विनिर्माता के रूप में मान्यता प्रदान करेगा जिस श्रेणी के लिए आवेदन किया गया है।

(vii) विनिर्माता के रूप में फर्म की मान्यता तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। तत्पश्चात् उन्हें उक्त अवधि की समाप्ति से कम से कम तीन महीने पहले अपनी मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन करना होगा।

(ग) प्रमाण-पत्र, रेखाचित्र और विशेष विवरण – अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा **(1)** तथा धारा 14 की उप-धारा (1) के खण्ड (ग) के तहत बॉयलर के पंजीकरण के लिए आवेदन से पहले अथवा उसके साथ, मुख्य निरीक्षक को निम्नलिखित प्रमाण-पत्र और रेखाचित्र अथवा विशेष विवरण (प्रमाण-पत्र और रेखाचित्र अथवा विशेष विवरण डिजिटल हस्ताक्षर सहित सॉफ्ट कॉपी में भी प्रस्तुत किया जाए) प्रस्तुत किया जाएगा, नामत: --

(i) (I) निरीक्षण प्राधिकारी से फार्म II (1) अथवा फार्म II (2), जैसा भी मामला हो, में प्रमाण-पत्र जो यह प्रमाणित करता हो कि निर्माण के दौरान बॉयलर के निरीक्षण के संबंध में सामग्री की जांच की गई थी तथा बॉयलर का निर्माण उनके पर्यवेक्षण में हुआ था तथा पूरा होने के बाद हाईड्रॉलिक जांच की गई थी।

(II) उसी स्थल पर जोड़े जाने वाले बॉयलर के मामले में, पूरी तरह से जोड़े गए बॉयलर पर निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हाईड्रॉलिक जांच की आवश्यकता लागू नहीं होगी बशर्ते कि ऐसे बॉयलर के प्रत्येक पुर्जे की हाईड्रॉलिक रूप से जांच की गई हो तथा निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा इसे प्रमाणित किया गया हो जैसा कि इन विनियमों के तहत अपेक्षित है।

(III) वेस्ट हीट बॉयलर के मामले में, उस स्थल पर निर्माण पूरा होने के बाद स्वामियों द्वारा प्रत्येक घटक के लिए निर्धारित प्रपत्रों में उसे दिए गए प्रमाण-पत्रों, जो विनियम 4 के खण्ड (ग) के तहत बॉयलर के पंजीकरण के लिए प्रस्तुत करना अपेक्षित है, जिन्हें उस स्थल पर ऐसे निर्माण के शुरूआत से पहले उस राज्य के निरीक्षण प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा जहां बॉयलर स्थित है, के आधार पर, उस राज्य के निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा यथा लागू फार्म II (1) अथवा फार्म II (2) में प्रमाण-पत्र जारी किया जाए जहां बॉयलर संस्थापित है।

नोट: (1) फार्म **II(1)** अथवा फार्म **II(2),** जैसा भी मामला हो, के बदले में निरीक्षण प्राधिकरण द्वारा बॉयलर के लिए फार्म **II -** ख में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जा सकता है जिनके लिए सामग्री, डिजाइन और निर्माण के संबंध में मानक शर्तों से अंतर के लिए बोर्ड अथवा निरीक्षण प्राधिकरण द्वारा अनुमति दी गई है।

(2) बॉयलर तैयार होने और बॉयलर को जोड़ने के स्थल पर हाइड्रॉलिक जांच के संतोषजनक रहने के बाद निरीक्षण प्राधिकरण द्वारा फार्म **II –** ग जारी किया जाएगा।

(ii) विनिर्माण के फार्म III में एक प्रमाण-पत्र और निर्माता अथवा निर्माता के प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित जांच जिसमें बॉयलर, इसके प्रमुख परिमाप का विवरण, इसके निर्माण में इस्तेमाल सामग्री के प्रकार का विवरण, सभी प्लेट्स की मोटाई, शैल बनाने की सामान्य पद्धति में किसी अंतर का ब्यौरा जैसे सॉलिड रोलिंग अथवा वैल्डिंग, हाइड्रॉलिक टेस्ट जिससे बॉयलर संबंधित था, अभिप्रेत वर्किंग प्रेशर, तप्त सतह का क्षेत्रफल, अधिकतम निरंतर वाष्पीकृत क्षमता, विनिर्माण का वर्ष और स्थान तथा प्रचालनरत बॉयलर की संख्या का ब्यौरा हो।

नोट: हालांकि निरीक्षण प्राधिकारी प्रमाण-पत्र के संशोधित फार्म को अनुमोदित कर सकता है जिसमें उस विवरण का लोप किया जा सकता है जो किसी बॉयलर विशेष से संबंधित न हो।

(iii) (I) शॉप में जोड़े गए बॉयलर्स के मामले में, प्रमुख परिमाप के उचित माप को दर्शाने वाले रेखाचित्र, खण्ड, निर्माता का नम्बर निरीक्षण प्राधिकारी की मोहर की स्थिति, सामग्री का बिल, वैल्डिंग का ब्यौरा और डिजाइन मापदण्ड।

(II) उस साइट पर जोड़े गए बॉयलर्स के मामले में, सामान्य और प्रेशर पुर्जों की व्यवस्था को दर्शाने वाले रेखाचित्र, कॉइल का रेखाचित्र, प्रमुख परिमाप के ब्यौरे सहित हेडर और ड्रम, सामग्री का बिल और डिजाइन मापदण्ड। विनिर्माता रेखाचित्रों के लिए उचित माप का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक समान अथवा मिलती - जुलती एकाधिक हिस्सों के मामले में केवल एक हिस्से का रेखाचित्र प्रस्तुत किया जाए।

(iv) (I) विनियम 23 और 24 में संदर्भित प्रकार के अनुसार क्रमश: इस्पात विनिर्माता से फार्म IV में प्रमाण-पत्र और प्लेट्स अथवा बार्स के निर्माता से प्रमाण-पत्र तथा प्लेट्स अथवा बार्स के निर्माता से प्रमाण-पत्र में चार्ज नंबर, प्लेट्स अथवा बार्स की संख्या एवं जांची गई विभिन्न प्लेट्स की संख्या और परिमाप, उनका रसायनिक विषलेक्षण एक खण्ड में किलोग्राम प्रति वर्ष किलोमीटर में उनकी अधिकतम वहन क्षमता, बढ़ोतरी का प्रतिशत और मापी गई लंबाई, बेंड तथा की गई अन्य जांच के प्रकार और नतीजे तथा जांच की तारीख दर्शायी जाएगी।

(II) यदि वर्किंग प्रेशर के लिए निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा बॉयलर की योग्यता के संबंध में दिए गए अनुमोदन के बारे में उनके पंजीकरण की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर कोई प्रश्न उठता है तो मुख्य निरीक्षक द्वारा अनुरोध किए जाने पर स्वामी उक्त खण्डों में विनिर्दिष्ट मूल दस्तावेज प्राप्त और प्रस्तुत करेगा।

बशर्ते कि केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त प्रख्यात इस्पात निर्माता द्वारा विनियम 4क से 4छ में निर्धारित तरीके से तैयार और जांचे गए इस्पात के संबंध में, निरीक्षण प्राधिकारी से प्रमाण-पत्र के बदले फार्म IV में प्रख्यात इस्पात निर्माता के प्रमाण-पत्र को स्वीकार किया जाएगा।

(III) अन्य प्रयोजनों के लिए भी इस्तेमाल की गई प्लेट्स के ब्यौरे वाले ऐसे प्रमाण-पत्र के कारण उन मामलों में जहां प्रख्यात इस्पात निर्माता से प्राप्त मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए जाने योग्य नहीं है, फर्म IV में प्रमाण-पत्र के एवज में बॉयलर के निर्माता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित मूल प्रमाण-पत्र का उद्धरण स्वीकार किया जाएगा बशर्ते कि फार्म IV में अपेक्षित सभी जानकारी उद्धरण में प्रस्तुत की गई हो।

(IV) बॉयलर और बॉयलर घटकों में इस्तेमाल सामग्री के सभी जांच प्रमाण-पत्रों का उद्धरण फार्म III के साथ फार्म IVक में दिया जाएगा।

(v) फ्यूजन वैल्डिड ड्रम्स के मामले में, वैल्ड मरम्मत का आरेख और ताप शोधन के तापमान चार्ट भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

(vi) फर्नेस अथवा सुपर हीटर जोन में क्रीप रेंज में इस्तेमाल की गई मिश्रित इस्पात सामग्री।

(क) फर्नेस अथवा सुपर हीटर जोन में इस्तेमाल किए जाने पर मिश्रित इस्पात अथवा निकेल अलॉय की प्रत्येक श्रेणी के लिए अधिकतम सर्विस तापमान से 50° से॰ से अधिक पर दो बार 1,000 घंटे का स्ट्रेस रप्चर टेस्ट किया जाएगा;

(ख) उपर्युक्त तापमान पर 1,000 घंटों में टूटने के दबाव को -20 प्रतिशत रेखा के अनुरूप संपूर्ण घुमाव से लिया जाएगा।

(ग) इस दबाव पर न्यूनतम 1,000 घंटे के विदीर्ण काल का अनुमान है तथा दोनों नमूनों को उपर्युक्त दबाव और तापमान पर 1,000 घंटे की जांच को पास करना होगा।

(घ) ऊपर दिए गए विवरण के अनुसार 1000 घंटों के लिए कम अवधि के स्ट्रैस रप्चर टेस्ट राष्ट्रीय धातुकर्मीय प्रयोगशाला/ प्रख्यात इस्पात निर्माता अथवा स्वदेशी रूप से उत्पादित मिश्रित इस्पात के बढ़े हुए तापमान के आंकड़े एकत्र करने हेतु क्रीप टेस्टिंग के लिए बॉयलर बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य सामग्री प्रयोगशाला अथवा भारत के बाहर उत्पादित मिश्रित इस्पात के लिए विनिर्माण वाले देश में क्रीप टेस्टिंग के लिए राष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त/ प्रत्यायित जांच प्रयोगशाला द्वारा किया जाता है जिसका प्रयोजन यह पता लगाना है कि इस्पात विशेष विवरण के अनुरूप है अथाव नहीं तथा यह भी सुनिश्चित करना है कि इस्पात अमेरिकन सोसायटी ऑफ मकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई) अथवा ब्रिटिश मानक (बीएस) अथवा यूरोपीय मानक (ईएन) कोड, जैसा भी मामला हो, में दिए गए दीर्घ कालीन रप्चर स्ट्रेस वैल्यू/ अधिकतम अनुमन्य दबाव मूल्य को पूरा करने में सक्षम है, तथा इस सबंधं में एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है; यदि किसी मान्यता प्राप्त निरीक्षण प्राधिकरण के साथ कार्यरत सक्षम व्यक्ति की मौजूदगी में जांच कराई जाती है तो किसी अन्य प्रयोगशाला में वैकल्पिक जांच भी की जा सकती है।

(ङ) इन नमूनों को सक्षम व्यक्ति द्वारा क्रमरहित तरीके से चुना जा सकता है तथा यह नमूने अर्धनिर्मित उत्पाद के रूप में हो सकते हैं जैसे लगभग 25 वर्ग मि.मी के फॉर्ज्ड बार जो संगत विशेषताओं द्वारा यथा निर्धारित ताप शोधन से गुजरेंगे।

(vii) 20 टन प्रति घंटे या उससे अधिक की क्षमता वाले ऐसे बॉयलरों के लिए, जिन्हें उसी स्थल पर जोड़ा जाना अपेक्षित है, उनके ढ़ांचों की अलग से आपूर्ति की जा सकती है तथा 20 टन प्रति घंटे से कम की क्षमता वाले सभी बॉयलरों को बॉयलर के विनिर्माण के समय जारी फार्म III में उल्लिखित ब्यौरे के साथ संबंधित फॉर्म में सभी ढ़ांचों और पुर्जों का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा।

(घ) निर्माता की मोहर—बॉयलर में एक स्पष्ट स्थान पर मोहर लगी होगी जैसे-

निर्माता का नाम .....

कार्य की संख्या ..... निर्माण का वर्ष..... जांच .....

कि.ग्रा./ वर्ग सें.मी. (ग्रा) पर ..... डिजाइन प्रेशर..... कि.ग्रा./ वर्ग सें.मी. (ग्रा)

सक्षम व्यक्ति अथवा

निरीक्षण प्राधिकारी की आधिकारिक मोहर

(ङ) **पाइप्स के लिए प्रमाण-पत्र –** फार्म III-क में निर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विनिर्माण और जांच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा प्रख्यात पाइप निर्माताओं को भी फार्म IIIक में विनिर्माण और जांच के ऑनलाइन प्रमाण-पत्र पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाएगी।

(च) **ट्यूब के लिए प्रमाण-पत्र –** फार्म III-ख में निर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विनिर्माण और जांच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा प्रख्यात ट्यूब निर्माताओं को भी फार्म III-ख में विनिर्माण और जांच के ऑनलाइन प्रमाण-पत्र पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जाएगी।

नोट: प्रख्यात पाइप अथवा ट्यूब निर्माताओं (विनियम 4क से 4छ में यथा निर्धारित तरीके से केन्द्रीय बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा भारत अथवा अन्य देशों में तैयार ट्यूब्स के मामले में उनके द्वारा मकेनिकल जांच सहित सामग्री की जांच की जाए तथा उनके द्वारा यथा प्रमाणित मकेनिकल जांच सहित सामग्री की जांच से संबंधित विवरण तथा फार्म III-क और फार्म III-ख में प्रमाण-पत्र में विवरण के उपयुक्त कॉलम अथवा पैराग्राफ तथा ऊपर बताए गए अनुसार 'प्रख्यात पाइप और ट्यूब निर्माता' से प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने के मामले में, जहां तक फार्म में विनिर्दिष्ट मकेनिकल जांच सहित सामग्री की जांच का संबंध है, ऐसे प्रमाण-पत्र को निरीक्षण प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र के एवज में स्वीकार किया जाए।

(छ) **माउंटिंग और फिटिंग के लिए प्रमाण-पत्र** – विनिर्माण के दौरान बॉयलर के ढ़ांचें और स्टीम पाइप के संबंध में निर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित फार्म III-ग में विनिर्माण और जांच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा।

नोट: फार्म III-ग में प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि को स्वीकार किया जाएगा बशर्ते कि इसे मूल प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले विनिर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा पृष्ठांकित किया गया हो।

(ज) कास्टिंग के लिए प्रमाण-पत्र- फार्म III-घ में निर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विनिर्माण और जांच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। हालांकि केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त प्रख्यात फाउन्ड्री द्वारा विनिर्मित कास्टिंग के मामले में निरीक्षण प्राधिकारी के हस्ताक्षर अपेक्षित नहीं होंगे।

(झ) फ़ोर्जिंग के लिए प्रमाण-पत्र- फार्म III-ङ में निर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विनिर्माण और जांच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। हालांकि केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त प्रख्यात फाउन्ड्री द्वारा विनिर्मित फ़ोर्जिंग के मामले में निरीक्षण प्राधिकारी के हस्ताक्षर अपेक्षित नहीं होंगे।

(ञ) हेडर्स, डीसुपरहीटर्स अथवा अटैम्परेटर, ब्लोडाउन टैंक, फीडवॉटर टैंक, एक्यूम्यलेटर और डीअरेटर के विनिर्माण के दौरान निरीक्षण का प्रमाण-पत्र – फार्म III-च में निर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विनिर्माण और जांच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा।

(ट) डिश्ड एण्ड अथवा एण्ड कवर्स के विनिर्माण के दौरान निरीक्षण का प्रमाण-पत्र- फार्म III-छ में निर्माता और निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विनिर्माण और जांच प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा।

1.2 सक्षम प्राधिकरण, निरीक्षण प्राधिकरण, प्रख्यात सामग्री जांच प्रयोगशाला, प्रख्यात इस्पात निर्माता, प्रख्यात फाउंड्री/ फ़ोर्ज, प्रख्यात ट्यूब/ पाइप निर्माता और प्रख्यात शेष जीवनकाल मूल्यांकन संगठन को मान्यता देने की प्रक्रिया।

4क. मान्यता के लिए आवेदन

(1) क्रियाकलाप के किसी एक क्षेत्र में सलंग्न फर्म सक्षम प्राधिकरण, निरीक्षण प्राधिकरण, प्रख्यात सामग्री जांच प्रयोगशाला, प्रख्यात इस्पात निर्माता, प्रख्यात फाउंड्री/ फ़ोर्ज, प्रख्यात ट्यूब/ पाइप निर्माता और प्रख्यात शेष जीवनकाल मूल्यांकन संगठन के रूप में मान्यता के लिए सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को आवेदन प्रस्तुत करेगी।

(2) उप-विनियम (1) के तहत क्रियाकलाप के क्षेत्र में लागू प्रश्नावली फार्म (फार्म XV-क से XV-छ) में विधिवत् रूप से भरा हुआ आवेदन किया जाएगा अथवा इसे ऑनलाइन भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

(3) उप-विनियम (1) के तहत सक्षम प्राधिकरण और निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में मानय्ता हेतु आवेदन करने वाली फर्म के पास उस क्रियाकलाप के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव होना चाहिए जिसके लिए आवेदन किया गया है। इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार, प्रख्यात सामग्री जांच प्रयोगशाला, प्रख्यात इस्पात निर्माता, प्रख्यात फाउंड्री/ फ़ोर्ज, प्रख्यात ट्यूब/ पाइप निर्माता और प्रख्यात शेष जीवनकाल मूल्यांकन संगठन के रूप में मान्यता के लिए 2 वर्ष का अनुभव अपेक्षित होगा।

(4) प्रख्यात इस्पात निर्माता, प्रख्यात पाइप/ ट्यूब निर्माता, प्रख्यात फाउंड्री अथवा फ़ोर्ज के रूप में मान्यता प्राप्त करने की इच्छुक विदेश में स्थित फर्म के मामले में पूर्ण रूप से भरी हुई प्रश्नावली के साथ 10,000 अमरीकी डॉलर (दस हजार अमरीकी डॉलर मात्र) का शुल्क जमा कराना होगा ताकि इवैलुएशन कमेटी के दौरे के खर्च को पूरा किया जा सके।

बशर्ते कि, जहां फर्म के पास उसी देश में एक से ज्यादा विनिर्माण इकाई हैं, वहां 2,000 अमरीकी डॉलर (दो हजार अमरीकी डॉलर मात्र) प्रति अतिरिक्त इकाई की दर से अतिरिक्त शुल्क जमा कराना होगा।

(5) सक्षम प्राधिकरण और निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में मान्यता प्राप्त करने की इच्छुक विदेश में स्थित फर्म के मामले में पूर्ण रूप से भरी हुई प्रश्नावली के साथ 1,000 अमरीकी डॉलर (एक हजार अमरीकी डॉलर मात्र) का शुल्क जमा कराना होगा।

(6) भारत में उप-विनियम (1) के तहत मान्यता प्राप्त करने की इच्छुक फर्म के मामले में पूर्ण रूप से भरी हुई प्रश्नावली के साथ 15,000 रू (पंद्रह हजार रूपए मात्र) का शुल्क जमा कराना होगा तथा मान्यता के नवीकरण के लिए पूर्ण रूप से भरी हुई प्रश्नावली के साथ 10,000 रू (दस हजार रूपए मात्र) का शुल्क जमा कराना होगा।

(7) विदेश में विनिर्माण कार्य के मामले में इवैलुएशन कमेटी को शुल्क प्राप्त होने के नब्बे दिनों के भीतर तथा देश में विनिर्माण कार्य के मामले में साठ दिनों के भीतर विनिर्माण कार्य का मूल्यांकन करना होगा।

अप्रेजल कमेटी अथवा इवैलुएशन कमेटी, जैसा भी मामला हो, शुल्क प्राप्ति के साठ दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकरण अथवा निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में मान्यता के लिए आवदेन करने वाली फर्म के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन भी करेगी।

मान्यता का प्रमाण-पत्र इवैलुएशन कमेटी द्वारा संयंत्र के दौरे अथवा अप्रेजल कमेटी की बैठक, जैसा भी मामला हो, की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा। मान्यता के नवीकरण के मामले में, यदि इस विनियम के अनुसार अपेक्षित शुल्क के साथ नवीकरण के आवेदन प्राप्त होते हैं तो इन विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद फर्म को मान्यता दी जा सकती है तथा आगे पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।

4ख. इवैलुएशन कमेटी अथवा अप्रेजल कमेटी द्वारा आवेदनों की जांच

(1) सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में प्राप्त आवेदनों को छोड़कर विनियम 4क के उप-विनियम (1) के तहत प्राप्त सभी आवेदनों को विनियम 4क के उप-विनियम (2) के तहत प्रश्नावली के साथ इवैलुएशन कमेटी को भेजेंगे।

(2) निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में मान्यता के लिए प्रश्नावली के उत्तर सहित सभी आवेदन अप्रेजल कमेटी को अग्रेषित किये जाएंगे।

(3) इवैलुएशन समिति या अप्रेजल कमेटी, जैसा भी मामला हो, उप-विनियम (1) के तहत सभी आवेदनों तथा प्रश्नावली के उत्तरों की जांच करेगी तथा—

(i) जहां सक्षम प्राधिकरण अथवा निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में मान्यता के लिए आवेदन किया गया है, वहां इवैलुएशन कमेटी अथवा अप्रेजल कमेटी, जैसा भी मामला हो, (क) अतिरिक्त जानकारी, जो उक्त समिति द्वारा अपेक्षित है, के लिए उसके समक्ष स्पष्टीकरण देने हेतु किसी भी आवेदक को बुला सकती है; (ख) किसी आवेदक फर्म से लिखित रूप में विशेष अनुरोध प्राप्त होने पर अथवा किसी अप्रेजल कमेटी अथवा इवैलुएशन कमेटी द्वारा निर्णय किए जाने पर, उक्त फर्म के मूल्यांकन के लिए ऐसी फर्म को दौरा कर सकती है तथा इस प्रयोजन के लिए अप्रेजल कमेटी आवेदक फर्म के दौरे के लिए तीन सदस्यों को नियुक्त कर सकती है;

(ii) जहां प्रख्यात सामग्री जांच प्रयोगशाला, प्रख्यात इस्पात निर्माता, प्रख्यात फाउंड्री अथवा फार्ज, प्रख्यात ट्यूब/ पाइप निर्माता अथवा प्रख्यात शेष जीवनकाल मूल्यांकन संगठन के रूप में मान्यता के लिए आवेदन किया गया है, वहां इवैलुएशन कमेटी की गई जांच और विनिर्मित उत्पादों के कार्य निष्पादन की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए ऐसी सामग्री जांच प्रयोगशाला तथा शेष जीवनकाल मूल्यांकन संगठन की प्रयोगशालाओं अथवा ऐसे इस्पात निर्माताओं, फाउंड्री अथवा फार्ज तथा ट्यूब अथवा पाइप निर्माताओं के कारखानों का निरीक्षण करेगी जहां जांच और विनिर्माण क्रियाकलाप चलाए जा रहे हैं।

(4) इवैलुएशन कमेटी अथवा अप्रेजल कमेटी, जैसा भी मामला हो, इस बात से संतुष्ट होने के बाद कि विनियम 4(छ) और 4(ज) में विनिर्दिष्ट आवश्यकताएं पूरी की गई हैं, मान्यता देने अथवा अस्वीकार करने के संबंध में सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

4ग. सक्षम प्राधिकरण, निरीक्षण प्राधिकरणों आदि के रूप में फर्म को मान्यता

इवैलुएशन कमेटी अथवा अप्रेजल कमेटी, जैसा भी मामला हो, की रिपोर्ट की जांच करके सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड क्रियाकलाप के क्षेत्र में लागू फार्म (फार्म XVI-क से XVI-झ) में से किसी एक फर्म में आवेदक को मान्यता का प्रमाण-पत्र जारी कर सकते हैं।

बशर्ते कि यदि मान्यता को अस्वीकार किया जाता है तो आवेदक को इसका कारण बताते हुए लिखित रूप में सूचित करना होगा।

4घ. मान्यता प्रमाण-पत्र की वैधता

विनियम 4ग के तहत जारी मान्यता प्रमाण-पत्र पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा।

4ङ. मान्यता प्रमाण-पत्र का नवीकरण

(क) मान्यता प्रमाण-पत्र के नवीकरण की इच्छुक फर्म को प्रमाण-पत्र की वैधता समाप्त होने से कम-से-कम तीन महीने पहले सचिव, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड को ऐसे नवीकरण के लिए आवेदन करना होगा जो इन विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद मान्यता प्रमाण-पत्र का नवीकरण कर सकते हैं तथा ऐसा नवीकरण अगले पांच वर्ष की अवधि के लिए लागू होगा।

(ख) यद्यपि उप-विनियम (क) में कुछ भी निहित हो, वैधता की अवधि को उस समय तक बढ़ा हुआ माना जाएगा जब तक कि नवीकरण के निर्णय के बारे में फर्म को सूचित नहीं किया जाता।

4च. अपील

(1) यदि कोई फर्म मान्यता प्रदान न करने के लिए इवैलुएशन कमेटी अथवा अप्रेजल कमेटी द्वारा दिए कारणों से संतुष्ट नहीं है तो वह मान्यता प्रदान करने से अस्वीकार किए जाने के विरुद्ध अध्यक्ष, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड के समक्ष लिखित अपील दायर सकती है।

(2) उप-विनियम (1) के तहत अध्यक्ष, केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निर्णय केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड की बैठक में किया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

4छ. इवैलुएशन कमेटी के कार्य

(1) इवैलुएशन कमेटी इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसरण में, आवेदन करने वाली फर्म के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करेगी, विशेष रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में, नामत: -

(i) गुणवत्ता प्रणाली;

(ii) संगठन;

(iii) गुणवत्ता प्रणाली की समीक्षा;

(iv) प्रलेखीकरण-

(क) निरीक्षण और जांच प्रक्रियाएं;

(ख) रिकॉर्ड;

(ग) तकनीकी आंकड़े;

(v) निरीक्षण उपकरण;

(vi) खरीदी गई सामग्री अथवा सेवाओं का निरीक्षण-

(क) खरीद;

(ख) खरीद संबंधी आंकड़े;

(ग) निरीक्षण किए जाने वाले;

(घ) खरीदी गई सामग्री का सत्यापन;

(vii) जारी निरीक्षण;

(viii) कारीगरी;

(ix) सुधारात्मक कार्रवाई;

(x) पूरी हो चुकी मदों का निरीक्षण और जांच;

(xi) सैंपलिंग प्रक्रिया;

(xii) गैर-अनुरूप सामग्री का नियंत्रण;

(xiii) निरीक्षण स्थिति को दर्शाना;

(xiv) उत्पाद गुणवत्ता का सुरक्षा और संरक्षण –

(क) सामग्री का देखभाल;

(ख) भंडारण;

(ग) सुपुर्दगी;

(xv) प्रशिक्षण।

(2) सक्षम प्राधिकरण के रूप में मान्यता के लिए, इवैलुएशन कमेटी इन विनियमों के प्रवाधानों के अनुसरण में, सक्षम प्राधिकरण के रूप में मान्यता हेतु आवेदन करने वाली फर्म के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करेगी, विशेष रूप में निम्नलिखित क्षेत्रों में, नामत: -

(i) फर्म अथवा कंपनी पंजीकृत कंपनी होगी तथा एकल स्वामित्व वाली नहीं होगी। भारत में संचालन हेतु फर्म अथवा कंपनी भारत में भी पंजीकृत होगी;

(ii) सक्षम प्राधिकरण की ओर से अर्हक वेल्डर्स को प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए उत्तरदायी प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता सक्षम प्राधिकरण का कर्मचारी होगा तथा उसे वेल्डिंग के क्षेत्र में पांच वर्ष के अनुभव के साथ ही

इंजीनियर होना चाहिए जो मकैनिकल अथवा उत्पादन अथवा धातुकर्मी अथवा वेल्डिंग इंजीनियरिंग में डिग्री/ स्नातकोत्तर डिग्री अथवा रेडियोग्राफी तकनीकों में स्तर-II के प्रमाण-पत्र धारक होना चाहिए।

(iii) फर्म अथवा कंपनी के पास निम्नलिखित सुविधाओं से युक्त कार्यशाला होगी:

(क) नमूनों की वेल्डिंग करने के लिए इलेक्ट्रिक वेल्डिंग सेट;

(ख) प्री-हीटिंग सुविधाएं;

(ग) वेल्डिंग के लिए प्लेटफार्म्स;

(घ) निम्नलिखित आंतरिक जांच मशीनें:

(i) यूनीवर्सल टेस्टिंग मशीन;

(ii) एनडीटी- डाई पेनिट्रेशन टेस्ट;

(iii) नमूने तैयार करने के लिए मशीनें;

(iv) कठोरता मापक (वैकल्पिक);

(ड.) डियोग्राफी, सूक्ष्म व स्थूल जांच अनुमोदित एजेंसियों को आउटसोर्स हेतु भेजी जा सकती है।

नोट: भारत में संचालन हेतु, उपर्युक्त सुविधाओं से युक्त कार्यशाला भारत में भी उपलब्ध होगी;

(iv) फर्म अथवा कंपनी को इन विनियमों के तहत वेल्डर्स की परीक्षा की आवश्यकताओं का पता होगा।

(v) निरीक्षण प्राधिकरण वेल्डर्स के आंतरिक सत्यापन के लिए सक्षम प्राधिकरण के रूप में भी कार्य कर सकता है तथा इस प्रयोजन के लिए ऐसी बाहरी एजेंसी की सुविधा की ला सकती है जो वेल्डर्स के आंतरिक सत्यापन के लिए वेल्ड नमूनों के परीक्षण हेतु उपर्युक्त सुविधाओं से युक्त हो, बशर्ते कि इसमें उपर्युक्त मद (ii) में यथा उल्लिखित प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता रोजगाररत हो।

(3) शेष जीवनकाल मूल्यांकन संगठन (आरएलएओ) के रूप में मान्यता के लिए, इवैलुएशन कमेटी इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसरण में, आरएलएओ के रूप में मान्यता हेतु आवेदन करने वाली फर्म या कंपनी के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करेगी, विशेष रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में, नामत: -

(क) 120 कि.ग्रा./ वर्ग सें.मी. प्रेशर से अधिक पर संचालित बॉयलर्स का शेष जीवनकाल मूल्यांकन (आरएलए) करने के लिए –

(i) बॉयलर डिजाइन, विनिर्माण के जानकारी तथा बॉयलर के संचालन और रख-रखाव, सामग्री, कोड और मानकों की क्षेत्र जानकारी;

(ii) प्रेशर पुर्जे घटक के जीवनकाल का मूल्यांकन करने के लिए असफलता विश्लेषण, तनाव विश्लेषण में विशेषज्ञता;

(iii) धातुकर्म, गैर-विध्वंसक जांच (एनडीटी) तथा अन्य आरएलए मूल्यांकन तकनीको में विशेषज्ञता;

(iv) आंतरिक ऑक्साइड मोटाई (आईओटी) माप तथा विश्लेषणात्मक क्षमताएं;

(v) फर्म अथवा कंपनी के पास निम्नलिखित होंगे –

(क) राष्ट्रीय जांच और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा प्रत्यायित प्रयोगशाला जिसमें सैंपल ट्यूब, डिपोजिट की जांच के लिए इस क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञ और आवश्यक उपकरण अथवा साधन शामिल होंगे;

(ख) वॉटर वॉल (डब्ल्यूडब्ल्यू) डिपॉजिट्स और विलयन चयन के विश्लेषण के विशेषज्ञों वाली प्रयोगशाला जिनमें बॉयलरों की रसायनिक सफाई के लिए दिशानिर्देश जारी करने की क्षमता हो;

(ग) पात्र गैर-विध्वंसक परीक्षण (एनडीटी) कार्मिकों के साथ गैर-विध्वंसक परीक्षण (एनडीटी) प्रयोगशाला;

(घ) भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 के विनियम 272 के अनुसार आरएलए परीक्षण करने के लिए स्थल पर कार्य करने हेतु कुशल और अनुभवी श्रमशक्ति;

(ड.) भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 के विनियम 272 में यथा निर्धारित बॉयलर के आरएलए अध्ययन के लिए अपेक्षित सभी मापन और परीक्षण उपकरण; और

(च) निरीक्षण प्राधिकरण के अंतर्गत कम-से-कम पांच आरएलए अध्ययनों का अनुभव।

(ख) 120 कि.ग्रा./वर्ग सें.मी. प्रेशर तक संचालित बॉयलर का शेष कार्य अवधि मूल्यांकन (आरएलए) करने के लिए –

(i) बॉयलर डिजाइन, विनिर्माण के जानकारी तथा बॉयलर के संचालन और रख-रखाव, सामग्री, कोड और मानकों की क्षेत्र जानकारी;

(ii) प्रेशर पुर्जे घटक के जीवनकाल का मूल्यांकन करने के लिए असफलता विश्लेषण, तनाव विश्लेषण की जानकारी;

(iii) धातुकर्म, गैर-विध्वंसक जांच (एनडीटी) तथा अन्य आरएलए मूल्यांकन तकनीकों की जानकारी;

(iv) आंतरिक ऑक्साइड मोटाई (आईओटी) माप तथा विश्लेषणात्मक क्षमताएं;

(v) फर्म अथवा कंपनी के पास निम्नलिखित होंगे –

(क) राष्ट्रीय जांच और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा प्रत्यायित प्रयोगशाला जिसमें सैंपल ट्यूब, डिपोजिट की जांच के लिए इस क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञ और आवश्यक उपकरण अथवा साधन शामिल होंगे (इन्हें आउटसोर्स भी किया जा सकता है);

(ख) वॉटर वॉल (डब्ल्यूडब्ल्यू) डिपॉजिट्स और विलयन चयन के विश्लेषण के विशेषज्ञों वाली प्रयोगशाला जिनमें बॉयलरों की रसायनिक सफाई के लिए दिशानिर्देश जारी करने की क्षमता हो(इन्हें आउटसोर्स भी किया जा सकता है);

(ग) पात्र गैर-विध्वंसक परीक्षण (एनडीटी) कार्मिकों के साथ गैर-विध्वंसक परीक्षण (एनडीटी) प्रयोगशाला;

(घ) भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 के विनियम 272 के अनुसार आरएलए परीक्षण करने के लिए स्थल पर कार्य करने हेतु कुशल और अनुभवी श्रमशक्ति;

(ड.) भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 के विनियम 272 में यथा निर्धारित बॉयलर के आरएलए अध्ययन के लिए अपेक्षित सभी मापन और परीक्षण उपकरण; और

(च) निरीक्षण प्राधिकरण के अंतर्गत कम-से-कम पांच आरएलए अध्ययनों का अनुभव।

4ज. अप्रेजल कमेटी के कार्य

अप्रेजल कमेटी इन विनियममों के प्रावधानों के अनुसरण में निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में मान्यता के लिए आवेदन करने वाली फर्म के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करेगी, विशेष रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में, नामत:

(i) फर्म अथवा कंपनी एक पंजीकृत कंपनी होगी तथा भारत में अपने संचालन के लिए यह कंपनी भारत में पंजीकृत होनी चाहिए;

स्पष्टीकरण- इस विनियम के प्रयोजन के लिए एतद्वारा यह घोषणा की जाती है कि एकल स्वामित्व वाली फर्म निरीक्षण प्राधिकरण के रूप में मान्यता के लिए आवेदन करने हेतु पात्र नहीं है;

(ii) फर्म अथवा कंपनी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कोड तथा मानकों के तहत निरीक्षण, सत्यापन एवं संबद्ध क्रिया-कलापों के अतिरिक्त किसी अन्य वाणिज्यिक गतिविधि में शामिल नहीं होगी;

(iii) फर्म अथवा कंपनी के पास आंतरिक डिजाइन और आरेख निरीक्षण कार्यालय होगा तथा भारत में संचालन के लिए आंतरिक डिजाइन और आरेख निरीक्षण कार्यालय भारत में स्थित होना चाहिए।

(iv) फर्म अथवा कंपनी के पास अपने कार्यालय में विभिन्न कोड होंगे तथा बॉयलर अधिनियम, 1923 और भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कोड्स की जानकारी होगी;

(v) फर्म अथवा कंपनी सक्षम व्यक्तियों को नियुक्त करेगी जिनके पास भारत में कार्य करने के लिए केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड प्राधिकार कार्ड होगा;

(vi) फर्म अथवा कंपनी के पास गुणवत्ता कार्यक्रम के दस्तावेज होंगे जिसे भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 के अनुसार निरीक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने करने लिए स्थापित किया गया है तथा उसका रख-रखाव किया जाता है;

(vii) फर्म अथवा कंपनी के पास बॉयलर के निरीक्षण और सत्यापन के लिए अपनी संगठन में कार्यरत प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का जीवन-वृत्त (सीवी) होगा;

(viii) फर्म अथवा कंपनी के पास सक्षम व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

4झ. सक्षम व्यक्ति की मान्यता के लिए प्रक्रिया

(1) प्रस्तावना

(क) यह विनियम एकसमान अर्हता, जांच, सक्षम व्यक्ति के रूप में केंद्रीय बॉयलर बोर्ड प्रमाणन जारी करने तथा नवीकरण करने की आवश्यकता की व्यवस्था करता है;

(ख) इन आवश्यकताओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थी केंद्रीय बॉयलर बोर्ड प्रमाणन जारी करने के लिए पात्र हो सकते हैं;

(ग) बॉयलर अधिनियम के तहत सक्षम व्यक्ति को विनिर्माण, निर्माण, प्रचालन और रखरखाव के दौरान पूरे भारत में बॉयलर्स के निरीक्षण और सत्यापन की अनुमति दी जा सकती है।

(2) न्यूनतम अर्हता और अनुभव:-

(क) मान्यता प्राप्त संस्थान से मकैनिकल इंजीनियरिंग अथवा उत्पादन अथवा विद्युत संयंत्र अथवा धातुकर्मीय इंजीनियरिंग में स्नातक हो;

(ख) बॉयलर्स से संबंधित निम्नलिखित क्षेत्रों में अकेले या समग्र रूप से कम-से-कम पांच वर्ष का अनुभव:-

(i) डिजाइन;

(ii) विनिर्माण;

(iii) कमीशन;

(iv) प्रचालन और रखरखाव;

(v) विनिर्माण अथवा प्रचालन और रखरखाव के दौरान निरीक्षण तथा सत्यापन;

(vi) उच्च दबाव वाला वेल्डिंग निरीक्षण;

(ग) इंडियन सोसायटी फॉर नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग (आईएसएनटी) अथवा रेडियोग्राफी और अल्ट्रासॉनिक टेस्टिंग में गैर-विध्वंसक तरीकों में आईएसएनटी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य पेशेवर निकाय से श्रेणी-II का एनडीटी प्रमाण-पत्र।

(3) केंद्रीय बॉयलर बोर्ड परीक्षा प्रक्रिया

(i) केंद्रीय बॉयलर्स बोर्ड स्थायी परीक्षा समिति अथवा इसके द्वारा प्राधिकृत एजेंसी अथवा क्षेत्रीय स्थायी परीक्षा समिति द्वारा निम्नलिखित तरीकों से परीक्षा आयोजित की जाएगी, नामत:-

(क) लिखित परीक्षा में बॉयलर का डिजाइन, विनिर्माण, प्रचालन और अनुरक्षण, गैर-विध्वंसक परीक्षण तकनीकें, भारतीय बॉयलर विनियमों के अनुसार विनिर्माण के दौरान बॉयलर्स का निरीक्षण और प्रमाणीकरण तथा उसका उपयोग अंतर्विष्ट होगा (70 प्रतिशत भारिता);

(ख) मौखिक परीक्षा हेतु अर्हता के लिए अभ्यर्थी को प्रत्येक लिखित परीक्षा में 45 प्रतिशत और कुल मिलाकर कम-से-कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे;

(ग) उपर्युक्त से संबंधित मौखिक परीक्षा (30 प्रतिशत भारिता);

(घ) अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए, उसके कुल प्राप्तांक का कम से कम 60 प्रतिशत होना चाहिए (लिखित परीक्षा की भारिता 70 प्रतिशत होगी और मौखिक परीक्षा की भारिता 30 प्रतिशत होनी चाहिए)

(ङ) केंद्रीय बॉयलर्स बोर्ड, परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अभ्यर्थी को उत्तीर्ण श्रेणी का प्रमाण-पत्र जारी करेगा।";

(ii) केंद्रीय बॉयलर बोर्ड परीक्षा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए केंद्रीय बॉयलर बोर्ड स्थायी परीक्षा समिति द्वारा ऐसे स्थान और समय पर उपलब्ध कराए गए प्रारूप में आवेदन किया जाएगा जैसा कि केंद्रीय बॉयलर बोर्ड स्थायी परीक्षा समिति अथवा इसके द्वारा प्राधिकृत एजेंसी अथवा क्षेत्रीय स्थायी परीक्षा समिति द्वारा निर्णय किया गया हो।

(4) केंद्रीय बॉयलर बोर्ड प्राधिकार प्रक्रिया

(i) सक्षम व्यक्ति को हितों में टकराव के बिना कार्य करना होगा;

(ii) केंद्रीय बॉयलर बोर्ड प्रमाणन के लिए एक आवेदक को निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, नामत: -

(क) आवेदक केंद्रीय बॉयलर बोर्ड से मान्यता प्राप्त निरीक्षण प्राधिकरण का नियमित कर्मचारी अथवा उसके द्वारा कार्यरत व्यक्ति होगा:

बशर्ते कि बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 8 के तहत इस्तेमाल के दौरान बॉयलर के निरीक्षण और सत्यापन के लिए आवेदक केंद्रीय बॉयलर बोर्ड से मान्यता प्राप्त निरीक्षण प्राधिकरण में कार्य किए बिना भी स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता है;

(ख) आवेदक को इस विनियम के उप-विनियम 2 में यथा संदर्भित न्यूनतम अर्हताओं और अनुभव संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा;

(ग) आवेदक को इस विनियम के उप-विनियम 3 में यथा संदर्भित केंद्रीय बॉयलर बोर्ड परीक्षा में भाग लेना और तथा उसे पास करना होगा;

(घ) आवेदक को केंद्रीय बॉयलर बोर्ड परीक्षा पास करने के तीन वर्ष के भीतर प्राधिकार हेतु आवेदन करना होगा तथा यदि किसी व्यक्ति का प्राधिकार तीन वर्ष की अवधि के भीतर जारी नहीं किया जाता है तो उसके लिए केंद्रीय बॉयलर बोर्ड परीक्षा में भाग लेना और पास करने योग्य श्रेणी प्राप्त करना अपेक्षित होगा; तथा

(ड.) सक्षम व्यक्ति के लिए अधिकतम आयु पैंसठ वर्ष होगी बशर्ते कि व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा हो;

(iii) (क) जब आवेदक उप-विनियम 4 के खंड (ii) में दिये अनुसार और आवेदक के नियोक्ता के अनुरोध पर पात्रता अपेक्षाओं को पूरा करता है; केंद्रीय बॉयलर बोर्ड प्राधिकार पत्र और एक प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा:

बशर्ते कि बॉयलर अधिनियम, 1923 कि धारा 8 के अंतर्गत उपयोग के दौरान सिर्फ बॉयलर के निरीक्षण और प्रमाणन के लिए आवेदक द्वारा प्राधिकार पत्र हेतु अनुरोध किया जा सकता है;

(ख) प्राधिकार के लिए आवेदन केंद्रीय बॉयलर बोर्ड से प्राप्त फॉर्म में किया जाएगा; और

(ग) सक्षम व्यक्ति के पास सिर्फ एक वैध प्राधिकार पत्र होना चाहिए।

(iv)

(क) प्राधिकार प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की तारीख से तीन वर्ष अथवा निरीक्षण प्राधिकरण की नियुक्ति की मान्यता अवधि तक, (जहां लागू हो) जो भी पहले हो, वैध होगा;

(ख) विनिर्माण और निर्माण के दौरान बॉयलर्स का निरीक्षण और सत्यापन करने के लिए सक्षम व्यक्ति केंद्रीय बॉयलर बोर्ड से मान्यता प्राप्त निरीक्षण प्राधिकरण में नियमित रूप से कार्यरत हो, जिसके न होने पर प्राधिकार रद्द हो जाएगा;

(ग) सक्षम व्यक्ति द्वारा कार्य छोड़ने पर केंद्रीय बॉयलर बोर्ड प्राधिकार कार्ड निरीक्षण प्राधिकरण द्वारा कार्य छोड़ने की तारीख से सात दिनों के भीतर सचिव, केंद्रीय बॉयलर बोर्ड को लौटाया जाएगा;

(घ) सक्षम व्यक्ति के नियोजक द्वारा नवीकरण का अनुरोध किया जाएगा तथा अनुरोध में यह सत्यापित किया जाएगा कि निरीक्षण क्रियाकलाप करके अथवा उनका पर्यवेक्षण करके सक्षम व्यक्ति ने निरीक्षण कुशलता बनाए रखी है तथा उस व्यक्ति इस उप-विनियम के खंड (च) में यथा निर्धारित अद्यतन आवश्यकताओं को लगातार पूरा किया है;

(ख) सुरक्षा वॉल्वों के मामलें में इनलेट फ्लैंग्ज की ड्रिलिंग, मोटाई तथा बोल्टिंग के लिए उपयुक्त दबाव और सामग्री तथा अपनाए गए फ्लैंग्ज के व्यास को तालिका के अनुरूप होना चाहिए। आउटलेट फ्लैंग्ज के मामले के लिए गए दबाव से वाल्व के आउटलेट साइड पर दबाव पड़ना चाहिए।

(ग) ब्लो डाउन और स्कम पाइप फिटिंग्स के लिए फ्लेंजों के विषय में जानकारी का निर्धारण करने के उद्देश्य से, फिटिंग्स के डिजाइन दबाव को बॉयलर के डिजाइन दबाव के रूप में माना जाना चाहिए।

(घ) सभी फ्लेजों के फेस, स्पाट फेस मशीनीकृत होने चाहिए अथवा पिछले भाग पर मशीनीकृत होने चाहिए और वॉल्व छिद्रों का वेधन किया जाना चाहिए।

165. वॉल्व सिटिंग

जहां अलग से सीट्स लगाए जाते है, वहां उन्हें कार्यकुशल तरीके से लगाया जाना चाहिए। प्रत्येक मामले में ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे की वॉल्व को उनके गाइड से अलग होने देने से बचा जा सके।

166. चेस्ट इत्यादि सामान्य:

(क) सभी चेस्ट और फिटिंग्स समतल आकार वाले, ठोस और दोषों, दरारों या अन्य हानिकारक त्रुटियों रहित होने चाहिए और इसे पूरा करने के पश्चात चेस्ट के बॉल्व की अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव के लिए कम से कम एक और कभी–कभी एक से कम बार हाइड्रालिक्ली जांच की जानी चाहिए, जिनके लिए उनका उपयोग किया जाता है।

हाइड्रालिक जांच जल से की जानी चाहिए जिसमें केरोसिन वाले कोरोसिन इनहीबीटर शामिल हो सकते है अथवा अन्य उपयुक्त द्रव का प्रावधान होना चाहिए जिसकी विस्कोसिटी जल से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसका जांच तापमान 52°C से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(ख) वॉल्वों को सीमलेस स्टील पाइपों से निर्मित्त किया जाए जिसके लिए दबाव 17.6 केजी/ सीएम2 (जी) और तामपान 426°C से अधिक नहीं होना चाहिए। वेल्डिंग विनियमन 72 के अनुरूप होना चाहिए और निर्माण के पश्चात् वॉल्व चेस्ट को दबाव मुक्त किया जाना चाहिए। पाइप कार्य में उपयोग किए जाने वाले वाल्वों को सीमलेस स्टील पाइपों से वेल्डिंग द्वारा निर्मित किया जा सकता है, परंतु उपर्युक्त संबंधित दबाव और तापमान पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और इन्हें इन विनियमनों के अध्याय-4 में विनिर्दिष्ट वेल्ड के दबाव मुक्त और रेडियो-ग्राफिक निरीक्षण जैसे फ्यूजन वेल्डिंग से संबंद्ध सभी आवश्यकताओं के अनुरूप लागू किया जाएगा ।

चेस्टों के लिए अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव का निर्धारण समीकरण (VII/3) से किया जाना चाहिए, जहां '2fE' को '1.8xf' से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ।

(ग) ब्रांज और कास्ट आयरन वाल्व चेस्ट की अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव और मोटाई का निर्धारण निम्नलिखित सूत्र से किया जाना चाहिए, जो विनिमयन 159 (ख) में विनिर्दिष्ट न्यूनतम मोटाई के अध्यधीन होगी।

$$P = \frac{R \times (T - C)}{4.5 \times D}$$ **समीकरण (**V/1)

$$T = \frac{4.5 \times P \times D}{R} + C$$ **समीकरण (**V/1A)

जहाँ

P अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव है

R सामग्री के ग्रेड की न्यूनतम विनिर्दिष्ट तन्यता क्षमता है,

D चेस्ट का बाहरी व्यास है

T वहन क्षमता को छोडकर चेस्ट की न्यनूतम मोटाई और

C न्यूनतम सकारात्मक वहन क्षमता है, जैसाकि नीचे विनिर्दिष्ट है:

ब्रांज चेस्ट हेतु C = 1.5 एमएम

कास्ट आयरन चेस्ट हेतु C = 5 एमएम

(घ) सर्कुलर क्राश-सेक्शन के स्टील वॉल्व चेस्टों की अधितकम अनुमत कार्यशील दबाव और मोटाई का निर्धारण निम्नलिखित सूत्र से किया जाना चाहिए, अर्थात्:-

$$P = \frac{2f (T - C)}{D - T + C}$$ समीकरण (V/2)

$$T = \frac{P \times D}{2f + P} + C$$ समीकरण (V/2A)

जहां,

P का अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव Kg/cm^2 (g) में है

F= अधिकतम अनुमत दबाव जैसाकि ऐसी सामग्री से संबंध रखने वाले देश के शासी कोड में उपलब्ध है जो Kg/मिमी^{2} से संबंध रखता है। मान की अनुपलब्धता के मामले में अनुमत दबाव मान का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित प्रणाली अपनायी जानी चाहिए

454°C तापमान अथवा उससे कम तापमान के लिए निम्नलिखित दो मान:-

$$f = \frac{E_t}{1.5} \qquad f = \frac{R}{2.7}$$

454°C से अधिक तापमान के लिए निम्नलिखित तीन मान -

$$(a)\ f = \frac{E_t}{1.5} \qquad (b)\ f = \frac{S_r}{1.5} \qquad (c)\ f = S_c$$

E_t = तापमान 't' पर यील्ड प्वांइट (0.2 प्रतिशत प्रूफ स्ट्रेस) का न्यूनतम मान

R = सामान्य तापमान पर कंसर्ड स्टील के ग्रेड के लिए न्यूनतम विनिर्दिष्ट तन्यता क्षमता

S_r = 100,000 घंटों में रप्चर लाने के लिए कंसर्ड स्टील के ग्रेड हेतु औसत दबाव।

यदि स्कैटर बैंड की चौड़ाई का औसत वैल्यू 20 प्रतिशत से अधिक निर्धारित कर परिणाम निकाला जाता है, तब एसआर को 100,000 घटों में रेप्चर लाने के लिए तापमान 't' में न्यूनतम दबाव डालने के लिए 1.25 बार लेना चाहिए ।

S_c = तापमान 't' में 100,000 घटों में 1 प्रतिशत वाले स्टील कंसर्ड के ग्रेड के लिए औसत इलॉनगेशन (क्रीप) लाने के लिए औसत दबाव । धातु के लिए तापमान 't' 250°C से कम और मान 'F' के लिए 250°C का उपयोग किया जाना चाहिए।

नोट: ऐसे मामले में जहां सामग्री के लिए मानक उपलब्ध नहीं है और ऐसी सामग्रियों का उपयोग भारत अथवा विदेशों के बॉयलर में किया जाता है, तब ऐसी सामग्रियों के लिए अनुमत दबाव निम्नतर होगा

$$\frac{Et}{1.5} \quad \text{अथवा} \quad \frac{S_r}{1.5}$$

नोट: कास्ट स्टील के लिए अनुमत दबाव 80 प्रतिशत होना चाहिए जिसका निर्धारण उपर्युक्त आधार पर किया जाना चाहिए

D = चेस्ट का बाहरी व्यास

T = न्यूनतम सकारात्मक वहनीयता जैसा कि नीचे विनिर्दिष्ट है;

कास्ट स्टील चेस्ट C हेतु = 5 एमएम

फोजर्ड अथवा स्टेनलेस चेस्ट C हेतु =2.5 एमएम

नोट: निरीक्षण प्राधिकारी को संतुष्ट करने के लिए विनिर्माताओं द्वारा सर्कुलर और दबाव सांद्र को छोड़कर संगठित दबावों, वॉल्व को बंद करने के लिए लगाए जाने वाले दबाव के लिए अपेक्षित अधिक चौड़ाई, मोटाई का आकलन करने का प्रावधान किया जाना चाहिए ।

(ङ) वॉल्वों और फिटिंग्स की संख्या जिसे सक्षम व्यक्ति (मैकेनिकल जांचों को छोड़कर) को उपलब्ध कराया जाना चाहिए, निम्नानुसार होनी चाहिए :-

51 एमएम तक और उसे शामिल करते हुए 10 प्रतिशत

51 एमएम से ऊपर और उस तक तथा 76 एमएम चेस्टों की संख्या का को शामिल करते हुए - चेस्टों की संख्या का 15%

76 एमएम से ऊपर और उस तक तथा एमएस को शामिल करते हुए114 -चेस्टों की संख्या का 20%

114 एमएम से ऊपर 100%

यदि निरीक्षण प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो जाते है कि निर्माता के पास जांच के लिए पर्याप्त सुविधाएं है और 10.5 kg/cm2(g) से अधिक अथवा 204°C से अधिक तापमान वाले सर्विस दबाव के लिए अभिस्ट वाल्व का निरीक्षण किया जाता है तथा वास्तव में प्रत्येक फिटिंग उचित स्थान पर होती है, तब ऐसे मामले में निरीक्षण अधिकारी अपने विवेकाधिकार से नमूने के आधार पर जांच कर सकता है।

(च) गोलाकार क्रास सेक्शन के स्टील वॉल्व चेस्ट का अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव और न्यूनतम मोटाई निम्नलिखित सूत्र द्वारा निर्धारित की जानी चाहिए, नामतः

$$P = \frac{4f(T-C)}{D-0.8(T-C)} \qquad \text{समीकरण(V/3)}$$

$$T = \frac{PxD}{4f+0.8P} + C \qquad \text{समीकरण(V/3A)}$$

जहां,

P= अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव

T= चेस्ट की न्यूनतम मोटाई

D= चेस्ट का बाहरी व्यास

f= उपर्युक्त खंड (घ) में दी गई व्याख्या के आधार पर सामग्री के लिए अनुमत दबाव निर्धारित की जाएगी।

C = न्यूनतम सकारात्मक वहनीयता जैसाकि नीचे विनिर्दिष्ट है:

कास्ट स्टील चेस्ट C के लिए = 5 एमएम

फोर्जड अथवा स्टेनलेस स्टील चेस्ट C के लिए = 2.5 एमएम

5.3 सुरक्षा वॉल्वों के लिए विशेष आवश्यकताएं

167. सामान्य

सामान्य, ऊपर की ओर उठने वाले तथा पूरे उठने वाले सुरक्षा वॉल्वों को ऐसे तरीके से बनाया जाना चाहिए जिससे कि इसके किसी भी भाग में टूट-फूट होने पर बॉयलर से आनेवाले वाष्प को बाहर निकलने में कोई कठिनाई न आए और बॉयलर से वाष्प अच्छे तरीके से बाहर निकलें ।

168. सुरक्षा वॉल्वों को ऊपर उठाना

(क) सामान्य तरीके से सुरक्षा वॉल्वों को ऊपर उठाना- ऐसा सुरक्षा वॉल्व जिसमें निर्धारित दबाव के 10% से अधिक का अतिरिक्त दबाव नहीं लगाया जाता है, में कम से कम डी/24 की दूरी से वॉल्व का ऊपरी हिस्सा स्वचालित तरीके से ऊपर उठता है। यहाँ ऐसा कोई मैकेनिकल नियंत्रण नहीं होगा, जो वॉल्व के ऊपरी हिस्से को कम से कम डी/8 की दूरी से ऊपर उठाने से रोकेंगा। डी सीट् के ऊपरी भाग का न्यूनतम बोर है।

(ख) ऊपर की ओर उठने वाले सुरक्षा वॉल्व – ऐसे सुरक्षा वॉल्व जिनमें कम से कम डी/12 की दूरी पर भी स्थित होने पर वॉल्व को ऊपरी सिरा निर्धारित दबाव के 10% से भी अधिक दबाव न डालने पर खुल सकता है। ऐसे मामले में इसे मेक्निकल तरीके से बंद नहीं किया जाना चाहिए जिससे कम से कम डी/8 की दूरी से वॉल्व के ऊपरी सिरे को खोलने से बचा जा सकता है। जहाँ डी बॉडी सीट का न्यूनतम बोर है।

(ग) पूर्णत: ऊपर की ओर उठने वाले वॉल्व – ऐसे सुरक्षा वॉल्व जिसमें बाहर की ओर निकलने वाले वाष्प के किसी भाग अथवा आवरण सीट के नीचे का न्यूनतम क्षेत्र 100% और 80% के बीच स्थित वॉल्वों के जरिए फ्लो सीमा निर्धारित की जाती है और इससे वॉल्वों का ऊपरी भाग स्वचालित तरीके से ऊपर उठाया जाता है। इस उठाने की प्रक्रिया को निर्धारित दबाव के 5% का अतिरिक्त दबाव नहीं लगाकर भी तेजी से खोला जा सकता है।

169. न्यूनतम संपूर्ण क्षेत्र

(क) सुरक्षा वॉल्वों की निकास क्षमता

(क) संतृप्त वाष्प – सुरक्षा वॉल्व की रेटिड निकास क्षमता जो संतृप्त वाष्प का निकास करती है, की गणना निम्नलिखित समीकरण का उपयोग करके किया जाना चाहिए

$$E = CAP \qquad \text{समीकरण (v/4)}$$

जहां,

E = संतृप्त वाष्प (KG/H) की रेटिड निकास क्षमता है।

P = बॉयलर (बार एब्सोल्यूट) के मुहाने पर लगे किसी भी सुरक्षा वॉल्व पर लगाया जाने वाला उच्चतम दबाव है।

A = क्षेत्र (मिमी^{2}) है।

सामान्य तौर और अधिक ऊपर उठाए जाने वाले सुरक्षा वॉल्व के लिए, A बॉडी सीट का न्यूनतम बोर वाला क्षेत्र है। पूर्णत: सुरक्षा वॉल्व को उठाने के लिए ए निकास का वह क्षेत्र है जो विनियमन 168 के खंड (ग) में विनिर्दिष्ट है और इसका मान केवल सुरक्षा वॉल्व में विनिर्दिष्ट है और इसका मान केवल सुरक्षा वॉल्व विनिर्माताओं से प्राप्त किया जा सकता है। C निम्नलिखित तालिका से लिया गया स्थिर मान है जो वॉल्व के विभिन्न प्रकार के अनुसार होता है अथवा जो परिष्टि-I के अनुसार की गई जांचों के द्वारा स्थापित की जाती है।

तालिका V/2

वॉल्व के प्रकार	C का स्थिर मान
सामान्य रूप से उठाने के लिए	0.05
अधिक ऊँचा उठाने के लिए	0.10
पूर्णत: उठाने के लिए	0.24

(ख) **अति तप्त वाष्प-** सुरक्षा वॉल्व की रेटिड निकास क्षमता जो अति तप्त वाष्प का निकास करेगी, का आकलन निम्नलिखित समीकरण का उपयोग करके किया जाना चाहिए :-

$$E_s = \frac{E}{\sqrt{\frac{1 + 2.7\ T_s}{1000}}}$$ **समीकरण**(V/4A)

जहां,

E_s = अति तप्त वाष्प (kg/h) की रेटिड निकास क्षमता है।

E= समीकरण (v/4) (kg/h) का उपयोग करके संतृप्त वाष्प की रेटिड निकास क्षमता का आकलन किया जाता है।

T_s = अति तप्त (0°C) की डिग्री है।

समीकरण (v/4A) का उपयोग अति संवेदनशील वाष्प दबाव में सुरक्षा वॉल्वों की रेटिड निकास का निर्धारण करने के लिए किया जा सकता है। ऐसे मामलों में वाष्प का संतृप्त तापमान 375°C लिया जाना चाहिए।

(ग) बॉयलर के कुल पीक लोड वाष्पीकरण का आकलन तप्त सतह (विशिष्ट सुपर हीटर और अवाष्पशील इकोनोमाइजर) जिसकी वाष्पशील क्षमता 30 kg/hr/m2 से अधिक नहीं होगी, के आधार पर की जानी चाहिए। वेस्टहीट बॉयलरों के मामले में, जहां तप्त सतह की प्रति वर्ग मीटर वाष्पशील क्षमता 30 किग्रा से कम होगी, उसे ही विनिर्मात्ताओं द्वारा प्रमाणित किया जाता है। अपेक्षित सुरक्षा वॉल्वों की न्यूनतम संख्या का आकलन बॉयलर की वास्तविक अधिकतम वाष्पशील क्षमता के आधार पर किया जा सकता है।

170. सुरक्षा वॉल्वों पर अतिरिक्त दबाव

सुरक्षा वॉल्वों को इस प्रकार से डिजाइन किया जाना चाहिए ताकि उनकी निकास क्षमता 168 में दिए गए अतिरिक्त दबाव से अधिक के रेटिड निकास क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके बशर्ते के ऐसे सुरक्षा सुरक्षा वॉल्व जिनकी निकास क्षमता के 80 प्रतिशत से कम है, डिजाइन लिफ्ट पर दिया जाने वाला अतिरिक्त दबाव निर्धारित दबाव के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। ऐसे सुरक्षा वॉल्व जिनका निकास क्षेत्र बहाव क्षेत्र के 80 प्रतिशत से अधिक है, अतिरिक्त दबाव जिससे कि डिजाइन लिफ्ट को निर्धारित दबाव के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

171. प्रेशर ड्राप (ब्लो डाउन)

सुरक्षा वॉल्वों को कम से कम 2.5% से कम दबाव डालकर उसे पुन: लगाया जाना चाहिए, लेकिन ऐसा दबाव सुरक्षा वॉल्वों के लिए निर्धारित दबाव के 5% से अधिक नहीं होना चाहिए। 25KG/CM^2 तक के निर्धारित दबावों के लिए 5% की सीमा को बढ़ा कर 6% तक किया जा सकता है।

172. सुरक्षा वॉल्वों की माउंटिंग

(क) सुरक्षा वॉल्वों पर ऐसे पैड्स अथवा ब्रांचों लगाया जाना चाहिए, जिनका उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जाता है और जिनमें कोई इंटरवेनिंग वॉल्व नहीं लगे होते। वॉल्व का एक्सिस लम्बवत् रूप से खड़ा होना चाहिए। प्रत्येक पैड् अथवा ब्रांच के बोर का क्रास-सेक्शनल एरिया सुरक्षा वॉल्व के इनलेट में स्थित एरिया के बराबर होना चाहिए अथवा जहाँ दो या दो से अधिक सुरक्षा वॉल्व समान पैड अथवा ब्रांच से जुड़े होते है तो ऐसे मामले में सभी सुरक्षा वॉल्वों के इनलेट बोर्स को कम से कम उन क्षेत्रों के बराबर होना चाहिए।

(ख) यथा संभव ब्रांचों को छोटा होना चाहिए ताकि सुरक्षा वॉल्वों को ठीक तरीके से काम करने में बाधा उत्पन्न न हो अथवा ब्रांच के वे बिंदु जो बॉयलर से जुड़े होते है उस पर कोई अतिरिक्त दबाव न पड़े। बॉल्व तक जाने वाली मार्ग में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। विशेषत: ऐसे ब्रांच पर जिन पर पूर्णत: उठाए जा सकने वाले सुरक्षा वॉल्वों को लगाया जाता है, तब ऐसे ब्रांचों के इनलेट गोलाकार आकार के होने चाहिए। अपनाए गए फ्लेजों के व्यास हेतु परिशिष्ट ई में दी गई तालिका के अनुसार इनलेट और आउटलेट फ्लैंग्ज का वेधन किया जाना चाहिए।

173. ओपनिंग इन शैल

सुरक्षा वॉल्वों से जुड़े अभिन्न घटकों को छोड़कर कोई अन्य सहायक सामग्री बॉयलर शैल तक जाने में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेगी। निकलने वाली वाष्प आंतरिक पाइपों के माध्यम से बिना किसी बहाव के सुरक्षा वॉल्व तक सीधे पहुँच जानी चाहिए।

174. निर्वहन मार्ग

सेफ्टी वॉल्व डिस्चार्ज पाइप इस विनियमन के खंड (क) और (ख) की आवश्यकताओं के अनुरूप होने चाहिए। डिस्चार्ज पाइप जितना संभव हो उतना छोटा और सीधा होना चाहिए और पाइप में पानी के संचय को रोकने के लिए खुली नली लगी होनी चाहिए। डिस्चार्ज पाइप सिस्टम में उपयुक्त व्यवस्था का प्रावधान होना चाहिए ताकि बॉयलर सहायक द्वारा डिस्चार्ज के समय निकलने वाली ध्वनि को आसानी से सुना जा सके।

(क) **वाष्प सुरक्षा वाल्व-**

(i) साधारण और उच्च लिफ्ट वाल्व- जहां एक वेस्ट स्टीम पाइप लगाया जाता है,वहाँ पाइप और इस तक जाने वाले मार्ग में एक क्रॉस सेक्शनल क्षेत्र होना चाहिए जिसका क्षेत्र विनियमन 169 में अपेक्षित सुरक्षा वाल्वों के न्यूनतम संयुक्त क्षेत्र से कम नहीं होना चाहिए।

(ii) पूर्ण लिफ्ट वाल्व- पूर्ण लिफ्ट वाल्वों के लिए वेस्ट स्टीम पाइप का क्षेत्र और उस तक जाने वाले मार्ग का क्रॉस-सेक्शनल क्षेत्र दो बार आने वाले ए क्षेत्र से कम नहीं होना चाहिए, या ऐसा क्षेत्र इस न्यूनतम क्षेत्र से अधिक होगा जो उच्चतर स्तर पर अनुमोदित स्थिरांक वाले वाल्वों के लिए अपेक्षित हो सकता है, जैसा कि विनियमन 169 में ए, ई और पी को परिभाषित किया गया है।

(ख) **इकोनॉमाइजर सुरक्षा राहत वाल्व**- एक इकोनॉमाइजर सुरक्षा वाल्व से निर्वहन पाइप का क्षेत्र कम से कम वाल्व सीटिंग क्षेत्र से दोगुना होना चाहिए।

जहां कई इकोनॉमाइजर सुरक्षा राहत वाल्व से निर्वहन मुख्य निर्वहन पाइप से जुड़ा हुआ है, मुख्य निर्वहन पाइप का व्यास तापमान और दबाव की विशेष परिस्थितियों, जैसा भी मामला हो, के तहत वाष्प बनने से दबाव के संचय को रोकने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा।

175. निकासी

प्रत्येक लगे हुए सुरक्षा वॉल्व के लिए, निकासी की एक प्रणाली का प्रावधान होना चाहिए। निकास पाइप को ऐसे स्थान पर लगाना चाहिए जहां से लगातार बॉयलर का अपशिष्ट नीचे की तरफ निकलता रहे और उसे स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए और इससे किसी व्यक्ति को क्षति न पहुँचे ।

176. घूमने वाले पुर्जे

वॉल्वों और स्पिंडलों को कुशलतापूर्वक घूमाना चाहिए और प्रत्येक मामले में कुछ ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे कि उनके गाइड्स उनसे अलग न होने पाए। सभी सेवा शर्तों के तहत कार्यशील पुर्जो को सुचारू रूप से घूमने के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। स्पिंडल को स्टफिंग बॉक्स के साथ नहीं लगाया जाना चाहिए।

177. लीवर्स हेतु बियरिंग

लीवर वॉल्व के लीवरों के बियरिंग को इस प्रकार से डिजाइन किया जाना चाहिए ताकि सभी सेवा शर्तों के तहत वॉल्व सुचारू तरीके से कार्य कर सके। ऐसे मामलों में जहां लीवर बियरिंग्स पिन के ऊपर लगे होते है, लिवर में लगे छिद्र नॉन-कोरडिबल धातु से बने हुए होने चाहिए अथवा पिन नॉन-कोरडिबल धातु से बने हुए होने चाहिए।

178. वेट्स और स्प्रिंग्स को लगाना

(क) लीवर और वेट सुरक्षा वॉल्व में वेट को एक तरफ लगाया जाना चाहिए और इसे लीवर से इस प्रकार से जुड़ा हुआ होना चाहिए ताकि सुरक्षा वॉल्व पर अत्यधिक बोझ न पड़े।

(ख) स्प्रिंग लोडेड सुरक्षा वॉल्वों के मामले में, वाशर्स अथवा फेरूल्स को अडजस्टिंग स्क्रिउ के नीचे लगाया जाना चाहिए ताकि वॉल्व पर वाष्प आने से उस पर अत्यधिक बोझ न पड़े। सुरक्षा वॉल्व को एडजस्टिंग करने के पश्चात् स्प्रिंग्स पर पड़ने

वाले दबाव को सेट किया गया है अथवा एडजस्टिंग स्क्रिउ पर लोक नट क इस्तेमाल करते हुए पेडलोक अथवा अन्य उपयुक्त उपकरण के माध्यम से सुरक्षित किया जाना चाहिए। जहां स्प्रिंग्स को खिचाने में कठिनाई आती है वहां उससे लिक अथवा उचित स्टॉप लगाया जाना ताहिए ताकि स्प्रिंग्स को अधिक दूर तक खींचा जा सके जिससे कि स्प्रिंग्स D/4 तक जाने वाले वॉल्व लिफ्ट तक जा सके।

जहां D = वॉल्व सींटिग का व्यास

179. इजिंग गियर

सुरक्षा वॉल्वों को इस प्रकार से लगाया जाना चाहिए ताकि इसकी सीट पर पड़ने वाले दबाव को आसानी से कम किया जा सके और इजिंग लीवर आसानी से वॉल्व को उठा सके।

180. लिफ्ट

सुरक्षा वॉल्वों को इतनी दूरी से उठाए जाने योग्य होना चाहिए जहाँ डिस्चार्ज ऐज वाला क्षेत्र विनियमन 169 में न्यूनतम समग्र क्षेत्र से कम होना चाहिए ।

181. हाई और लो वाटर अलार्म

हाई और लो वाटर अलार्म को इस प्रकार से लगाया जाना चाहिए ताकि गैज में जल स्तर बढ़ने पर अलार्म से ध्वनि आए।

182. अंतिम सेटिंग

प्रत्येक सुरक्षा वॉल्व को मेकर वकर्स में लाने के पूर्व निर्धारित दबाव पर ब्लो-ऑफ करने के लिए लगाया जाना चाहिए।

183. सुरक्षा वॉल्व के लिए निर्धारित दबाव लगाना

सुरक्षा वॉल्व के लिए दबाव निर्धारित करने के लिए वायु अथवा अन्य गैस का उपयोग किया जा सकता है, बशर्ते कि परीक्षण के लिए माध्यम के अनुसार सुरक्षा वॉल्व को विनियमन 166 के खंड(क) की आवश्यकता के अनुरूप पूर्व किए गये हाइड्रॉलिक परीक्षण के अध्यधीन होना चाहिए।

184. सुरक्षा वॉल्व के निर्धारित दबाव में बदलाव करना

सुरक्षा वॉल्व में लगे स्प्रिंग को 5% से अधिक या कम के निर्धारित दबाव से कम पर रिसेट नहीं किया जाना चाहिए, जहां वॉल्व पर चिन्ह लगाया जाता है।

निर्धारित दबाव को पंजीकृत प्राधिकारी की संतुष्टि के आधार पर बदला जा सकता है।

185. सामग्रियां

(क) स्प्रिंग्स – स्प्रिंग्स को एसिड ओपन हर्थ अथवा इलेक्ट्रिक प्रक्रिया द्वारा बने स्टील से बनाया जाना चाहिए और इसका रासायनिक संगठन निम्नलिखित सीमाओं के भीतर होना चाहिए:

तालिकाV/3: **कार्बन स्टील**

तत्व	प्रतिशत	
	न्यूनतम	अधिकतम
कार्बन	0.90	1.20
सिलिकॉन		0.30
मैंगनीज	0.45	0.80
सल्फर		0.050
फास्फोरस		0.050

तालिका V/4: **सिलिकॉन मैंगनीज स्टील**

तत्व	प्रतिशत	
	न्यूनतम	अधिकतम
कार्बन	0.5	0.65
सिलिकॉन	1.50	2.00
मैंगनीज	0.70	1.00
सल्फर		0.050
फास्फोरस		0.050

तालिका V/5: **अलॉय स्टील**

तत्व	ग्रेड *I*	ग्रेड *II*	ग्रेड *III*	ग्रेड *VI*
कार्बन %	0.55 से 0.65	0.46 t से 0.54	0.55 से 0.65	0.55 से 0.65
मैंगनीज %	0.70 से 1.00	0.70 से 0.90	0.70 से 1.00	0.70 से 1.00
सिलिकॉन %	0.10 से 0.35	0.10 से 0.35	0.10 से 0.35	1.70 से 2.10
क्रोमियम %	0.60 से 0.90	0.80 से 1.10	0.40 से 0.60	0.20 से 0.40
मोलिब्लेडनम %	--	--	0.15 से 0.25	0.20 से 0.30
बेनेडियम %	--	0.15 न्यूनतम.	--	--
निकल %	--	--	0.40 to 0.70	--
फास्फोरस %	--	--	--	--
सल्फर %	--	--	--	--

तालिका V/6: टंगस्टन अलॉय स्टील

तत्व	H12		H21	
	न्यून.	अधिक.	न्यून.	अधिक.
कार्बन %	0.30	0.40	0.26	0.36
मैंगनीज %	0.20	0.60	0.15	0.40
अधिक. फास्फोरस %	-	0.03	-	0.03
अधिक. सल्फर %	-	0.03	-	0.03
सिलिकॉन %	0.80	1.25	0.15	0.50
क्रोमियम %	4.75	5.50	3.00	3.75
बेनेडियम %	0.20	0.50	0.30	0.60
टंगस्टन %	1.00	1.70	8.50	10.00
मोलिब्लेडनम %	1.25	1.75	-	-

विनिर्माता निरीक्षक प्राधिकारी द्वारा जब कहीं अपेक्षित हो प्रत्येक कास्ट का विश्लेषण प्रस्तुत करेगा। क्या स्वतंत्र विश्लेषण की आवश्यकता होनी चाहिए,इसका निर्धारण एक प्रतिशत की दरपर किया जाना चाहिए।

सभी स्प्रिंग्स को गर्म करके तैयार करना चाहिए और उसे उचित तरीके से सख्त और नरम भी करना चाहिए।

16 एमएम बार के व्यास से अधिक व्यास वाले स्प्रिंग्स को गर्म करके तैयार करना चाहिए और 16 एमएम बार के व्यास से कम व्यास वाले स्प्रिंग्स के गर्म या ठण्डा करके तैयार करना चाहिए। उचित तरीके से स्प्रिंग्स को सख्त और नरम करना चाहिए।

(ख) **टोरसन बार्स** – टोरसन बार्स को ऐसे स्टील से तैयार करना चाहिए जिसका यील्ड प्वांइट 141 केजी/एमएम^2 से कम होता है।

नोट: निजी विनिर्माताओं द्वारा विकसित विशिष्ट स्टील को बॉयलर, मुख्य निरीक्षक अपने विवेकाधिकार पर स्वीकृति दे सकता है।

186. आकार

सामान्य तौर पर उठाए जा सकने वाले वॉल्वों के लिए सुरक्षा वॉल्व स्प्रिंग्स दबाव अथवा उसे बढ़ाने के लिए निर्धारित दबाव के साथ वॉल्व को लीड किया जाना चाहिए, ऐसा दबाव वॉल्व के एक-तिहाई दबाव से कम नहीं होना चाहिए स्प्रिंग्स लोडेड स्तर के सुरक्षा वॉल्व के मामले में उत्तोलन के अनुपात में होना चाहिए। स्प्रिंग का बाह्य व्यास अनलोडेड लंबाई के 4:1 के समानुपात से अधिक नहीं होना चाहिए।

ये आवश्यकताएं पूर्णत: उठायी जा सकने वाली और ऊपर तक उठाए जा सकने वाले वॉल्वों पर लागू नहीं होती है।

187. अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव का निर्धारण

(1) स्प्रिंग्स को खींचने के लिए गोलाकार वर्गाकार अथवा आयातकार खंड हेतु स्वीकृत अधिकृत अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव, का निर्धारण निम्नलिखित सूत्र से किया जाना चाहिए

(क) गोलाकार खंड

$$P = \frac{10{,}000\ \pi d^3}{DACK} \qquad \textbf{समीकरण (}V/5)$$

(ख) वर्गाकार खंड

$$P = \frac{33{,}333 d^3}{DACK} \qquad \textbf{समीकरण (}V/6)$$

(ग)आयताकार खंड

$$P = \frac{160{,}000\ B^2\ H^2}{DACK\ (3B + 1.8H)} \qquad \textbf{समीकरण (}V/7)$$

कंप्रेशन में लगे स्प्रिंग्स के लिए- उपर्युक्त समीकरण से अनुमानित अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव को 25 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है।

जहां(सभी आयाम इंच में)

$$K = \frac{4\,(D-1)/d}{D} + \frac{0.615}{D}$$ समीकरण (V/8)

(आयताकार खंड के मामले में डी, बी से प्रतिस्थापित)

P = एलबी. वर्ग इंज (निर्धारित दबाव) में अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव

A = वॉल्व का लोडिंग एरिया

D = वर्गाकार स्टील के गोल अथवा किनारे वाले हिस्से का व्यास

B = तार की चौड़ाई (स्प्रिंग एक्सिस के लिए रेडियल)

H = तार का मध्य भाग (स्प्रिंग एक्सिस के समानांतर)

D = क्वॉयल का मद्य व्यास

$$C = \text{स्थिर} = \frac{L_1 + L_2}{L_1}$$ **समीकरण (V/9)**

L_1 = अपेक्षित लोडिंग के लिए स्प्रिंग के आरंभिक कंप्रेशन अथवा स्प्रिंग को खींचना (PXA)

L_2 = विनियमन 168 और 180 में उल्लिखित व्याख्या के अनुसार उठाए जाने के लिए स्प्रिंग पर कंप्रेशन देना अथवा स्प्रिंग को आगे खींचना ।

उदाहरण :

C = जहां स्प्रिंग का कंप्रेशन या स्प्रिंग को खींचने के लिए अपेक्षित लोडिंग हेतु वॉल्व के व्यास का ¼ है।

C= 1.5 जहां स्प्रिंग का कंप्रेशन या स्प्रिंग को खींचने के लिए अपेक्षित लोडिंग हेतु वॉल्व के व्यास का ½ है।

C = 1.25 जहां स्प्रिंग का कंप्रेशन या स्प्रिंग को खींचने के लिए अपेक्षित लोडिंग हेतु वॉल्व का व्यास के बराबर होगी।

नोट: (1) उपर्युक्त सूत्र स्प्रिंग्स को खींचने के तहत स्प्रिंग्स के खंड पर 5,624 Kg cm^2(g) के अधिकतम अनुमत सुरक्षित दबाव और 7,030 kg/cm^2 आधारित है जहाँ ये कंप्रेशन के अंतर्गत आते है।

(2) उपर्युक्त वैल्यू का "C" केवल पूर्णत: उठाए जा सकने वाले वॉल्वों के मामले में L_2 D/4 के बराबर है, "सी" का संबंधित वैल्यू L_2 के उचित वैल्यू का उपयोग करके निकाला जा सकता है।

(2) टॉर्सन बार्स के मामले में अधिकतम सीयर दबाव को निम्नलिखित सूत्र से निकाला जा सकता है, जो 55 kg/मिमी^{2} से अधिक नहीं हो

$$f_s = \frac{TDC}{2J}$$

जहां,

f_s = शीर दबाव

T = निर्धारित दबाव पर टार्क

D = बार का बाहरी व्यास

J = बार के भाग के इंटेरिया का पालेर मूमेंट और

वॉल्व को पूर्णत: घूमाने के लिए कोण

C = ----------

निर्धारित दबाव पर घूमाने के लिए कोण

(जैसाकि विनिर्माता द्वारा प्रस्तुत किया जाए)

टॉर्क को बढ़ाने वाले स्लीव की लंबाई उपयोग होने वाली सामग्री के बराबर समानुपात में होनी चाहिए।

188. जांच

(1) स्प्रिंग के परमानेंट सेट (सामान्य तापमान पर पहले से सेट करने के पश्चात् फ्री हाईट और अतिरिक्त तीन बार स्प्रिंग को खींचने के पश्चात् मापी गई लंबाई के बीच का अंतर जैसा कि उल्लिखित है) की मुक्त लंबाई 0.5% से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(2) टॉर्सन बार्स को कार्यशील कोण के 50% से भी अधिक कोण पर घूमाने के पश्चात् स्थायी रूप से टेढ़ा नहीं होना चाहिए।

189. स्प्रिंग्स को खींचना

खींचे जाने वाले स्प्रिंग्स गोल आकार वाले तार से बने होने चाहिए।

190. उपयोगी क्वॉयलो का संख्या

स्प्रिंग के कंप्रेशन अथवा खिंचाव वाले स्प्रिंग में प्रभावी अथवा खुले क्वॉयलों की संख्या का निर्धारण निम्नलिखित सूत्र से किया जाना चाहिए:

(i) गोलाकार अथवा वर्गाकार तार हेतु

$$N = \frac{KCd^4}{SD^3}$$ **समीकरण** (V/10)

(ii) आयताकार तार हेतु

$$N = \frac{66B^3H^3K}{(B^2 + H^2)\, SD^2}$$ **समीकरण** (V/11)

जहाँ,

N = उपयोगी क्वॉयलों की संख्या

K = निर्धारित दबाव पर इंचों में कंप्रेशन अथवा लचीलापन

C = गोलाकार हेतु 22, वर्गाकार स्टील हेतु 30

D = इंज के 16 वें भाग में वर्गाकार स्टील का व्यास अथवा किनारा

S = ब्लो ऑफ दबाव पर पाउंड में स्प्रिंग पर पड़ने वाला लोड

D = इंच में क्वॉयल का औसत व्यास

B = इंच के 16 वें भाग में तार की चौड़ाई

H = इंच के 16 वें भाग में तार का मध्य हिस्सा

191. क्वॉयलों के बीच दूरी

क्वॉयलों के बीच दूरी जब वॉल्वों को इसके व्यास के ¼ दबाव से ऊपर उठाया जाता है, तब इसे पूर्णत: उठाने के लिए 1.6 एमएम और सामान्य तौर पर तथा इसे पूरी तरीके से ऊपर उठाने के लिए 0.8 एमएम होना चाहिए।

192. किनारों की फिनिशिंग

कंप्रेशन स्प्रिंग का नीचे वाला भाग समतल और बराबर होना चाहिए और स्पिंग की एक्सिस वाले समकोण की पूर्ण परिधि में होना चाहिए ताकि क्षैत्ज समतल क्षेत्र के किनारे पर लगाए जाने पर स्प्रिंग्स लम्बवत रूप से खड़ा रहें।

5.4 स्टॉप वॉल्व

193. लीवर वॉल्व

जहां वॉल्व लीवर से प्रचालित होते हैं, चाहे उन्हें हाथ अथवा मेकेनिक्ली नियंत्रित किया जाता है, वहाँ लीवर लंबा होना चाहिए और इसे इस प्रकार से डिजाइन किया जाना चाहिए ताकि वॉल्व सेवा सेवा शर्तों के तहत समुचित ढंग से कार्य कर सके।

194. स्टीम स्टॉप वॉल्व :-

(क) बॉयलर अथवा वाष्प के अंतिम तप्त करने से जुड़े स्टॉप वॉल्व डिलीवरी पाइप अंतिम छोर पर लगे सुपर हीटर से आउटलेट के समीप लगे होने चाहिए क्योंकि यह सुविधाजनक और व्यवहार्य होगा अथवा सुपर हीर्टस रहित बॉयलरों के मामले में ड्रम के समीप और प्रायोगिक होगा। जहाँ दो या दो से अधिक बॉयलर वाष्प रिसीवर अथवा किसी अन्य वेसेल्स से जुड़े होते, वहाँ वाष्प को रोकने वाले वॉल्व को बॉयलर और ऐसे रिसीवर अथवा वेसेल्स के बीच लगाया जाना चाहिए।

(ख) स्टीम स्टॉप वॉल्वों को बॉयलर शैल अथवा उपयुक्त पैड्स अथवा स्टैंड ब्लॉकों से सीधे जुड़ा होना चाहिए तथा नली तथा वॉल्व चेस्ट को छोटा और मजबूत ढांचे से तैयार होना चाहिए। स्टीम स्टॉप वॉल्व को स्टैंड पाइप, कनेक्टिंग कनेक्टिंग पाइप या सुपर-हीटर हेडर से भी जोड़ा जा सकता है। ऐसे अटेचेमेंट को बोल्ट फ्लैंग्ज या बट-वेल्डेड जोड़ों द्वारा किया जा सकता है। जहां आवश्यक हो इस तरह के बट-वेल्डेड जोड़ों को उपयुक्त रूप से तनाव मुक्त किया जाएगा:

बशर्ते कि एक बड़े बॉयलर के मामले में जहाँ निकासी के लिए या वाष्प-पाइप को वाष्प रोकने वाले वाल्व से उच्च स्तर पर जोड़ने के के कारण बाधा आती है,वहां इस विनियमन के तहत उसे प्राप्त किए जाने का प्रस्ताव है, स्टीम स्टॉप वाल्व और बॉयलर के बीच 5 वाले व्यास से अधिक के एक लंबवत स्टैंड पाइप को लगाने की अनुमति नहीं होगी। इस तरह के स्टैंड पाइप मजबूत होने चाहिए और राट आयरन, माइल्ड स्टील या कास्ट स्टील से बने होने चाहिए। रॉट या माइल्ड स्टील पाइप के फ्लैंग्ज को पाइप पर वेल्ड किया जाना चाहिए, और किसी अन्य कनेक्शन के लिए स्टैंड पाइप पर कोई ब्रांच नहीं होनी चाहिए।

बशर्ते यह भी कि बड़े बायलर के मामले में जिसमें वाल्व को बंद करने और बायलर के बीच एक ब्रांच कनेक्शन जोड़ने के लिए एक टी पीस फिट करना वांछित है, इस प्रकार से टी पीस लगाया जा सकता है। टी पीस राट आयरन, माइल्ड स्टील या कास्ट स्टील से मजबूत तरीके से बना होना चाहिए और ऊंचाई में 2½ के व्यास से अधिक नहीं होना चाहिए। प्रत्येक टी पीस ब्रांच में सीधे एक स्टॉप वाल्व लगाया जाना चाहिए।

(ग) जब दो या दो से अधिक बॉयलर एक सामान्य स्टीम मेन से जुड़े होते हैं और वहां कोई संयुक्त स्टॉप नहीं लगा होता है और उनमें आइसोलेटिंग वाल्व लगे होते हैं तो एक स्वचालित आइसोलेटिंग वाल्व को अनिवार्य रूप से लगाया जाना चाहिए । वेल्डेड पाइपों के साथ जुड़े बॉयलरों के मामले में, एक स्वतंत्र स्वचालित आइसोलेटिंग अनिवार्य रूप से लगाया जाना चाहिए ।

5.5 ब्लो-डाउन कॉक या वाल्व और पाइप

195. सामान्य

ब्लो-डाउन कॉक या वॉल्व का आकार बड़ा होना चाहिए। कॉक या वॉल्व से जुड़े वास्ते पाइप को आर्च या ब्रिक कार्य में शीघ्रता से उपयोग नहीं करना चाहिए और इसे ऐसे बिंदु पर डिस्चार्ज किया जाना चाहिए जहां किसी भी व्यक्ति के आहत होने का खतरा न हो। इन पाइपों को सामान्य पाइप से दूसरे बॉयलर से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। हालाँकि, निरंतर होने वाले ब्लो-डाउन को एक सामान्य हेडर से जोड़ा जा सकता है, जो पर्याप्त तरीके से वेंटेड टैंक या सम्प से अलग होकर

डिस्चार्ज करता है। हेडर बड़े क्रॉस-सेक्शन वाले आकार के होने चाहिए और उसमें ब्लो-ऑफ टैंक में वाल्व से अलग वेंट पाइप लगे होने चाहिए और इस आकार के होने चाहिए जो दबाव के संचय को रोक सके। यदि, हालांकि, टैंक फ्लैश स्टीम एकत्र करने के लिए लगाए गए है, तो उसमें एक बड़े आकार वाला सुरक्षा वाल्व लगाया जाना चाहिए । टैंक को ऐसी जगह पर लगाया जाना चाहिए कि सभी भागों का निरीक्षण सुगमता से किया जा सके ।

196. ब्लो-डाउन माउंटिंग

(क) प्रत्येक बायलर में उपयुक्त ब्लो-डाउन वॉल्व या कॉक लगा होना चाहिए, या जितना संभव हो जो बायलर के सबसे निचले बिंदु पर लगाया जाना चाहिए।

(ख) लोकोमोटिव, वर्टीकल और मरीन प्रकार के बॉयलरों के लिए, वाल्व या कॉक सीधे बॉयलर या उपयुक्त पैड या स्टैंड पाइप से जुड़ा होना चाहिए। वाटर ट्यूब बॉयलरों के लिए वॉल्व या कॉक ब्रिक वर्क के बाहर लगा होना चाहिए और इसके और मड बॉक्स के बीच एक बड़े आकार का स्टील पाइप लगा होना चाहिए।

(ग) कोर्निश और लंकाशायर बॉयलर के लिए कॉक या वॉल्व को कास्ट स्टील एल्बो पाइप से जोड़ा जा सकता है, जो बड़े आकार वाले खंड के उपयुक्त स्टैंड पाइप या बॉयलर हेतु वेल्डेड पैड से जुड़ा होता है। लेकिन कास्ट आयरन एल्बो पाइप को लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

197. ब्लो-डाउन वाल्व या कॉक

(क) प्रत्येक वाल्व या कॉक में एक उपकरण लगा होना चाहिए जो स्पष्ट रूप से इसके खुले और बंद होने की स्थिति को इंगित करे और वाल्व या कॉक के संचालन के लिए कोई भी की या समान उपकरण ऐसा होना चाहिए जिसे तब तक हटाया नहीं जा सकता जब तक कि वाल्व या कॉक पूरी तरह से बंद न हो जाए।

(ख) लॉकिंग फीदर को वेल्डिंग द्वारा सुरक्षित किया जाना चाहिए ।

(ग) टेपर प्लग के साथ लगे कॉक अलग पैकिंग ग्लैंड्स के साथ बोल्टेड कवर प्रकार के होने चाहिए।

5.6 वाटर गेज

198. वाटर गेज

(क) प्रत्येक बॉयलर में पानी के स्तर को इंगित करने के लिए दो साधन होने चाहिए जिनमें से एक पारंपरिक गेज ग्लास होना चाहिए।

बशर्ते कि 91 सेमी व्यास से नीचे के बॉयलर ड्रम के मामले में जहां दो पानी के गेज लगाने में कठिनाई आती है, दो टेस्ट कॉक और एक ग्लास वाटर गेज लगाया जाना चाहिए।

(ख) वाटर गेज ग्लास का सबसे कम दृश्य योग्य हिस्सा और निचले टेस्ट कॉक को सुरक्षित कार्य स्तर पर लगाया जाना चाहिए। लोकोमोटिव प्रकार और वर्टीकल बॉयलर के लिए यह फायरबॉक्स रूफ प्लेट के उच्चतम भाग से 50 एमएम से कम नहीं होना चाहिए। गेज ग्लास के दृश्य भाग की न्यूनतम लंबाई 200 एमएम होनी चाहिए। निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा बॉयलर की क्षमता के आधार पर लंबाई बढ़ाई जा सकती है।

(ग) ग्लास वाटर गेज को इस प्रकार से लगाया जाना चाहिए जिससे की बायलर अटेंडेंट द्वारा इसे आसानी से देखा जा सके और इस तक आसानी से पहुँचा जा सके। ग्लास वाटर गेज और टेस्ट कॉक के निकासी क्षेत्र बड़ा होना चाहिए जिससे कि इसके माध्यम से सफाई करने में सुविधा हो। गेज कॉक को खोलने पर उनके हैंडल को वर्टीकल दिशा में होना चाहिए और प्लग के साथ इसके जंक्शन पर प्रत्येक हैंडल को प्लग के माध्यम से मार्ग की दिशा को इंगित करने के लिए एक गहरी रेखा के साथ स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जाना चाहिए। जब अलग करने के लिए हैंडल लगाये जाते है, तब हैंडल को गलत तरीके से लगाए जाने से बचने के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए ।

199. ड्रेन

एक उपयुक्त निकास पाइप वाली एक ड्रेन कॉक या वाल्व प्रत्येक वाटर गेज के साथ लगाया जाना चाहिए।

200. संरक्षक

जहां ट्यूबलर ग्लास वॉटर गेज लगाये जाते हैं, वहां पर्याप्त संरक्षक लगाये जाने चाहिए। स्प्लिंटरिंग को रोकने के लिए ग्लास को उचित तरीके से लगाया जाना चाहिए।

201. ग्लास का आकार

ट्यूबलर वॉटर गेज ग्लास 13 एमएम से कम और इसका बाहरी व्यास 19 एमएम से अधिक नहीं होना चाहिए।

202. सुरक्षा उपकरण

वाटर गेज ग्लास माउंटिंग को बॉटम आर्म्स में सेल्फ क्लोजिंग उपकरण के साथ लगाया जाना चाहिए और यह सिफारिश की जाती है कि इसी तरह के उपकरण को टॉप आर्म में लगाया जाना चाहिए।

203. गेज कॉलम

जहां गेज एक कॉलम से जुड़े होते हैं, वहां कॉलम के ऊपर और नीचे की आर्म्स को जोड़ने का कोई मार्ग नहीं होना चाहिए, ऐसा तब तक किया जाना चाहिए जब तक कि कॉलम और बॉयलर के बीच वाल्व या कॉक को न लगाया जाए।

204. आइसोलेटिंग कॉक

जहां बॉयलर से वॉटर गेज पाइप को जोड़ने वाले आइसोलेटिंग कॉक या वॉल्व लगाये जाते हैं, वहां उन्हें 25 एमएम बोर से कम नहीं होना चाहिए और उन्हें अलग पैकिंग ग्लैंड के साथ बोल्टेड कवर वाला होना चाहिए।

5.7 दबाव गेज

205. डायल

(क) 35 केजी/सीएम^2(जी) सहित दबाव के लिए और जहाँ तक संभव हो दबाव गेज डायल को केजी/सीएम^2 (जी) में धीरे-धीरे दबाव को शून्य से दुगना करना चाहिए।

(ख) 35 केजी/सीएम^2(जी) से अधिक दबाव के लिए जहाँ तक संभव हो सके अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव, बढ़त की रेंज शून्य से डेढ़ गुना की जानी चाहिए, लेकिन किसी भी मामले में गेज पर अधिकतम बढ़त 70 केजी/ सीएम^2(जी) से कम नहीं होनी चाहिए।

(ग) डायल पर स्केल स्पष्ट रूप से और स्थायी रूप से केजी/सीएम^2(जी) में अंकित होना चाहिए।

(घ) प्रत्येक दबाव गेज के डायल के अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव लाल रंग में चिह्नित किया जाना चाहिए।

(ङ) जहां गेज और बॉयलर कनेक्शन के बीच पानी के शीर्ष के लिए गेज में अतिरिक्त दबाव दिया जाता है, ऐसे अतिरिक्त दबाव की मात्रा को डायल पर चिह्नित किया जाना चाहिये। दबाव गेज में + 1 प्रतिशत की सटीकता होनी चाहिए। बॉयलर दबाव गेज को 150 एमएम से कम के व्यास का नहीं होना चाहिए।

(च) डायल गेज के पॉइंटर का ट्रेवल 325° से अधिक नहीं होनी चाहिए।

206. कनेक्शन

सभी दबाव गेजों को एक साइफन पाइप और एक कॉक या वाल्व के साथ, या उसके आस-पास, इस तरह से लगाया जाना चाहिए कि गेज बंद हो जाए और बॉयलर के नीचे से वाष्प हट सके।

207. गेज कॉक

गेज कॉक के हैंडल उन पाइपों के बराबर होंगे जिनमें वे कॉक के खुलने वाले जगह पर लगे होते है और खुले होने का संकेत देने के लिए कॉक के शेंक पर कट का निशान लगाया जाना चाहिए।

208. टेस्ट कनेक्शन- सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रेशर गेज को लगाना

प्रत्येक बायलर में होगा जिसमें सक्षम व्यक्ति दबाव गेज को जोड़ने के लिए स्क्रू को वर्टीकल तरीके से लगाते हुए एक वाल्व या कॉक लगाना चाहिए। रिसीविंग सॉकेट को M/20 x 1.5 मेट्रिक थ्रेड्स के साथ टैप किया चाहिए और इसे आसानी से हटाने के लिए हटाये जाने योग्य कैप लगाया जाना चाहिए।

5.8 फ्यूज़िबल प्लग

209. सामान्य

(1) फ्यूसिबल प्लग ऊंचाई अधिक होनी चाहिए और उन्हें इस प्रकार से लगाया जाना चाहिए जो पानी की कमी की स्थिति में फर्नेस से सीधे होने वाले नुकसान के लिए उत्तरदायी बॉयलर के सभी हिस्सों को जल्दी सुरक्षा प्रदान कर सके।

नोट: उदाहरणार्थ- लंकाशायर बॉयलरों में फ्यूसिबल प्लग ब्रिक वर्क फायर ब्रिज के साथ 305 एमएम से 457 एमएम तक फर्नेस क्राउन में लगा होना चाहिए।

(2) वेट बैक रिवर्सिंग चेंबर वाले बॉयलरों पर, कम से कम दो फ्यूज़िबल प्लग लगाए जाने चाहिए; एक रिवर्सिंग चेंबर के क्राउन पर और दूसरा ट्यूब प्लेट्स के ऊपर। जिन बॉयलरों में वेट बैक रिवर्सिंग चेंबर नहीं होते है, उनमें फ्रंट एंड ट्यूब प्लेट पर कम से कम एक फ्यूज़िबल प्लग लगाया जाना चाहिए। प्लग को इस तरह से लगाया जाना चाहिए कि प्लग के फ्यूजन की स्थिति में, बॉयलर के अंदर के दबाव से पेल्लेट्स बाहर आ जायेंगे।

210. प्रकार

फ्यूज़िबल प्लग में एक सेंट्रल कॉनिकल पैसेज वाला एक आउटर बॉडी शामिल होना चाहिए, जिसका सबसे छोटा भाग 7 केजी/सीएम^2(जी) तक के दबाव के लिए उपयुक्त प्लग हेतु 13 एमएम से अधिक नहीं होना चाहिए और 7 केजी/सीएम^2(जी) से अधिक दबाव के लिए प्लग हेतु 10 एमएम से अधिक नहीं होना चाहिए। पैसेज को फ्यूसिबल अलाय की एनुअल लाइनिंग द्वारा सुरक्षित प्लग द्वारा बंद किया जाना चाहिए ताकि यदि लाइनिंग पिघल जाए तो प्लग ड्राप साफ हो जाए।

फ्यूसिबल धातु से निर्मित भाग को आधार से अनिवार्य रूप से अलग किया जाना चाहिए ताकि बॉयलर से पूरी फिटिंग को हटाए बिना इसे आसानी से हटाया जा सके।

211. सामग्री

अलौह सामग्री में उपयोग किये जाने वाले बायलर वाटर को रोकने वाले भाग को छोड़कर प्लग के नॉन- फ्यूसिबल भाग ब्राज़ के होने चाहिए। फ्यूसिबल धातु बॉयलर के डिजाइन दबाव पर संतृप्त वाष्प तापमान कम से कम 66 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर आसानी से पिघलने वाला एलाय होगा।

212. बॉयलर से अटेचमेंट

जहां कहीं भी व्यवहार्य हो फ्यूज़िबल प्लग को पानी की तरफ से बॉयलर प्लेट में स्क्रू किया जाना चाहिए। स्क्रू वाले हिस्से में व्हाटवर्थ फॉर्म के थ्रेड 25 एमएम प्रति 11 से अधिक नहीं होने चाहिए।

5.9 फीड वाल्व

213. सामान्य

(क) फीड चेक वाल्व नॉन-रिटर्न प्रकार के होने चाहिए ।

(ख) जहां वाल्व स्क्रू-डाउन नॉन-रिटर्न प्रकार का नहीं है, वहां एक अलग स्क्रू-डाउन वाल्व लगाया जाना चाहिए।

(ग) फीड चेक वाल्व या आंतरिक फीड पाइप (यदि लगाया जाता है) से डिस्चार्ज निम्न जल स्तर से ऊपर होना चाहिए और लंकाशायर और कोर्निश बॉयलरों के मामले में फायर ब्रिज से कम से कम 152 सीएम अधिक होना चाहिए। बशर्ते कि फीड डिस्चार्ज स्तर की स्थिति के संबंध में पूर्वोक्त प्रतिबंध वाटर ट्यूब बॉयलरों के मामले में लागू नहीं होगा।

214. ऑपरेटिंग स्थिति

फीड चेक वॉल्व या रेगुलेटिंग वॉल्व को इस प्रकार से लगाया जाना चाहिये कि वे बायलर फ्लोर से संतोषजनक ढंग से संचालित हो सकें।

215. कुछ मामलों में फ़ीड उपकरण के रूप में आवश्यकताएँ

एक सामान्य फीड रेंज से जुड़े बॉयलरों की बैटरी के मामले में, फीड उपकरण की संख्या के संबंध में विनियमन 156 की आवश्यकताओं को पूरा माना जाना चाहिए, बशर्ते कि चाहे बिजली आपूर्ति के स्रोतों में से कोई एक विफल हो जाए लेकिन फीड वाटर की कुल आपूर्ति, सभी सक्रिय बॉयलरों की संयुक्त अधिकतम निरंतर रेटिंग से कम होने पर भी बनायी रखी जा सकती है।

अध्याय-6

बॉयलर और सुपरहीटर ट्यूब, हेडर और अन्य पुर्जे

6.1 ट्यूब

216. सामग्री और निर्माण

आवश्यकतायें विनियमन 97 के अनुरूप होने चाहिए।

217.

(क)

(i) ट्यूबों का अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव निम्नलिखित सूत्र द्वारा निर्धारित किया जाना चाहिए : -

$$P = \frac{2f(T-C)}{(D - T + C)}$$ **समीकरण** (VI/1)

जहाँ

T = ट्यूबों की न्यूनतम मोटाई, जिसकी नोमिनल मोटाई एमएम में अनुमेय नकारात्मक वहीनीयता से कम है,

C = कार्यशील दबाव हेतु 0.75 एमएम तक और 70 केजी/सीएम^2 (जी) सहित या

C = 70 केजी/सीएम^2 (जी) से अधिक कार्यशील दबाव हेतु

P = केजी/सीएम^2 (जी) में बायलर का अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव

D = एमएम में ट्यूब का बाहरी व्यास

f = अधिकतम अनुमेय तनाव मान जैसाकि सामग्री के संबंध में उस देश के शाषी कोड में उपलब्ध है, जो केजी/सीएम^2 से संबंधित है। मान की अनुपलब्धता के मामले में, अनुमेय दबाव मानों के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए।

ट्यूबों की न्यूनतम अपेक्षित मोटाई निम्नलिखित सूत्र द्वारा निर्धारित की जानी चाहिए : -

$$t = \frac{PXD}{2Xf+P} + C$$ समीकरण(VI/2)

जहाँ

t = ट्यूबों की न्यूनतम मोटाई, जिसकी नोमिनल मोटाई एमएम में अनुमेय नकारात्मक सहिष्णुता से कम है,

C = कार्यशील दबाव हेतु 0.75 एमएम तक और 70 केजी/सीएम^2 (जी) सहित या

C = 70 केजी/सीएम^2 (जी) से अधिक कार्यशील दबाव हेतु 0.0

P = केजी/सीएम^2 (जी) में बायलर का अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव

D = एमएम में ट्यूब का बाहरी व्यास

f = अधिकतम अनुमेय तनाव मान जैसाकि सामग्री के संबंध में उस देश के शाषी कोड में उपलब्ध है, जो केजी/सीएम^2 से संबंधित है। मान की अनुपलब्धता के मामले में, अनुमेय दबाव मानों के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए।

(ii) 454°C तापमान पर या उससे कम तापमान हेतु

T_s E_t

--- अथवा ----- इनमें से जो भी कम हो

2.7 1.5

(iii) 454°C से अधिक तापमान हेतु

S_r

--- अथवा S_c इनमें से जो भी कम हो

1.6

जहाँ

T_s = सामान्य तापमान पर सामग्री की न्यूमतम तन्यता क्षमता

E_t = कार्यशील धातु के तापमान 't' पर यील्ड प्वांइट (0.2 प्रतिशत प्रूफ स्ट्रेस)

S_r = 100,000 घंटों में रप्चर लाने के लिए औसत दबाव और किसी भी मामले में कार्यशील धातु के तापमान में रप्चर लाने के लिए 1.33 बार से अधिक नहीं होगा ।

S_c = कार्यशील धातु तापमान 't' पर 100,000 घटों में 1 प्रतिशत का इलॉनगेशन (क्रीप) लाने के लिए औसत दबाव ।

नोट: S_c के मामले में जहां सामग्री के लिए मानक उपलब्ध नहीं है और ऐसी सामग्रियों का उपयोग भारत अथवा विदेशों के बॉयलर में किया जाता है, तब ऐसी सामग्रियों के लिए अनुमत्त दबाव निम्न होगा

E_t S_r

---- अथवा -----

1.5 1.6

(iv) कार्यशील धातु तापमान को निम्न रूप में लिया जाएगा-

(क) इंटीग्रल इकोनोमाइसर ट्यूबों के लिए अधिकतम पानी का तापमान जिसके लिए तत्व के हिस्से को प्लस 11°C के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

(ख) फर्नेस और बॉयलर ट्यूबों के लिए संतृप्त तापमान, कार्यशील दबाव प्लस 28°C के अनुरूप होना चाहिए।

(ग) कन्वेंशनल सुपर हीटर ट्यूबों के लिए अधिकतम वाष्प तापमान जिसके लिए तत्व का हिस्सा 39°C प्लस डिज़ाइन किया गया है।

(घ) रेडिएंट सुपर हीटर ट्यूबों के लिए डिज़ाइन अधिकतम वाष्प तापमान 50°C प्लस।

(ख) हालांकि, किसी भी मामले में, दिए गए ट्यूबों की मोटाई नीचे दी गई तालिका में दी गई मोटाई से कम नहीं होनी चाहिए (विनियमन 25 (घ) और 27 (ङ) में विनिर्दिष्ट वहनीयता के अध्यधीन):

तालिका VI/1

बाहरी व्यास	सीमलेस हॉट फिनिश्ड	सीमलेस कोल्ड ड्रान अथवा इलेक्ट्रीक रेजिस्टेंस वेल्डेड
32 एमएम तक और उसके सहित	2.9 एमएम	2.03 एमएम
32 एमएम के ऊपर तक और 51 एमएम सहित	3.25 एमएम	2.34 एमएम
51 एमएम के ऊपर तक और 76एमएम सहित	3.35 एमएम	2.64 एमएम
76 एमएम के ऊपर तक और 89एमएम सहित	3.25 एमएम	3.25 एमएम
89 एमएम के ऊपर तक और 114 एमएम सहित	3.66 एमएम	3.66 एमएम

फोर्स्ड सर्कुलेशन टाइप के फोर्स्ड फ्लो बॉयलरों के लिए क्वायल ट्यूबों के मामले में, दिए गए ट्यूबों की न्यूनतम मोटाई निम्नानुसार हो सकती है:

तालिका VI/2

ट्यूब का बाहरी व्यास एमएम में	न्यूनतम मोटाई
29 एमएम तक और उसके सहित	1.62 एमएम
29 एमएम के ऊपर तक और 35 एमएम सहित	1.83 एमएम
35 एमएम के ऊपर तक और 42 एमएम सहित	2.34 एमएम

(ग)

(i) सामान्य : इकोनोमाइसर, फर्नेस वॉल, सुपरहीटर और रीहीटर्स सहित बॉयलर के कुछ पुर्जों के लिए हॉट या कोल्ड मुड़े हुए ट्यूब इस खंड के अनुरूप होने चाहिए और उन्हें निम्नवत तरीके से हीट ट्रीटएड किया जाना चाहिए :

कार्बन स्टील/एलाय स्टील हेतु (P-91 और आस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील को छोड़कर)

- यदि प्रतिशत थिनिंग 25% से अधिक है - पोस्ट बेंड हीट ट्रीटमेंट (PBHT) आवश्यक है।
- यदि बाहरी व्यास (OD) 141.3 एमएम से कम है और R/D<- 1.30 - PBHT आवश्यक है।
- यदि बाहरी व्यास (OD) 141.3 एमएम से अधिक है और R/D<- 2.5 - PBHT आवश्यक है।

P-91 और आस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील हेतु- सामग्री विनिर्देशों में विनिर्दिष्ट आवश्यकताओं का पालन किया जाना चाहिए।

जहाँ, R ट्यूब की केंद्र रेखा का बेंड मीन रेडियस (एमएम में) है और D ट्यूब का बाहरी व्यास (एमएम में) है।

बेंड्स के भीतर बट वेल्ड को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

सर्कुलरिटी सीमा से थिन्निंग और डीपारचर निम्नलिखित विधियों में से एक द्वारा प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

(क) संबद्ध और संतोषजनक सेवा अनुभव;

(ख) एक प्रक्रिया परीक्षण;

(ग) प्रत्येक शिफ्ट के पहले बेंड सहित, बेंडो के 2% की माप द्वारा।

विधि का चयन निर्माता के विकल्प के आधार पर होना चाहिए।

(ii) **ट्यूब बेंड पर थिन्निंग-** ट्यूब बेंड पर थिन्निंग निम्नानुसार होनी चाहिए :

(क) बेंड एक्सट्रैडोस के आसपास किसी भी स्थान पर, जहां (ख) द्वारा अनुमत न्यूनतम अनुमेय डिज़ाइन को छोड़कर स्ट्रेट ट्यूब की गणना की गई मोटाई अनुमत न्यूनतम अनुमेय डिज़ाइन के नीचे (प्रतिशत में) है, से अधिक नहीं होनी चाहिए :

$$\frac{100}{\frac{4R}{D} + 2}$$

जहाँ

आर ट्यूब की केंद्र रेखा (एमएम में) के बेंड का मीन रेडियस है।

(ख) उन मामलों में (क) के तहत आवश्यक न्यूनतम मान से नीचे बेंड मोटाई की अनुमति दी जानी चाहिए जहां निर्माता कम से कम तीन बेंडों पर किए गए बर्स्टिंग परीक्षणों द्वारा प्रदर्शित किया सकता है ताकि बेंड की क्षमता सीधी ट्यूब की क्षमता से कम न हो।

(ग) जहां कोल्ड फॉर्मड बेंडों पर बेंड एक्सट्रैडो के आसपास किसी भी स्थान पर थिनिंग की मात्रा स्ट्रेट पर ट्यूब की वास्तविक मोटाई के 25% से अधिक हो तो बेंडों को उपयुक्त रूप से हीट ट्रीटेड किया जाना चाहिए। बेंड के प्रत्येक छोर पर एक्सट्रैडोस की रेखा के रूप में समान योजनाओं की वास्तविक मोटाई।

(iii) **ट्यूब बेंड में सर्कुलेरिटी से डिपार्चर**- बेंड एपेक्स पर सर्कुलरिटी से डिपार्चर सिंगल बेंडिंग ऑपरेशन में किए गए बेंड के लिए 10% से अधिक नहीं होना चाहिए और प्राथमिक, बेंडिंग ऑपरेशन के बाद हॉट प्रेस्सेडबेंड हेतु 15% से अधिक नहीं होना चाहिए ।

सर्कुलेरिटी से डिपार्चर (प्रतिशत में) का आकलन निम्नलिखित तरीके से किया जाना चाहिए:

$$\frac{D_{\text{अधिकतम}} - D_{\text{न्यूनतम}}}{D} \times 100$$

जहाँ

$D_{\text{अधिकतम}}$ = ट्यूब बेंड एपेक्स (एमएम) में मापा गया अधिकतम बाहरी व्यास है,

$D_{\text{न्यूनतम}}$ = $D_{\text{अधिकतम}}$ (एमएम) के रूप में एक ही क्रॉस सेक्शन पर मापा गया न्यूनतम बाहरी व्यास है

डी ट्यूब के बाहरी व्यास (एमएम में) के क्रम में है।

6.2 हेडर्स और समान दबाव वाले पुर्जे

218. सामग्री और निर्माण

सामग्री और निर्माण अध्याय-2 और अध्याय-3 के अनुरूप होने चाहिए।

219. फॉर्म में आयताकार हेडर्स सिमेट्रिकल

(क) अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव निम्न सूत्र से प्राप्त मान के छोटे मान से अधिक नहीं होना चाहिए :

(i) $P = \frac{cf(t - C_1)^2}{b^2}$ **समीकरण (VI/3)**

(ii) $P = \frac{6.25t^2.f.E}{w^2}$ **समीकरण (VI/4)**

जहाँ

P = अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव

t = मोटाई

b = हेडर्स से जुड़े किनारों के बीच की आंतरिक चौडाई

c = रॉट स्टील हेतु 3.413 और स्टील कास्टिंग हेतु 2.926

जहां किनारों को नली या अन्यथा अधिक सहायता द्वारा रिइनफोर्स्ड किया जाता है ताकिनली या सहायक के बीच के हिस्से की लंबाई बी से अधिक न हो, जिसे रॉट स्टील हेतु 5.82 और स्टील कास्टिंग हेतु 5.12 के रूप में लिया जाना चाहिए,

f = खंड (ग) के तहत तालिका VI / 3 में दिए गए अनुसार कार्यशील धातु तापमान पर अनुमेय दबाव

c_1 = 0.08

w = ट्यूब प्लेट और विपरीत किनारों के बीच हैडर की आंतरिक चौड़ाई

E = छिद्रों के बीच के लिगामेंट्स की दक्षता

(ख) यदि हेडर के फेस को सामान्य रूप से ट्यूब होल या हैंड होल पर मशीनीकृत किया जाता है, तो उस हिस्से की मोटाई उपरोक्त समीकरण द्वारा दिए गए 4.8 एमएम से कम हो सकती है; लेकिन सूत्रों के उपयोग से प्राप्त मोटाई को छोड़कर, ट्यूब छिद्र पर हेडर की मोटाई कम से कम नहीं होनी चाहिए :-

$t = \sqrt{(C \times d + C_1)}$ **समीकरण (VI/5)**

जहां

t = मोटाई

d = छिद्र का व्यास

C = 0.2235 एमएम

C_1= 6.4 एमएम

छोटे पैच के क्षेत्र में 322 एमएम$_2$ को छोड़कर, किसी भी मामले में मोटाई 8 एमएम से कम नहीं होनी चाहिए, समीकरणों (VI/3) और (VI/4) में प्रयुक्त मोटाई, मोटाई का 50 प्रतिशत हो सकती है।

(ग) कार्यशील धातु तापमान पर अनुमेय तनाव नीचे दी गई तालिका के अनुसार होना चाहिए: -

तालिका VI/3 : आयताकार सेक्शन हेडर्सहेतु कार्यशील दबाव पर अनुमेय तनाव

डिग्री में कार्यशील धातु तापमान	कास्ट स्टील 44-45 kg/mm²	कार्बन और एलाय स्टील
C	kg/cm² (g)	निर्दिष्ट तापमान पर प्रत्येक मामले में निम्न मान निम्न आधार पर गणना करके प्राप्त की जाती है :
288	703	
316	633	
343	562	454°C तापमान पर अथवा उससे नीचे तापमान पर
371	532	
399	505	$\frac{T.S}{2.7}$ or $\frac{E_t}{1.5}$
427	475	
454	443	
482	309	454 °C अधिक तापमान हेतु $\frac{S_r}{1.6}$ अथवा S_c

जहाँ

T_s = सामान्य तापमान पर सामग्री की न्यूमतम तन्यता क्षमता

E_t = कार्यशील धातु के तापमान 't' पर यील्ड प्वांइट (0.2 प्रतिशत प्रूफ स्ट्रेस)

S_r = 100,000 घंटों में रप्चर लाने के लिए तापमान 't' पर औसत दबाव और किसी भी मामले में 100,000 घटों में रप्चर लाने के लिए न्यूमतम दबाव 1.33 से अधिक नहीं होगा।

S_c = 100,000 घटों में 1 प्रतिशत का इलॉनगेशन (क्रीप) डालने के लिए तापमान 't' पर औसत दबाव ।

(घ) कार्यशील धातु के तापमान को इस प्रकार से लिया जाना चाहिए :

संतृप्त वाष्प और वाटर ड्रम तथा हेडर हेतु संतृप्ति तापमान बॉयलर प्लस 28°C कार्यशील दबाव के अनुरूप होना चाहिए।

सुपरहीटर हेडर्स हेतु हेडर प्लस 28°C हेतु वाष्प का तापमान अधिकतम होना चाहिए।

(ङ) जहां हेडर दहन की गैसों से पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं या बॉयलर के तीसरे या बाद के पास में ऐसी गैसों द्वारा बह गए हैं, काम कर रहे धातु के तापमान को संतृप्ति के रूप में लिया जाएगा या ऊपर परिभाषित अधिकतम भाप तापमान, जो भी लागू हो, के रूप में लिया जाएगा। एक कवरिंग या आग रोक या इन्सुलेट सामग्री जो हटाए जाने के लिए उत्तरदायी हो सकती है, उसे पर्याप्त सुरक्षा नहीं माना जाएगा।

(च) **शिरों से जुड़े -** आयताकार हेडर के सिरों को हेडर के साथ जोड़कर बनाया जा सकता है या वेल्डिंग द्वारा उसे जोड़ा जा सकता है।

फ्लैट सिरों के लिए अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव की गणना निम्न सूत्र द्वारा की जानी चाहिए : -

$$P = \frac{f\,(t - C)^2}{\text{----------}} \qquad \textbf{समीकरण} \text{ (VI/6)}$$

$$d^2 K$$

जहां,

P =अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव कि.ग्रा/ से.मी.^{2}(जी) में

f =अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव केजी/सीएम^2(जी) में जैसाकि ऐसे देश की शाषी कोड में उपलब्ध है जिससे कि सामग्री संबंधित है।

t = आयताकार हेडर की वाल्स के बीच की न्यूनतम चौड़ाई मिमी.में

C = 1 मिमी,

K = हेडर के साथ 0.32 एंड इंटीग्रल सहित अथवा फ्लैंग्ड और बट वेल्डिड के लिए,

= अनुमोदित तरीके से हेडर के साथ सीधे तौर पर स्ट्रेंथ वेल्डिड एंड्स के लिए 0.40 ।

220. हैडर फॉर्म में अनियमितता

ऐसे मामलों में जहां हेडर अनियमित आकार के होते हैं वहां मोटाई के निर्धारण के लिए एक सूत्र के प्रयोग को अव्यावहारिक रूप से प्रस्तुत किया जाता है, निर्माता अधिकतम आंतरिक हाइड्रोलिक दबाव को इंगित करके कार्यशील स्थिति के लिए हेडर की उपयुक्तता दिखाएगा जिससे एक हेडर स्थायी विरूपण रहित एक ही डिजाइन और समान सामग्री से बने होंगे। इसी तरह के हेडर के लिए अधिकतम कार्यशील दबाव को निम्नलिखित सूत्रों द्वारा निर्धारित किया जा सकता है: -

कार्यशील धातु तापमान पर अनुमेय दबाव

$$P = P_1 \times \frac{\text{कार्यशील धातु तापमान पर अनुमेय दबाव}}{F \times C}$$

समीकरण (VI/7)

जहाँ,

P = प्रति वर्ग पाउंड में अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव

P_1 = स्थायी डीफार्मेशन रहित अधिकतम आतंरिक हाइड्रोलिक दबाव प्रतिरोध

F = रॉट स्टील हेतु **1.75** और कास्ट सटीक हेतु **2,**

C = न्यूनतम अल्टीमेट तन्यता तनाव में **24** टन प्रति वर्ग के रॉट स्टील हेतु **15500,**

= न्यूनतम अल्टीमेट तन्यता तनाव में **26** टन प्रति वर्ग के रॉट स्टील हेतु **16500,**

= न्यूनतम अल्टीमेट तन्यता तनाव में **28** टन प्रति वर्ग के रॉट स्टील हेतु **18000,**

= न्यूनतम अल्टीमेट तन्यता तनाव में **32** टन प्रति वर्ग के रॉट स्टील हेतु **21000**

= न्यूनतम अल्टीमेट तन्यता तनाव में **34** टन प्रति वर्ग के रॉट स्टील हेतु **22000**

= न्यूनतम अल्टीमेट तन्यता तनाव में **28** टन प्रति वर्ग के कास्ट स्टील हेतु **15500**

221.

(क) बेलनाकार हेडर - जहां बेलनाकार हेडर लगाए जाते हैं, उनका अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव समीकरण (IV/1) द्वारा निर्धारित किया जाना चाहिए।

(ख) शिरो से जुड़े- शिरो से जुड़े और अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव की गणना करने की विधि विनियमन के खंड (च) के अनुसार होनी चाहिए।

निम्नलिखित संशोधन के अध्यधीन :-

K = शिरो के आतंरिक भाग अथवा फ्लैंज और बट को हैडर में वेल्ड करने हेतु 0.19।

= स्वीकृत तरीके से हैडर से सीधे शिरों को वेल्ड करने हेतु 0.28 और

d = हैडर का आतंरिक व्यास।

अपेक्षित मोटाई का निर्धारण निम्नलिखित सूत्र से किया जाना चाहिए:

$$t = d \times \sqrt{\frac{P \times K}{f}} + C$$

समीकरण (VI/8)

जहाँ,

P = अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव केजी/सीएम^2(जी) में

f = अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव केजी/सीएम^2(जी) में जैसाकि ऐसे देश की शाषी कोड में उपलब्ध है जिससे कि सामग्री संबंधित है

t = सबसे हल्के भाग में प्लेट की मोटाई एमएम में

C = 1 एमएम,

K = शिरो के आतंरिक भाग अथवा फ्लैंज और बट को हैडर में वेल्ड करने हेतु 0.19।

= स्वीकृत तरीके से हैडर से सीधे शिरों को वेल्ड करने हेतु 0.28

d = हैडर का आतंरिक व्यास।

अध्याय 7

पाइप और फिटिंग्स

222. पाइप

(1) **पाइप:** वाष्प-पाइप कार्बन स्टील, कास्ट स्टील, अलॉय स्टील और निकल अलॉय से बने हो सकते हैं। पाइपों को मजबूती से खींचा जा सकता है (कोल्ड अथवा हॉट फिनिश्ड), बट वेल्डेड या विद्युत प्रतिरोधक से वेल्डेड हो सकते है।

(2) हालांकि, उपयोग की गई सामग्री निर्माण के देश के कोड के अनुरूप होती है और इसे इन विनियमों में शामिल किया गया है, अलग-अलग तापमान पर कोड में निर्दिष्ट अनुमेय तनाव के आंकड़े निम्नलिखित में से किसी भी मामले में विनियम 229 के तहत प्रस्तुत आवश्यक डेटा से गणना किए गए आंकड़ों के बदले स्वीकार किए जा सकते हैं:-

(i) जहां निरीक्षण प्राधिकारी से इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है कि स्टील,ग्रेड स्टील की आवश्यकताओं का अनुपालन करता है (विनिर्दिष्ट किया जाना है) और यह कि कार्यशील स्थिति के लिए अनुमेय तनाव जैसा कि विनियमों के तहत अनुमत सीमाएँ निर्माता देश के कोड में अनुमत के अंतर्गत आता है ।

(ii) जहां इन दबावों के लिए आधार उपलब्ध कराया गया है और ऐसा आधार को विनियमन के तहत अधिक तनाव लाने के लिए समुचित नहीं पाया जाता है ।

जहां इन दबावों का आधार उपलब्ध कराया गया है और ऐसा आधार ऐसा नहीं पाया जाता है जो विनियमों के तहत अनुमेय से अधिक तनाव को जन्म देता है।

जहां पाइपों को आकार देने के लिए प्लेट्स रोल्ड की लोंगीट्यूडीनल फ्यूजन बट इलेक्ट्रिक आर्क वेल्डिंग द्वारा निर्मित किया जाना है, विनियमन 228 के तहत तालिका VII/4 में बट वेल्डेड पाइपों के लिए निर्धारित सीमाएं लागू नहीं होंगी। ऐसे पाइपों पर अध्याय -12 में निर्धारित फ्यूजन बट वेल्डिंग के लिए शेल की न्यूनतम मोटाई से संबंधित आवश्यकताओं के अलावा अन्य आवश्यकताएं लागू होंगी।

(3) अध्याय -7 में कुछ भी शामिल करने के बावजूद, मेकर्स प्रिमाइज में पाइप के लिए हाइड्रोलिक परीक्षण, निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा नहीं भी किया जा सकता है:

बशर्ते कि इन पाइपों का अनुमोदित रेडियोग्राफिक या अल्ट्रासोनिक तकनीकों द्वारा पूरी तरह से परीक्षण किया गया हो:

बशर्ते कि ऐसे पाइपों के मामले में, जिनका आंतरिक व्यास 1000 एमएम और उससे अधिक है, पाइप के निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली प्लेटों और पाइपों के लंबे सीम वेल्ड का पूर्णतःपरीक्षण अनुमोदित नॉन-डिस्ट्रक्टिव परीक्षण से किया जाता है; उदाहरणार्थ, अल्ट्रासोनिक या रेडियोग्राफिक परीक्षण और मूल सामग्री और वेल्ड दोनों में पाइप की मजबूती निर्माता के मेकर्स प्रिमाइजेस में निर्धारित होती है; और साइट पर किसी भी आगे के निर्माण कार्य और इरेक्शन के पूरा होने के बाद पाइप का पूरा भाग, पाइपिंग सिस्टम के अधिकतम अनुमत कार्यशील दबाव के 1.5 गुना से कम दबाव पर हाइड्रोलिक रूप से परीक्षण किया जाता है:

बशर्ते यह भी कि साइट पर इन पाइपों का हाइड्रोलिक परीक्षण करने के बाद किसी भी तरह की खराबी का पता चलने की स्थिति में, जैसा कि निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित समझा जाए खराब पाइपों की मरम्मत या बदलने की जिम्मेदारी निर्माता की होगी,

(4) इलेक्ट्रिक फ्यूजन वेल्डेड पाइप जिसमें बट-वेल्ड पूरी तरह से रेडियोग्राफ किए गए हैं या अल्ट्रासोनिक रूप से परीक्षण किए गए हैं, उन्हें शॉप्स में हाइड्रॉलिक रूप से परीक्षण करने की आवश्यकता नहीं है, बशर्ते कि पूरी तरह से पाइप सिस्टम को साइट पर हाइड्रॉलिक रूप से परीक्षण किया गया हो,

(5) फ्यूजन वेल्डेड पाइप के मामले में सभी वेल्डेड सीमों को लगाने के लिए टेस्ट प्लेट्स को लोंगीट्यूडीनल सीम के प्रत्येक एंड पर जोड़ा जाना चाहिए और एक टेस्ट प्लेट 60 एम तक की लंबाई के बहुत से पाइप को लगा सकती है और समान ग्रेड की सामग्री और समान हीट ट्रीटमेंट के अध्यधीन पाइप की समान मोटाई को छोड़कर अध्याय -12 की आवश्यकताओं के अनुसार परीक्षण किया जाना चाहिए ।

7.1 सामग्री

223. स्टील पाइप

तन्यता परीक्षण नमूना (7_1 और 7_2) विनियम 133 के अनुसार तैयार दिया जाएगा। बेंड परीक्षण नमूने प्रत्येक दो (FB और RB विनियम 135 और 136 के अनुसार तैयार और परीक्षण किया जाएगा। दो नमूने (M_1 और M_2) तैयार किए जाएंगे, एक माइक्रो के लिए और दूसरा मैक्रो परीक्षा के लिए विनियम 139 (क) के अनुसार होंगे।

जब निम्नांकित आवश्यकताएं पूरी हो जाएगी तो परीक्षण संतोषजनक माना जाएगा। दोनों परीक्षण नमूनों की तन्य शक्ति सामग्री के लिए आवश्यक शक्ति को पूरा करेगी।

बेंड परीक्षण नमूनों का उत्तल पक्ष 180 डिग्री तक झुकने के बाद तीन गुना मोटाई के मैनइन व्यास के साथ किसी भी दिशा में 3 मि.मी से अधिक आकार में कोई अंतराल नहीं दिखाएगा। एलॉय स्टील नमूने के मामले में, बेंड का कोण सक्षण प्राधिकारी द्वारा तय किया जाता है, बशर्ते कि कोण किसी भी स्थिति में 120° से कम ना हो। मैक्रो/ माइक्रो परीक्षण वेल्ड धातु और एच ए जेड की संतोषजनक सूक्ष्मता को दिखाती है।

(ख) फिलेट वेल्डेड प्लेट नमूने:-

फिलेट: वेल्ड परीक्षण नमूने की तैयारी चित्र XIII/5 के अनुरूप होगी। परीक्षण नमूने में कोई दृश्यमान दरार नहीं होनी चाहिए। इसे केन्द्रीय खंड (254 मि.मी) लंबा और दो स्थित खंडों प्रत्येक लगभग (25 मि.मी) लबांई प्रदान करने के लिए अनुरूप रूप से काटा जाएगा। मध्य खंड को पार्श्व रूप से इस तरह लोड किया जाना चाहिए कि वेल्ड की धातु तनाव में हो। लोड़ लगातार तब तक बढ़ाया जाना चाहिए जब तक कि नमूना फ्रैक्चर या बेंड अपने आप प्लैट न हो जाए।

वेल्ड की संरचना की स्पष्ट परिभाषा देने के लिए एक उपयुक्त अभिकर्मक के साथ सिरा खंडों में से एक के कटे हुए सिरे को पॉलिश और नक्काशीदार किया जाएगा।

निम्नालिखित आवश्यकताओं के पूरा होने पर परीक्षण को संतोषजनक माना जाएगा।

लोडिंग के दौरान बेंड नमूना फ्रैक्चर नहीं होगा और यदि नमूना फ्रैक्चर होता है, तो खंडित सतह दरार या अपूर्ण धातु भेदन का कोई साक्ष्य नहीं होना चाहिए, और खंडित सतह पर दिखाई देने वाले समावेशन और गैस पाकिट की लंबाई का योग (51 मि.मी.) से अधिक नहीं होना चाहिए।

वेल्ड के क्रॉस सेक्शन की दृश्य परीक्षा निम्नलिखित प्रस्तुत करेगी:

धातु में पूर्ण संलग्न और दरारों से मुक्ति।

वेल्ड प्रोफाइल की उत्तलता या अवतलता 1.6 मि.मी में अधिक नहीं।

1.6 मि.मी. के अंतर के भीतर परीक्षण के दो लैग की लंबाई।



चित्र XIII/5: प्रदर्शन योग्यता के लिए फिलेट वेल्ड साउंडनेस परीक्षण

(ग) **ग्रुव और फिलेट वेल्डेड पाइप ट्यूब नमूने**

ग्रुव वेल्डेड पाइप और ट्यूब के नमूनों को चिह्नित किया जाएगा और परीक्षण सामग्री को चित्र XIII/6 के अनुसार काटा जाएगा. परीक्षण सामग्री फेस बेंड, रूट बेंड और निक्षारण परीक्षण के लिए तैयार का जाएगी।

पाइपों को चपटा नहीं किया जाएगा लेकिन धातु पर 0.8 मि.मी. से कम प्रबलन के साथ उनकी घुमावदार स्थितियों से परीक्षण किया जाएगा। किसी अतिरिक्त वेल्ड धातु को घिसकर हटाया जा सकता है।

बेंड परीक्षण नमूने की उत्तल की ओर 3 मि.मी से अधिक का अंतराल नहीं होगा।



चित्र XIII/6 वेल्डेड पाइप/ ट्यूब से परीक्षण नमूना को हटाने का क्रम

फिलेट वेल्डेड उपखंडों का परीक्षण निम्न के लिए किया जाएगा:

(i) **विजुअल जांच** - इस प्रकार प्राप्त परीक्षण वेल्ड की धातु भेदन, अंडर कट से मुक्ति, दूरी की स्थिति, सतह की समानता, प्रोफाइल का आकार, जोड़ो का चिकनापन, छेद और धातु मैल से मुक्त, वेल्ड डिपोजिट या आयाम, वेल्ड मेटल की गुणवत्ता (ओवरहीटिंग, सतह की दरारें, स्पंजी सतह, आदि) के लिए दृश्य जांच की जाएगी। कोई भी सामग्री जिसमें गंभीर दोष हो अस्वीकार की जाएगी।

(ii) **मैक्रो जांच**- प्रत्येक उपखंड वेल्ड परीक्षण सामग्री को चित्र XIII/7 के अनुसार काटा जाएगा प्रत्येक भाग को प्रस्तुत और निक्षारित किया जाएगा। फिर सलंग्न की डिग्री, धातु भेदन की डिग्री, नॉन-मैटेलिक (धातु मैल) की अनुपस्थिति और वेल्ड धातु की गुणवत्ता के लिए खंडों की जांच की जाएगी। जोड़ को अच्छा धातु संलग्न बेसल क्रैसल से पूर्व रूप से मुक्त और किसी भी मामूली दोष की अनुपस्थिति करना चाहिए।





मुख्य पाइप का बाहरी व्यास D1- व्यास, 127X10 मि.मी. मोटी या अधिक

उपखंड D2 की बाहरी व्यास – व्यास. 89 मि.मी. X6 मी.मी मोटी या उससे अधिक

चित्र XIII/7 उपखंड वेल्ड के लिए नमूना हटाने का क्रम

(घ) वेल्डेड ट्यूब जोड़

परीक्षण की लंबाई लगभग 205 मि.मी लंबी लगभग केन्द्र पर झुके जोड़ के साथ ट्यूब से काटी जाएगी। दृश्य परीक्षा के बाद, 13 मि.मी. से कम परीक्षण सामग्री, 6 मि.मी. की मोटाई और नीचे और 6 मि.मी. से अधिक की मोटाई के लिए ट्यूब की मोटाई की तीन गुना को अनुदैर्ध्य रूप से काटा जाएगा।

वेल्ड के दोनों ओर परीक्षण सामग्री की लंबाई 76 मि.मी. से कम नहीं होनी चाहिए। आंतरिक बीड की थोड़ी अधिकता तब तक दर्ज की जा सकती है जब तक कि यह सामान्य सतह पर 0.8 मि.मी से अधिक न हो। फिर परीक्षण सामग्री को ट्यूबों की मोटाई के तीन गुना के बराबर व्यास के 90° के वृत्त माध्यम से तनाव में धातु के साथ पीछे की ओर मोड़ा जाता है

एलॉय स्टील पाइप और ट्यूब के संबंध में बेंड परीक्षण नमूना बिना सीधा किए मोड़ा जाना चाहिये, लेकिन वेल्ड प्रबलन को नीचे के स्तर सतह के नीचे नहीं, व्यास 4t के पूर्व और 90° के कोण के माध्यम से हटा दिया जाएगा। बैडिंग चोट या दबाव द्वारा पूरी की जाएगी। यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान रखा जाना चाहिए कि पूर्व को इस तरह से रखा जाए कि वेल्ड को बेंड के क्राउन पर बनाए रखा जाए। परीक्षण नमूना विफलता के संकेतों के बिना 90° डिग्री के माध्यम

से झुकने में सक्षण होगा, हालांकि, नमूने के किनारों पर मामूली असामयिक विफलता को अस्वीकृति का कारण नहीं माना जाएगा। अपूर्ण धातु भेदन यह धातु संलयन की कमी का कारण मामूली दोष का पता चलने को अस्वीकृति का कारण नहीं माना जाना चाहिए, बशर्ते दोष के कारण पीछे और दोनों ओर की धातु से आवाज आती हो।

(ङ) क्लैडिड नमूना

(i) क्षरण प्रतिरोधी/ हार्ड फेसिंग ओवरले वेल्ड सतह की तरल भेदन विधि द्वारा जांच की जाएगी और विनियम 139 बी में स्वीकृति मानको को पूरा करेगा।

(ii) क्षरण प्रतिरोधी परीक्षण कूपन को चार साइड बेंड (बी1, बी2, बी3, बी4) परीक्षण नमूने जो विनियम 135 और 136 के अनुसार वेडिंग की दिशा के लंबवत है, को बनाने के लिए विभाजित किया जाएगा। परीक्षण नमूने को चित्र XIII/8 निर्दिष्ट स्थानों से हटाया जाएगा।



प्लेट का आकार 150x150xT (बेस मेटल मोटाई) मिमी में

प्लेट XIII/8: प्राथमिक/ पुन: योग्यता परीक्षण के लिए क्षरण प्रतिरोधी ओवरले से परीक्षण नमूना हटाने का क्रम।

(iii) हार्ड फेसिंग ओवरले बेस मेटल के हार्ड फेसिंग ओवरले की दिशा में तिर्यक खंड किये जायेंगे

हार्ड फेसिंग के दो फलकों को जो खंडों से निकले है को पॉलिश किया जाएगा और एक उपयुक्त निक्षारित के साथ उकेरा जायेगा और 5X आवर्धन के साथ दृष्टिगत रूप से जांच की जायेगी। वेल्ड धातु या ताप से प्रभावित क्षेत्र में, दरारें, संलयन की कमी, या वेल्ड धातु या अन्य रैखिक दोष की जांच की जायेगी। चित्र XIII/9 को देखें।



प्लेट का आकार 150x150 T (आधार धातु की मोटाई)

चित्र XIII/9 : प्रारंभिक/पुनः योग्यता परीक्षा के लिए हार्ड फेसिंग ओवरले से मेक्रो परीक्षण नमूने को हटाने का क्रम

(च) **नामंजूरी से पहले अतिरिक्त परीक्षण -** यदि उपरोक्त उप-विनियमों के अनुसार परीक्षण किए गए किसी भी परीक्षण के टुकड़े निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल होते हैं, तो एक और टुकड़े को नमूने से काटा जा सकता है और उसी परीक्षण को पुनः किया जा सकता है। यदि कोई परीक्षण टुकड़ा आवश्यक मानकों को पूरा नही करता हैं तो दो और वेल्ड किए जाएंगे और उपरोक्त उप-विनियम की प्रक्रिया दोहराई जाएगी। यदि इनमें से कोई भी वेल्ड आवश्यक मानक को पूरा नही करता हैं, तो वेल्डर को प्रमाण पत्र के लिए योग्य नहीं माना जाएगा।

(छ) **सक्षम प्राधिकारी का निर्णय** - वेल्डर प्रमाणपत्र स्वीकृत करने से इंकार करने का सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

431. पुनःयोग्यता परीक्षण के लिए परीक्षण नमूनों की जांच

(क) **ग्रूव वेल्ड प्लेट के नमूने**

वेल्डिंग के बाद ग्रूव वेल्ड प्लेट के नमूनों को वेल्डिंग के कारण हुई किसी भी विकृति को दूर करने के लिए लाइटली प्रेस्ड कोल्ड किया जा सकता है। परीक्षण के नमूने को तब दृश्य परीक्षण और रेडियोग्राफिक परीक्षण किया जाएगा जैसा कि विनियम 139 (बी) में वर्णित है। इसके बाद परीक्षण के खंडों को चित्र XIII/10 में दिखाए गए क्रम में चिह्नित किया जायेगा और काटा जाएगा। ।

फेस और रूट बेंड टेस्ट नमूनों को (एफबी और आरबी) तैयार कर और उनके परीक्षण विनियम 135 और 136 के अनुसार किए जाएंगे। विनियम 139 (क) के अनुसार प्रत्येक नमूने के दो (एम $_1$ और एम $_2$) तैयार किए जाएंगे, एक माइक्रो के लिए और दूसरा मैक्रो परीक्षण के लिए। निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने पर परीक्षण को संतोषजनक माना जाएगा।



चित्र XIII / 10 : पुन: योग्यता परीक्षण के लिए परीक्षण प्लेट से परीक्षण नमूने को हटाने का क्रम

बेंड टेस्ट नमूने का उत्तल पक्ष 180 डिग्री तक झुकने के बाद तीन गुना मोटाई के खराद के व्यास के साथ किसी भी दिशा में 3 मिमी से अधिक आकार में कोई असंतुलन नहीं दिखाएगा। अलॉय स्टील के नमूने के मामले में, बेंड का कोण सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय किया जाना है, बशर्ते कि कोण किसी भी स्थिति में 120 डिग्री से कम न हो।

मैक्रो / माइक्रो परीक्षण वेल्ड मेटल और एचएजेड के संतोषजनक माइक्रोस्ट्रक्चर को प्रकट करती है।

(ख) **फिलेट प्लेट वेल्ड नमूना** - वे विनियम 430(ख) में दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित किए जाएंगे ।

(ग) **पाइप और ट्यूब वेल्डिंग -** विनियम 430 (ग) या 430 (घ), जैसा भी मामला हो, में निर्धारित नमूने तैयार कर और उनके परीक्षण किए जाएंगे।

(घ) **क्लैड नमूना**

क्लैड किए हुए नमूनें का मूल्यांकन विनियम 430 (ङ) के अनुसार किया जाएगा ।

(ङ) **नामंजूरी से पहले अतिरिक्त परीक्षण -** यदि उपरोक्त उप-विनियमों के अनुसार परीक्षण किए गए किसी भी परीक्षण के टुकड़े निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहते हैं, तो एक और वेल्ड को नमूने में से काटा जा सकता है और उसी परीक्षण को पुनः किया जा सकता है। यदि कोई परीक्षण टुकड़ा आवश्यक मानकों को पूरा नही करता है, तो पर्याप्त पुनर्प्रशिक्षण के बाद एक और वेल्ड किया जाएगा, और उपरोक्त उप-विनियम की प्रक्रिया पुनः दोहराई जाएगी। यदि पुनः वेल्ड भी आवश्यक मानक को पूरा नही करता हैं, तो वेल्डर को प्रमाण पत्र के लिए योग्य नहीं माना जाएगा।

(च) वेल्डर प्रमाणपत्र स्वीकृत करने से इंकार करने का सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

432. अंक देने की प्रक्रिया

प्रपत्र XII के अनुसार अंक दिए जाएंगे। मौखिक या लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत अंकों से कम नहीं प्राप्त करने वाले और व्यावहारिक परीक्षणों में 75 प्रतिशत से कम अंक नहीं प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र के लिए योग्य माना जाएगा, बशर्ते कि बेंड परीक्षण संतोषजनक पाए जाएं। यदि कोई अभ्यर्थी मौखिक या लिखित परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है परन्तु प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाता है, तो उसकी मौखिक परीक्षा या लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा

की तारीख से बारह सप्ताह की अवधि के भीतर पुन: परीक्षा ली जा सकती है, और यदि वह कम से कम पुन: परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तो, उसे प्रमाण पत्र के लिए योग्य माना जाएगा।

प्रपत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाएगा।

433. प्रमाणपत्र देने की प्रक्रिया

विनियम 428 (ए) में निर्धारित और विनियम 428 (बी) में निर्धारित परीक्षणों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर, वेल्डर को उसके द्वारा उत्तीर्ण परीक्षणों की सीमा तक प्रपत्र XIII में एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जा सकता है।

वेल्डर/ वेल्डिंग ऑपरेटर जो प्लेटों में ग्रूव वेल्ड के लिए परीक्षण पास करते हैं, उन्हें प्लेटों में फिलेट वेल्ड बनाने के लिए योग्य माना जाएगा। वेल्डर/ वेल्डिंग ऑपरेटर जो फिलेट वेल्ड के लिए परीक्षण पास करते हैं, वे केवल फिलेट वेल्ड बनाने के लिए योग्य होंगे। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के तहत किसी भी उद्देश्य के लिए जारी किया गया कोई भी प्रमाण पत्र इस अध्याय के तहत उसी उद्देश्य के लिए जारी किया गया माना जाएगा और उक्त नियमों के तहत की गई कोई भी कार्रवाई इस अध्याय के तहत की गई समझी जाएगी।

434. अभिलेखों का रखरखाव

बॉयलर और स्टीम-पाइप का प्रत्येक निर्माता या मरम्मत करने वाला, बॉयलर और स्टीम-पाइप की वेल्डिंग और मरम्मत में लगे सभी वेल्डिंग कर्मियों का रिकॉर्ड रखेगा तथा ऐसे प्रत्येक वेल्डर / वेल्डिंग ऑपरेटर का विवरण और उनके द्वारा किए गए कार्य का अभिलेख रखेगा। ऐसा अभिलेख मांगे जाने पर निरीक्षण प्राधिकारी, सक्षम व्यक्ति को प्रस्तुत किया जाएगा।

वेल्डर/ वेल्डिंग आपरेटरों के मामले में जो स्वयं की जिम्मेदारी के तहत वेल्डिंग का कार्य करते हैं, उपरोक्त रिकॉर्ड स्वयं द्वारा रखा जाएगा।

435. वेल्डर/ वेल्डिंग ऑपरेटरों की परीक्षा के लिए शुल्क

विनियम 285 देखें।

436. जुर्माना

विनियम 285 देखें।

अध्याय - 14

छोटे औद्योगिक बॉयलर

14.1 सामान्य

437. कार्य क्षेत्र

यह अध्याय छोटे औद्योगिक बॉयलरों के डिजाइन, निर्माण, निरीक्षण, पंजीकरण, संचालन और रखरखाव पर लागू होगा।

438. परिभाषा

इस अध्याय में, "लघु औद्योगिक बॉयलर" का अर्थ है-

(क) शेल प्रकार का बॉयलर जो 7 किग्रा/सेमी^{2} (जी) तक के दाब में स्वयं के बाहरी उपयोग के लिए भाप उत्पन्न करता है और जिसकी वॉल्यूमेट्रिक क्षमता 25 लीटर से अधिक होती है (ऐसी क्षमता को फीड चेक वाल्व से मुख्य स्टीम स्टॉप वाल्व तक मापा जाता है), लेकिन एक ही ताप स्रोत से गर्म किए जाने और बॉयलर से जुड़े सभी दबाव भागों की वॉल्यूमेट्रिक क्षमता सहित 500 लीटर से अधिक नहीं है; या

(ख) क्वॉयल प्रकार या एक बार बॉयलर या वॉटर ट्यूब बॉयलर के माध्यम से ऊपर खंड (क) में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करता हो सिवाय इनको छोड़कर-

(i) दाब की सीमा 12 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) होगी, और

(ii) क्षमता 150 लीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए;

बशर्ते कि बॉयलर में खंड (क) और (ख) की संयुक्त विशेषताएं हों, डिजाइन दाब 7 किग्रा / सेमी ^{2} (जी) तक सीमित होगा और विशेष दाब वाले हिस्सों की वॉल्यूमेट्रिक क्षमता इस संबंध में निर्दिष्ट सीमा से अधिक नहीं होगी जो उपरोक्त खंड के लिए कुल 500 लीटर की सीमा में हैं।

439. पिछले अध्यायों में निर्धारित मानक शर्तों से किस सीमा तक बदलाव की अनुमति है

बॉयलरों और कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, नीचे निर्दिष्ट शर्तों के अधीन, पिछले अध्यायों में निर्धारित मानक शर्तों से निम्नलिखित बदलाव की अनुमति दी जाएगी,:-

(1) **सामग्री** -

(क) आगे दी गई सामग्री को छोड़कर, छोटे औद्योगिक बॉयलरों के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री इन विनियमों के अध्याय-2 में किए गए प्रावधानों के अनुरूप होगी।

(ख) बॉयलरों के निर्माण में उपयोग की जाने वाली स्टील प्लेट आईएस: 2062 फुल्ली किल्ड या समतुल्य होनी चाहिए और शेल और हैड के लिए प्लेट की मोटाई 6 मिमी से कम नहीं होनी चाहिए और ट्यूबों के रोल के लिए ट्यूब शीट के रूप में हैड कम से कम 8 मिमी मोटाई का होना चाहिए।

आईएस: 2062 की स्टील प्लेट्स को स्टील निर्माता से फॉर्म IV के साथ प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं है, बशर्ते लागू नियमों में निर्दिष्ट अन्य सभी प्रमाणन आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया हो।

(ग) (i) बॉयलरों के पुर्जों के हेड जब लौ के सीधे प्रभाव के संपर्क में नहीं आते हैं, उन्हें कच्चे लोहे या आघातवर्धनीय लोहे से बनाया जा सकता है, बशर्ते वे इन विनियमों की अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन करते हों।

(ii) कच्चा लोहा या आघातवर्धनीय लोहे पर स्वीकार्य स्ट्रेस सामग्री की तन्यता क्षमता पर आधारित होगा जिसमें सुरक्षा का कारक 4.5 से कम नहीं होगा।

(2) **डिजाइन, निर्माण, कारीगरी और अधिकतम स्वीकार्य कार्य दाब की गणना करने की विधि-**

(क) (i) वहाँ जहां निर्दिष्ट किया गया है को छोड़कर, निर्माण वही होगा जो इन विनियमों के पूर्ववर्ती अध्यायों के प्रासंगिक प्रावधानों में निर्धारित है।

(ii) फ्यूजन वेल्ड किये बॉयलर के मामले में न तो स्ट्रेस मुक्ति और न ही वेल्ड किये हुए जोड़ों की रेडियोग्राफी की आवश्यकता होती है।

(ख) (i) छोटे औद्योगिक बॉयलरों में अनफलैग्स स्टील ट्यूब प्लेट शेल में डाला जा सकता है और पूरी मोटाई के लिए वेल्ड किया जा सकता है जैसा कि नीचे चित्र XIV/1 में दिखाया गया है, जिसमें एक फिलेट वेल्ड है जिसका थ्रोट शेल की मोटाई का 1¼ गुना से कम नहीं है या ट्यूब शीट जो भी छोटी हो।



t_1 : 2 TIMES REQUIRED THICKNESS OF A SEAMLESS SHELL
BUT NEVER LESS THAN 1.25 t_s OR GREATER THAN t

चित्र XIV/1

(ii) फ्लैंग्ड वेल्ड की हुई ट्यूब शीट की न्यूनतम मोटाई 10 मिमी होनी चाहिए।

(iii) विद्युत रूप से हीटिड भाप बॉयलरों के ताप तन्तुओं का तापमान इस प्रकार नियंत्रित किया जाएगा कि यह 650°C से अधिक न हो।

(ग) (i) ट्यूब स्टील के बने होंगे।

(ii) ट्यूबों के छेदों को शेल बट स्ट्रीप के साथ पूर्ण आकार में ड्रिल किया जाएगा और एंड बोल्ट पोजिशन में ऊपर होगा या पूर्ण आकार से व्यास में कम से कम 13 मिमी छोटा छिद्रित किया जा सकता है और फिर एक घूर्णन कटर के साथ पूर्ण आकार में ड्रिल, रीमेड या पूर्ण आकार में तैयार किया जा सकता है। तेज किनारों और चिप्स को हटायेंगे व प्लेट्स और बट स्ट्रैप्स रिअसेम्बल मेटल को धातु में पिन फिटिंग और टेक बोल्ट के साथ फिर से जोड़ा जायेगा।

(3) **निरीक्षण और परीक्षण** - छोटे औद्योगिक बॉयलरों का निर्माण के दौरान और निर्माण कार्य के बाद एक निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। बॉयलरों का निरीक्षण निम्नलिखित चरणों में किया जाएगा:

क. शेल प्रकार के बॉयलर:

(i) सामग्री की पहचान और निरीक्षण।

(ii) वेल्डिंग और ड्रिलिंग पूरा करने के बाद प्रत्येक घटक का निरीक्षण।

(iii) बॉयलर की असेंबली।

(iv) हाइड्रोलिक परीक्षण:

बॉयलर के पूर्ण या आंशिक रूप से वेल्ड निर्माण के मामले में, हाइड्रोलिक परीक्षण दाब बॉयलर के डिजाइन दाब के दो गुना के बराबर होगा।

(v) रूट और फेस बेंड परीक्षण करने के लिए निर्माता द्वारा एक परीक्षण कूपन दिया जाएगा।

ख. क्वॉयल टाइप बॉयलर्स, वन्स थ्रू बॉयलर्स और वाटर ट्यूब बॉयलर्स:

(i) सामग्री की पहचान।

(ii) हाइड्रोलिक परीक्षण - हाइड्रोलिक परीक्षण के लिए दाब बॉयलर के डिजाइन दाब का दो गुना होगा ।

(4) **प्रमाण पत्र और निर्माता की मुहर**

(क) प्रमाण पत्र और निर्माता की मुहर इन विनियमों के अध्याय -1 के प्रावधानों के अनुरूप होगी ।

(ख) यदि बॉयलर के छोटे आकार के कारण बॉयलर प्लेट पर सभी सूचनाओं को स्पष्ट रूप से स्टाम्प नहीं किया जा सकता है तो बॉयलर के साथ निर्माता के प्रमाण पत्र में आवश्यक विवरण शामिल होंगे, लेकिन सभी मामलों में बॉयलर पर नाम, कार्य संख्या और निर्माण के वर्ष की मुहर लगाई जानी चाहिए या प्रदर्शित की जानी चाहिए।

440. वाल्व, गेज, फिटिंग और फीड आपूर्ति

(क) सफाई के लिए वाशआउट प्लग आदि-

(i) प्रत्येक बॉयलर में कम से कम 25 मिमी व्यास के कम से कम 3 ब्राश के वॉश प्लग लगे होने चाहिए जो शेल के मुख के पास तल में स्क्रू किये जाएंगे। क्लोज्ड़ सिस्टम टाईप हिटिड़ बॉयलरों में आंतरिक इलेक्ट्रिक हिटिंग एलिमेंट के हटाने पर, इन एलिमेंट के सिरों को जब ये साफ-सफाई के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त हो, तो वॉश आउट ओपनिंग के लिए प्रतिस्थापित किया जा सकता है।

(ii) 300 मिमी से अधिक आंतरिक व्यास वाले बॉयलरों में सफाई के लिए 25 मिमी के दो द्वार हो सकते हैं जिनमें से एक का उपयोग ब्लो ऑफ वाल्व को लगाने के लिए किया जा सकता है। द्वार, जहां भी संभव हो, एक दूसरे के विपरीत होने चाहिए। बॉयलर में सभी थ्रेडेड ओपनिंग को वेल्डिंग से सुदृढ़ किया जाएगा और यदि आवश्यक हो, तो उसमें चार पूरे थ्रेड दिये जायेंगें।

(iii) निरीक्षण और सफाई के लिए इम्पलोयिंग रिमुवेबल टॉप कवर फलैग्स डिजाइन वाले इलेक्ट्रिक बॉयलरों को वॉशआउट ओपनिंग और वॉशआउट प्लग के साथ फिट करने की आवश्यकता नहीं है। वन्स थ्रू बॉयलरों के लिए लेवल गेज की आवश्यकता नहीं होती है।

(ख) प्रत्येक बॉयलर के लिए कम से कम एक फीड पंप या अन्य फीडिंग डिवाइस उपलब्ध करवाया जाएगा, सिवाय इसके कि वह उस बॉयलर को फीड कराने के लिए पानी के मेन केरीइंग प्रेशर से जुड़ा हो या जहां भाप जनरेटर बिना भाप के निष्कर्षण (क्लोज्ड सिस्टम) के साथ संचालित हो। बाद के मामले में, फीडिंग डिवाइस के बदले, बॉयलरों के फीड के लिए एक उपयुक्त कनेक्शन या द्वार प्रदान किया जाएगा। ऐसे कनेक्शन 13 मिमी व्यास से कम के नहीं होने चाहिए।

(ग) इस उप-विनियम के प्रावधानों के अधीन प्रत्येक बॉयलर को इन नियमों के अध्याय-5 में दिये गए आवश्यक माउंटिंग और फिटिंग के साथ फिट किया जाएगा, और वे 7 किलो / सेमी^{2} (जी) के लिए उपयुक्त मजबूत निर्माण के होंगे। सेफ्टी वॉल्व को छोड़कर इन सभी फिटिंग को फिटिंग के निर्माताओं द्वारा स्वयं प्रमाणित किया जाएगा।

(i) **फीड पाइप** - फीड पाइप में एक चेक वाल्व और एक स्टॉप वॉल्व की व्यवस्था की जाएगी जो उस पाइप के आकार से कम न हो। ब्लो ऑफ कनेक्शन के शेल में उसी आकार के द्वार के माध्यम से बॉयलर तक फीड वाटर पहुंचाया जा सकता है।

(ii) **ब्लो ऑफ** - प्रत्येक बॉयलर ब्लो ऑफ कनेक्शन से सुसज्जित होगा जो आकार में 18 मिमी से कम का नही होना चाहिए, जो बॉयलर के दाब के अधीन होने पर व्यावहारिक रूप से सबसे कम पानी के स्थान से बॉयलर के पानी को निकालने के लिए स्थित हो। पानी के कॉलम, वॉटर गेज ग्लास या गेज कॉक के लिए आवश्यक मुख या कनेक्शन के माध्यम से फीड वाटर का प्रचालन नहीं किया जाएगा ।

(iii)**वाटर गेज** – एक क्रॉयल टाइप या एक वन्स थ्रू बॉयलर के अलावा हर बॉयलर में पानी के स्तर को निर्धारित करने के लिए दो गेज ग्लास जिनकी लंबाई 150 मिमी से कम नही होगी, लगे होंगे। बॉयलर में पानी के गेज का सबसे कम दिखाई देने वाला हिस्सा न्यूनतम स्वीकार्य जल स्तर से कम से कम 25 मिमी ऊपर स्थित होना चाहिए।

ऊर्ध्वाधर बॉयलरों का न्यूनतम स्वीकार्य जल स्तर शेल के तल से या ट्यूब शीट के ऊपर से शेल की ऊंचाई के एक तिहाई बिंदु पर होना चाहिए। जहां बॉयलर आंतरिक भट्टी से सुसज्जित है, वहां जल स्तर फर्नेस ट्यूब शीट के टॉप के ऊपर ट्यूबों की लंबाई के एक तिहाई से कम नहीं होना चाहिए।

(iv) **दाब गेज** – स्टीम प्रेशर गेज डायल बॉयलर के अधिकतम स्वीकार्य कार्य दाब के दोगुने से कम नहीं होना चाहिए। डायल का व्यास कम से कम 100 मिमी और दाब गेज को जोड़ने वाला पाइप न्यूनतम 10 मिमी का होना चाहिए और कनेक्शन साइफन के माध्यम से होना चाहिए।

(v) **सुरक्षा वाल्व** - भाप के दाब को कम करने के लिए प्रत्येक बॉयलर में दो सुरक्षा वाल्व लगे होंगे। वाल्वों का व्यास 13 मिमी से कम नहीं होना चाहिए ।

सुरक्षा वाल्व की न्यूनतम राहत क्षमता बॉयलर द्वारा उत्पन्न सभी भाप को निर्वहन करने के लिए पर्याप्त होगी, जो बॉयलर के अधिकतम स्वीकार्य कार्य दाब से 10 प्रतिशत से अधिक दाब तक बढ़ने की अनुमति नही देगा। सुरक्षा वाल्व बिना किसी अनावश्यक अन्तःस्थ पाइप या फिटिंग के किसी भी अन्य भाप कनेक्शन से स्वतंत्र रूप से बॉयलर से जुड़ा होगा। इस तरह अन्तःस्थ करने वाले पाइप या फिटिंग यदि अपरिहार्य हो तो एक ही व्यास के टी फिटिंग के संबंधित फेस टू फेस आयाम से अधिक लंबा नहीं होना चाहिए और वहां से इसके द्वारा न्यूनतम निकासी वाल्व इनलेट के बराबर होना चाहिए।

सुरक्षा वाल्व और बॉयलर के बीच किसी भी प्रकार का कोई वाल्व नहीं रखा जाएगा जो सुरक्षा वाल्व से परिवेश में डिस्चार्ज पाइप पर नहीं है।

इलेक्ट्रिक्ली हीटिड़ बॉयलरों को पर्याप्त क्रॉस सेक्शन के लीड के साथ प्रभावी ढंग से भूयोजित किया जाएगा।

441. पंजीकरण, संचालन रखरखाव

(क) (i) अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (1) के तहत आवेदन के साथ आवश्यक शुल्क विनियम 263 के अनुसार होगा ।

(ii) वार्षिक निरीक्षण शुल्क विनियम 264 के अनुसार होगा ।

(ख) छोटे औद्योगिक बॉयलरों के निर्माण और परीक्षण का प्रमाण पत्र इन विनियमों के साथ संलग्न प्रपत्र XVII में जारी किया जाएगा।

(ग) इन बॉयलरों को चलाने वाले ऑपरेटर के पास मैट्रिक या समकक्ष की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।

अध्याय-15

बॉयलर के लिए फीड वॉटर

442. कार्य क्षेत्र

(क) यह अध्याय कम और मध्यम दबाव वाले बॉयलरों (60 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) तक के बॉयलरों के संचालन के लिए) फीड वॉटर और बॉयलर वॉटर के लिए विनिर्देशों को निर्धारित करता है ।

(ख) 60 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) की तुलना में अधिक दाब पर काम कर बॉयलर के लिए बेहतर गुणवत्ता वाला वाटर आईएस:10496 अपनाया जाना चाहिए।

443. आवश्यकताएं

तालिका के कॉलम 6 और 7 में निर्धारित विधियों द्वारा परीक्षण किए जाने पर पानी तालिका XV/1 में दी गई आवश्यकताओं का अनुपालन करेगा ।

444. सैम्पलिंग

आईएस: 3025 के भाग-2 में दिए गए सामान्य निर्देशों का पालन करते हुए सैम्पलिंग किया जाएगा। विशेष रूप से, निम्नलिखित बातों का ध्यान रखा जाएगा:

(क) यह आवश्यक है कि सैंपलिंग कॉक पर एक स्टेनलेस स्टील या मोनेल मेटल क्वॉयल लगाई जाए ताकि पानी के नमूने का तापमान वायुमंडलीय दाब पर क्वथनांक से काफी नीचे हो और स्टीम में फ्लैशिंग के कारण वातन और सघनता का कोई खतरा न हो; तथा

(ख) बॉयलर फीड पंप की डिलीवरी से फीड वॉटर के नमूने, टॉप ड्रम से बॉयलर वॉटर के नमूने और कंडेनसेट निष्कर्षण पंप की डिलीवरी से कंडेनसेट के नमूने एकत्र किए जाएंगे।

445. परीक्षण विधियाँ

परीक्षण आईएस: 3025 और आईएस: 3550 के उपयुक्त खंडों में बताए अनुसार किए जाएंगे, जैसा कि तालिका XV/1 में दिये गये वर्गीकरण के आगे दर्शाया गया है।

तालिका XV/1 : निम्न और मध्यम दाब वाले बॉयलरों के लिए फीड वॉटर और बॉयलर वॉटर की रासायनिक आवश्यकताएं

(विनियम 443 और 445)

क्र. स.	विशिष्ट लक्षण	बॉयलर दाब के लिए आवश्यकता			परीक्षण की विधि (स्तंभ सं. ... का संदर्भ ले)	
		20 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) तक के लिए	21 से 39 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) के लिए	40 से 60 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) के लिए	आईएस: 3550 +	आईएस: 3025*
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(i)	फीड वॉटर (ए) अधिकतम कुल कठोरता ($CaCO_2$	5	2	शून्य	-	16.1

	के रूप में), मिलीग्राम/ली.,					
	(बी) पीएच मान	8.8 से 9.5	8.8 से 9.5	8.8 से 9.5	-	8
	(सी) अधिकतम घूली हुई ऑक्सीजन, मिलीग्राम/ली,	-	0.5	0.5	16	-
	(घ) अधिकतम सिलिका (SiO_2 के रूप में), मिलीग्राम/ली.	-	0.5	0.5	16	-
(ii)	बॉयलर वॉटर					
	(क) अधिकतम कुल क्षारीयता φ ($CaCO_3$ के रूप में), मिलीग्राम/एल	700	500	300	-	13
	(ख) अधिकतम कास्टिक क्षारीयता ($CaCO_3$ के रूप में), मिलीग्राम/ली.	350	200	60	-	15
	(ग) पीएच का मान	9.0 से 12.0	9.0 से 12.0	9.0 से 11.0	-	8
	(घ) अवशिष्ट सोडियम सल्फाइट β (Na_2SO_3 के रूप में) मिलीग्राम/ली.	-	30 से 50	20 से 30	-	21
	(ङ) अवशिष्ट हाइड्राज़िन (N_2H_4 के रूप में), मिलीग्राम/ली.	0.1 से 1 (यदि डाला गया है)	0.1 से 0.5 (यदि डाला गया है)	0.05 से 0.3	26	-
	(च) फॉस्फेट (PO_4	20 से 40	15 से 30	5 से 20	14	-

	के रूप में) मिलीग्राम/लीटर (यदि डाला गया हो)					
	(छ) अधिकतम कुल घुलित ठोस मिलीग्राम/ली,	3500 α	2500	1500	9	12
	(ज) अधिकतम सिलिका (SiO_2 के रूप में), मिलीग्राम/लीटर	-	15	15	16	30

नोट :

1. रिकवरी बॉयलर: उपयोग किए गए बॉयलर फीड वॉटर को पूरी तरह से डी-मिनरलाइज्ड किया जाएगा और बॉयलर फीड वॉटर और बॉयलर वॉटर को 60 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) और उससे अधिक पर काम करने वाले उच्च दाब वाले बॉयलरों के अनुसार वातानुकूलित किया जाएगा (देखें आईएस: 4343) .
2. जब फीड वॉटर हीटर, कॉपर या कॉपर अलॉय के बने होते हैं, तो फीड वॉटर का पीएच 8.5 और 9.2 के बीच बनाए रखा जाना चाहिए, जबकि जब फीड वॉटर हीटर, आयरन के बने होते हैं, तो फीड का पीएच 8.5 और 9.5 के बीच बनाए रखा जा सकता है।
3. बॉयलर वॉटर में सिलिका: टर्बाइनों की भाप के लिए सिलिका की कम सांद्रता की सलाह दी जा सकती है, जिसके लिए आमतौर पर भाप में 0.02 मिलीग्राम / लीटर से कम सिलिका की आवश्यकता होती है।

*उद्योग में उपयोग किए जाने वाले पानी के लिए नियमित नियंत्रण के लिए परीक्षण के तरीके।

+ उद्योग में उपयोग किए जाने वाले पानी के लिए नमूना लेने और परीक्षण (भौतिक और रासायनिक) के तरीके।

φ कुल क्षारीयता प्राथमिकता के तौर पर कुल घुलित ठोसों का लगभग 20 प्रतिशत होनी चाहिए।

β यदि सोडियम सल्फाइट के अलावा अन्य अपचायक एजेंटों का उपयोग किया जाता है तो यह लागू नहीं होगा।

α मापदंडों के आधार पर शेल प्रकार के बॉयलरों के लिए, सीमाओं में छूट दी जा सकती है।

अध्याय - 16

हीट एक्सचेंजर्स और प्रेशर वेसल

446. आवेदन

ये विनियम स्टीम एक्यूमुलेटर्स, स्टीम क्वॉयल एयर प्रीहीटर्स, एचपी हीटर, डीरेटर्स और 3.5 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) से ऊपर के ब्लो डाउन टैंकों पर लागू होंगे । कोई भी भाप खपत करने वाला उपकरण जहां भाप संघनित है या वातावरण में निकाली जाती है, इस अध्याय के तहत कवर नहीं किया जाएगा।

447. निर्माण और कारीगरी

ये विशेष प्रकार के निर्माण को नियंत्रित करने वाले प्रासंगिक विनियमों की आवश्यकताओं के अनुरूप होंगे।

448. सामग्री

इन वेसल्स के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री अध्याय -2 में उपयुक्त विनियमों का पालन करेगी ।

449. वेल्डिंग उपभोग्य

वेल्डिंग उपभोग्य वस्तुएं अध्याय-2 की आवश्यकताओं का अनुपालन करेंगी।

450. ट्यूब और पाइप

ट्यूब और पाइप अध्याय-2 में उपयुक्त विनियमों का पालन करेंगे।

451. ताप प्रक्रिया

विनियम 98 के अनुसार सभी फ्यूजन वेल्डेड वेसल्स को स्ट्रेस मुक्ति के लिए ताप प्रक्रियरत किये जाएंगे।

452.

(क) वेल्ड से निर्माण किए हुए वेसल्स के कार्यकारी दाब का निर्धारण

(i) **शेल** – कार्यकारी दाब की गणना समीकरण (IV/1) के अनुसार की जाएगी।

(ii) **डिश एंड प्लेट्स** - अवतल पक्ष पर दबाव के अधीन डिश एंड प्लेट्स का अधिकतम कार्यकारी दाब समीकरण (IV/9) द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

(iii) **फ्लैट एंड प्लेट्स** - फ्लैट एंड प्लेट्स का अधिकतम कार्यकारी दाब अध्याय-3 में उपयुक्त विनियमों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

(iv) **गिर्थ फलैग्स**- गैर-मानक बोल्ट फलैग्स कनेक्शन जब उपयोग किया जाता है तो आईबीआर की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। फलैग्स के डिजाइन और निर्माण में गैस्केट (सामग्री, प्रकार और आयाम), फलैग्स फैसिंग, बोल्टिंग, हब अनुपात, फलैग्स की चौड़ाई और फलैग्स की मोटाई का चयन शामिल होगा। फलैग्स आयाम ऐसा होना चाहिए कि फलैग्स में परिकलित तनाव स्वीकार्य फलैग्स तनाव से अधिक न हो।

(v) **मानक फलैग्स** - हीट एक्सचेंजर में उपयोग किए जाने वाले मानक फलैग्स बीएस, ईएन, एएसएमई और टीईएमए जैसे कोड या मानकों के अनुरूप होंगे, जिन्हें आमतौर पर औद्योगिक रूप से उन्नत देशों में उपयोग किया जाता है।

(ख)बोल्ट और स्टड - वेशल के कुछ हिस्सों जैसे शेल, एंड प्लेट्स, ट्यूब प्लेट्स आदि को जोड़ने वाले बोल्ट और स्टड स्टील के बने होंगे।

बोल्ट और स्टड के लिए अधिकतम कार्यकारी दाब की गणना निम्नलिखित समीकरण द्वारा की जाएगी:

$$P = \frac{N \times C}{A} \quad D\left(\frac{1.28}{n}\right)^2 \qquad \text{समीकरण (XVI/1)}$$

जहां,

P अधिकतम स्वीकार्य कार्यकारी दाब टन/वर्ग इंच में,

D थ्रैड पर बोल्ट या स्टड का व्यास इंच में है,

N हिस्से को सुरक्षित करने वाले बोल्ट या स्टड की संख्या है,

n प्रति इंच स्क्रू के थ्रैड की संख्या है,

C न्यूनतम अंतिम तन्यता तनाव जहां थ्रैड के ऊपर का व्यास 19 मिमी से कम है, स्टील बोल्ट या 28 टन/वर्ग इंच के स्टड के लिए 4,700,

C न्यूनतम अंतिम तन्यता तनाव जहां थ्रैड के ऊपर का व्यास 19 मिमी से कम है, स्टील बोल्ट या 30 टन/वर्ग इंच के स्टड के लिए 5,100

C न्यूनतम अंतिम तन्यता तनाव जहां थ्रैड के ऊपर का व्यास 19 मिमी से कम नही है, स्टील बोल्ट या 35 टन/वर्ग इंच के स्टड के लिए 5,600

C न्यूनतम अंतिम तन्यता तनाव जहां थ्रैड के ऊपर का व्यास 19 मिमी से कम नही है तथा 22 मिमी से अधिक नही है के लिए स्टील बोल्ट या 28 टन/वर्ग इंच के स्टड के लिए 5,600

C न्यूनतम अंतिम तन्यता तनाव जहां थ्रैड के ऊपर का व्यास 22 मिमी से अधिक है के लिए स्टील बोल्ट या 28 टन/वर्ग इंच के स्टड के लिए 7,000

A बोल्ट या स्टड द्वारा समर्थित सतह के वर्ग इंच में क्षेत्रफल है। जोइंट फलैग्स के लिए क्षेत्र को बोल्ट की पिच लाइनों और फलैग्स के आंतरिक किनारे के बीच मध्य-मार्ग तक विस्तारित करने के लिए ले जाया जाएगा, जिसके द्वारा भाग सुरक्षित है।

453. ट्यूब

एक साथ आंतरिक और बाहरी दोनों तरह के दाब के अधीन कार्य करने वाली ट्यूबों के मामले में, ट्यूबों की मोटाई समीकरण (XII/12) और समीकरण (XII/13) द्वारा स्वतंत्र रूप से निर्धारित की जाने वाली मोटाई से अधिक होगी ।

454. डिश एंड प्लेट्स

डिश एंड प्लेट्स का आकार विनियम 149 की आवश्यकताओं के अनुरूप होगा।

455. एंड प्लेट संलग्नक

ये अध्याय-10 या अध्याय-12 में बताये गये चित्रों में से किसी भी एक का अनुपालन करेंगे।

456. ट्यूब प्लेट्स

ट्यूब प्लेटों की न्यूनतम मोटाई विनियम 395 की आवश्यकताओं का अनुपालन करेगी।

457. स्टैंड पाइप, नोजल, पैड और माउंटिंग और उनके संलग्नक को लगाने की जगह

ये प्रासंगिक विनियमों का अनुपालन करेंगे।

458. हीट एक्सचेंजर्स में उपयोग किए जाने वाले यू-ट्यूब की फॉर्मिंग के बाद ओवलिटी 10% से अधिक नहीं होनी चाहिए। कार्बन और अलॉय स्टील के यू-ट्यूब जिनकी माध्य त्रिज्या R = 5D (जहां D = ट्यूब का बाहरी व्यास) तक हो को न्यूनतम 15 मिनट तक के समय तक भिगोकर तनाव से मुक्त किया जाएगा।

459. ट्यूब बंडल असेंबलियों को बैफल ओडी + 1.5 मिमी के भीतरी व्यास वाले रिंग गेज का उपयोग करके बाधा रहित प्रवेश के लिए जांचा जाएगा।

460. ट्यूब से ट्यूब शीट जोड़ों की प्रारंभिक विशिष्टता:

(क) ट्यूब को ट्यूब शीट से मिलाने की विधि निम्नलिखित में से कोई एक होगी:

- केवल शक्ति विस्तार (बिना वेल्डिंग के)।

- शक्ति वेल्डिंग और प्रकाश विस्तार।

- शक्ति विस्तार और सील वेल्डिंग।

उपरोक्त तीनों प्रक्रियाओं को निर्माता द्वारा योग्य प्रक्रिया के द्वारा किया जाएगा।

बॉयलर/बॉयलर घटक निर्माता जोड़ की मजबूती के लिए विस्तारित (चाहे वेल्ड और विस्तारित किया हुआ या केवल विस्तारित) जोड़ों के लिए लिखित प्रक्रिया तैयार करेगा। बॉयलर/बॉयलर घटक विनिर्माता उन चरों की पहचान करेंगे जो इन प्रक्रियाओं में संयुक्त पुनरावर्तनीयता को प्रभावित करते हैं। ये प्रक्रियाएं विस्तृत विवरण या एन्हांसमेंट के स्केच प्रदान करेंगी, जैसे कि खांचे, सेरेशन, थ्रेड्स और मोटे मशीनिंग प्रोफाइल।

स्ट्रेंथ वेल्ड जोड़ों के लिए प्रत्येक प्रक्रिया में अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम आठ मॉक अप वेल्ड की आवश्यकता होती है। मॉक अप असेंबली अनिवार्य रूप से ट्यूब होल कॉन्फ़िगरेशन और ट्यूब-टू-ट्यूबशीट जोइंट डिजाइन की प्रतिलिपि करेगी।

(क) सामग्री समूह (एम नंबर वार), ट्यूब होल आकार, ट्यूब आकार और ट्यूब शीट के साथ ट्यूब फिट उत्पादन अनुकरण करेगा।

(ख) टेस्ट ब्लॉक व्यवस्था:

छेदों की न्यूनतम संख्या = 3-2-3 त्रिकोणीय पिच के लिए

= 3-3-3 स्क्वायर पिच के लिए

मोटाई = ट्यूब शीट की मोटाई या 50 मिमी जो भी कम हो।

ट्यूबशीट का अनुकरण करने वाला टेस्ट ब्लॉक आकार में गोलाकार, वर्गाकार या आयताकार हो सकता है, अनिवार्य रूप से ट्यूब पिच ज्यामिति के अनुरूप सामान्य रूप से। टेस्ट असेंबली में ट्यूबों की एक सारणी शामिल होगी जैसे कि परीक्षण की जाने वाली ट्यूब सारणी के ज्यामितीय केंद्र में है और आसन्न ट्यूबों की कम से कम एक पंक्ति से घिरी हुई है। परीक्षण ब्लॉक असेंबली में परिधीय ट्यूबों के किनारे से परे कम से कम एक ट्यूबशीट लिगामेंट की दूरी का विस्तार करेगा।

टेस्ट ब्लॉक श्रेणी में सभी ट्यूब एक ही ग्रेड की सामग्री के होंगे और समान प्रक्रियाओं का उपयोग करके लगायें जाएंगे।

ट्यूब जोड़ के परीक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली ट्यूब की लंबाई केवल परीक्षण उपकरण के अनुरूप पर्याप्त होनी चाहिए। परीक्षण किए जाने वाले ट्यूब जोड़ से सटे ट्यूबों की लंबाई परिमित होने के लिए परीक्षण ब्लॉक की मोटाई से कम नहीं होनी चाहिए।

टेस्ट ब्लॉक के परीक्षण की प्रक्रिया:

मॉक-अप वेल्ड को निम्नलिखित परीक्षणों के लिए क्रमिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा और लागू स्वीकृति मानदंडों को पूरा करना होगा।

स्वीकृत मानदंड - दृश्य परीक्षा।

वेल्ड की सुलभ सतहों को बिना किसी आवर्धन के दृष्टिगत रूप से जांचा जाएगा। वेल्ड पूरी तरह से जुड़े हुए होने चाहिए और ट्यूब की दीवारों से किसी प्रकार के जलने का कोई नामों निशान नहीं होना चाहिए, तथा दरारों या छिद्रों से मुक्त होने चाहिए।

स्वीकृत मानदंड - तरल प्रवेश।

तरल प्रवेश तकनीकों द्वारा जांच की गई प्रक्रिया और प्रदर्शन परीक्षणों को अस्वीकार्य माना जाएगा जब परीक्षा सीमा से अधिक किसी भी चिह्न को प्रदर्शित करती है

निम्नलिखित में निर्दिष्ट है:

(क) प्रासंगिक रैखिक चिह्न

(ख) 5 मिमी से अधिक प्रासंगिक गोल चिह्न

(ग) एक पंक्ति में चार या अधिक प्रासंगिक गोल चिह्न जिनमें 1.5 मिमी या उससे कम मिमी के द्वारा अलग किये गये हो (ऐज टू ऐज)।

स्वीकृति मानदंड - मैक्रो-परीक्षण

मॉक अप वेल्ड ट्यूब के केंद्र के माध्यम से मैक्रो परीक्षण के द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे।

वेल्ड और ताप प्रभावित क्षेत्र का एक स्पष्ट निर्धारण करने के लिए चार निकली हुई सतहों को एक उपयुक्त एचेंट के द्वारा स्मूद और ऐच्च किया जायेगा। 10X से 20X के आवर्धन का उपयोग करते हुए, वेल्ड के क्रॉस सेक्शन का निर्धारण करेंगें

(क) डिजाइन द्वारा आवश्यक न्यूनतम रिसाव पथ आयाम

(ख) किसी भी प्रकार की दरार नहीं

(ग) ट्यूबशीट और ट्यूब वॉल फेस में किये गये वेल्ड का पूरी तरह से जुड़ाव

(घ) जोड़ के तल के 0.4 मिमी के भीतर किये गये वेल्ड का पूरी तरह से लगाव

(ङ) छिद्र आवश्यक न्यूनतम रिसाव पथ मोटाई के नीचे वेल्ड थ्रोट को कम नहीं करेगा

(ग) ट्यूब थिनिंग की गणना नीचे दिए गए समीकरण का उपयोग करके मापे गई मानों के आधार पर की जाएगी। थिनिंग 5% से 8% की सीमा में होगी।

$$\text{थिनिंग \%} = \frac{(T-t) - (D - d)}{2 \times \text{ट्यूब की मोटाई}} \times 100 \quad , \quad \text{समीकरण (XVI/2)}$$

जहां

T = विस्तार के बाद ट्यूब का आंतरिक व्यास

t = विस्तार से पहले ट्यूब का आंतरिक व्यास

D = ट्यूब शीट होल का व्यास

d = ट्यूब का बाहरी व्यास

अध्याय-17

छोटे सौर बॉयलर

461. कार्य क्षेत्र - यह अध्याय छोटे सौर बॉयलरों के डिजाइन, निर्माण, निरीक्षण, पंजीकरण, संचालन और रखरखाव पर लागू होगा।

462. परिभाषाएं

क) सौर रिसीवर - सौर रिसीवर भाप उत्पन्न करने के लिए सूर्य से सौर विकिरण ऊष्मा प्राप्त करने वाले उपकरण हैं।

ख) छोटा सौर बॉयलर

1) एक सौर भाप उत्पन्न करने वाली प्रणाली जो अपने बाहरी उपयोग के लिए भाप का उत्पादन करती है और जिसमें सौर विकिरण प्राप्त करने वाला एपर्चर क्षेत्र का रिसीवर क्षेत्र के साथ क्षेत्र सांद्रता अनुपात 300 से कम और 25 लीटर से अधिक की मात्रा में आयतनिक क्षमता है।

2) एक प्राकृतिक या कृत्रिम परिसंचरण प्रकार का बॉयलर जिसमें रिसीवर सौर ताप प्राप्त करने वाला उपकरण है जो 12 किग्रा/सेमी ^{2} (जी) तक के दाब में भाप उत्पन्न करता है।

ग) ताप सतह क्षेत्र

एक छोटे सौर बॉयलर के तापीय पृष्ठ क्षेत्र को प्राप्त करने वाले विकिरण के संपर्क में आने वाले रिसीवर के क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया जाएगा।

घ) आयतनिक क्षमता

एक छोटे सौर बॉयलर की आयतनिक क्षमता स्टीम हेडर के आउटलेट पर फीड चेक वाल्व से मुख्य स्टीम स्टॉप वाल्व तक की कुल मात्रा है।

463. जिस सीमा तक पूर्ववर्ती अध्यायों में निर्धारित मानक शर्तों से भिन्नता की अनुमति है

नीचे निर्दिष्ट शर्तों के अधीन, बॉयलरों और कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिछले अध्यायों में निर्धारित मानक शर्तों से निम्नलिखित बदलाव की अनुमति दी जाएगी: -

सामग्री -

(i) छोटे सौर बॉयलरों के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री इन विनियमों में किए गए प्रावधानों के अनुरूप होगी।

(ii) बॉयलरों के निर्माण में प्रयुक्त प्लेट्स या तो आईएस: 2062 या समकक्ष या अध्याय -2 के अनुसार होनी चाहिए। शेल और हेड्स के लिए प्लेट मोटाई में 6 मिमी से कम नहीं होनी चाहिए और हेड ट्यूब के लिए ट्यूब शीट के रूप में ट्यूब रोल कम से कम 8 मिमी मोटाई का होना चाहिए।

(iii) ट्यूब और पाइप कार्बन स्टील, अलॉय स्टील, स्टेनलेस स्टील या कॉपर के बने होंगे।

(iv) वातावरण और सौर विकिरण के सीधे संपर्क में आने वाले बॉयलर के हिस्सों के लिए 0.75 मिमी के जंग अलाउंस पर विचार किया जाना चाहिए। बॉयलर के स्टेनलेस स्टील भागों के लिए कोई जंग अलाउंस आवश्यक नहीं है।

(v) सामग्री को निर्माता से आईबीआर फॉर्म के साथ प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं है, बशर्ते लागू नियमों में निर्दिष्ट अन्य सभी प्रमाणन आवश्यकताओं का अनुपालन किया जाता है।

डिजाइन, निर्माण, कारीगरी और अधिकतम स्वीकार्य कार्य दाब की गणना करने की विधि ।

(i) निर्माण जहां अन्यथा निर्दिष्ट किया गया है, वह वही होगा जो इन विनियमों के पूर्ववर्ती अध्यायों के प्रासंगिक प्रावधानों में निर्धारित है।

(ii) फ्यूजन वेल्ड किए हुए छोटे सौर बॉयलरों के मामले में, वेल्ड किये हुए जोड़ों की रेडियोग्राफी या तनाव से मुक्ति अनिवार्य नहीं है।

जांच और परीक्षण

निर्माण के दौरान और पूरा होने के बाद निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा छोटे सौर बॉयलरों का निरीक्षण किया जाएगा। बॉयलरों का निरीक्षण निम्नलिखित चरणों में किया जाएगा:

सभी छोटे सोलर बॉयलर निम्नलिखित के अधीन होंगे:

सामग्री की पहचान और निरीक्षण।

हाइड्रोलिक परीक्षण:

प्रत्येक निर्मित बॉयलर में पूर्ण या आंशिक रूप से वेल्ड का कार्य हुआ है, हाइड्रोलिक परीक्षण दाब बॉयलर के डिजाइन दाब के दो गुना के बराबर होगा।

प्रमाण पत्र और निर्माता की मुहर

प्रमाण पत्र और निर्माता की मुहर इन विनियमों के अध्याय -1 के प्रावधानों के अनुरूप होगी ।

यदि बॉयलर के छोटे आकार के कारण बॉयलर प्लेट पर सभी सूचनाओं को स्पष्ट रूप से स्टाम्प नहीं किया जा सकता है तो बॉयलर के साथ निर्माता के प्रमाण पत्र में आवश्यक विवरण शामिल होंगे, लेकिन सभी मामलों में बॉयलर पर नाम, कार्य संख्या और निर्माण के वर्ष की मुहर लगाई जानी चाहिए या प्रदर्शित की जानी चाहिए।

464. वाल्व, गेज, फिटिंग और फीड आपूर्ति

छोटे सोलर बॉयलर में लगे होंगे-

(i) सफाई के लिए वाश प्लग।

(ii) जल स्तर को इंगित करने के लिए उपयुक्त प्रावधान

(iii) एक वॉटर फिडिंग वाला उपकरण

(iv) एक फीड पाइप - फीड पाइप में एक चेक वाल्व और एक स्टॉप वाल्व लगाया जायेगा जिसका आकार पाइप के आकार से कम नहीं होना चाहिए।

(v) बॉयलर वॉटर को निकालने के लिए उपयुक्त प्रावधान।

(vi) न्यूनतम 100 मिमी डायल आकार वाला एक भाप का दाब नापने का यंत्र

(vii) भाप के दाब को कम करने के लिए एक सुरक्षा वाल्व।

सुरक्षा वाल्वों को आईबीआर के तहत प्रमाणित किया जाएगा। अन्य सभी फिटिंग को ऐसी फिटिंग के निर्माताओं द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है।

465. पंजीकरण, संचालन और रखरखाव

(i) अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (1) के तहत आवेदन के साथ आवश्यक शुल्क विनियम 263 के अनुसार होगा।

(ii) प्रत्येक चार वर्ष के बाद प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए निरीक्षण शुल्क विनियम 264 में विनिर्दिष्ट अनुसार होगा।

(iii) छोटे सौर बॉयलरों के निर्माण और परीक्षण का प्रमाण पत्र फॉर्म XXII में जारी किया जाएगा।

(iv) इन बॉयलरों को चलाने वाले ऑपरेटर के पास मैट्रिक या समकक्ष की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।

प्रपत्र I: आर01 दिनांक: xx.xx.2022

प्रपत्र I

(विनियम 265)

बॉयलर निरीक्षण विभाग

बॉयलर पंजीकरण संख्या

निरीक्षण पुस्तिका का ज्ञापन
या
पंजीकरण पुस्तिका

सामान्य

जिला.....

मालिक.....

कारखाने का पता .....

निकटतम रेलवे स्टेशन .....

कारखाना ..... है स्टेशन से ..... किमी

काम या कारखाना.....

काम करने का मौसम ....

बॉयलर ..... में ..... को पंजीकृत है

रजिस्टर पुस्तिका संख्या ..... पृष्ठ..... .....

पंजीकरण संख्या..... ..... को सत्यापित की गई।

बॉयलर का डिज़ाइन दबाव .....

बॉयलर रेटिंग ..... जाँच

शुल्क.....

पंजीकरण पुस्तक ..... पर .....को दायर की गई

स्थानान्तरण इत्यादि पर टिप्पणी।

अनंतिम आदेश और प्रमाणपत्र अभिलेख

शुल्क रुपये	*भुगतान की तिथि*	*निरीक्षण की तिथि*	*प्रमाणपत्र संख्या और दिनांक*	*प्रमाण पत्र की अवधि*	*बॉयलर का डिज़ाइन दबाव किग्रा/सेमी²* (जी)	*बॉयलर रेटिंग*	*वाष्पीकरण टन/घंटा या किग्रा/घंटा*	*निरीक्षक / सक्षम व्यक्ति के आद्याक्षर*

विवरण और आयाम

बॉयलर का प्रकार: अग्रणी आयाम:

निर्माता: प्रत्याशित कार्य दबाव:

बनाने का स्थान और वर्ष: निर्माता की संख्या:

बॉयलर का विवरण:

निर्माता की मुहर का विवरण

मुहर की स्थिति .....

निर्माता का प्रमाणपत्र

बॉयलर नाम.....

निर्माता विनिर्माण, ... किग्रा / सेमी² (जी) के लिए हाइड्रोलिक परीक्षण **आरेखण** संख्या ..... --- प्राप्त

निरीक्षण नाम.....

प्राधिकारी सामग्री, निर्माण, पर्यवेक्षण, हाइड्रोलिक परीक्षण के परीक्षण ..... प्राप्त .....

दबाव भागों का विवरण

क्र. सं.	दबाव पुर्जे का नाम	आकार	सामग्री विशेष विवरण

बेलनाकार शेल

	(क) *शेल या मड ड्रम*	*(ख)* *स्टीम ड्रम*
पुर्जों के नाम संख्या अंत प्लेटों के बीच की लंबाई एंड प्लेट सीम के बीच की लंबाई सबसे बड़े बेल्ट के अंदर व्यास प्लेटों की मोटाई प्लेटिंग की बेल्टों की संख्या लम्बवत सीम स्थिति (बजे) परिधीय सीम सीमों की संख्या (अंत और भीतरी)		

शेल एंड प्लेट और स्टे

प्लेट	सपाट, धुला हुआ, अर्धगोलाकार (..... टुकड़ों में) न रुका हुआ, न फ्लेंज किया हुआ		
	व्यास (बाहर), सामने ..... पीछे, ...	क्राउन	सबसे बड़ा वृत्त .....
	वक्रता के सामने की त्रिज्या	पीछे , ...	क्राउन .....
	वक्रता की त्रिज्या, फ्लेंज का कोना, ...	शेल , ...	फर्नेस, ... अपटेक, ...
	प्लेट, मोटाई, सामने ..... पीछे, ...	क्राउन	ट्यूबप्लेट सामने, ...पीछे

	शेल से जुड़े क्राउन या सामने, …… ……			
	शेल से जुड़े, बैक एंड, ……..			
	अपटेक या फर्नेस क्राउन या फ्रंट से जुड़े करें,…….			
	फर्नेस फ्लू से जुड़े, बैक एंड ……			
हल्स	गसेट स्टे, संख्या एफई, टॉप, ……	तल , ……..	बीई, टॉप, ……	तल, ……..
	लम्बवत स्टे संख्या ……	व्यास, ……	……	, ……
	लम्बवत स्टे पिच रहता है, ऊर्ध्वाधार	क्षैतिज…….....	परिधीय	……
	त्रियक डी ओ , …… ……			

मेनहोल, हैंड और साइट होल्स, दरवाजे और स्टैंड ब्लॉक

इनके अंतर्गत पुर्जे और सामग्री …… ……..

मैनहोल	संख्या और स्थिति			
	फ़्रेमयुक्त या फ्लेंज किए हुए प्लेट			
	बॉयलर दरार, लंबाई × चौड़ाई			
	फ़्रेम दरार, लंबाई × चौड़ाई			
	फ्रेम अंदर, बाहर, उठा हुआ, दबाया हुआ			
	फ्रेम ठोस, वेल्डेड, कास्ट			
	लम्बवत अक्ष पर फ़्रेम खंड			
	दरवाजा, प्रकार और मोटाई			
	दरवाजा, अगर अंदर, स्पिगोट क्लीयरेंस			
	बोल्ट, संख्या, व्यास, थ्रेड नट			
	बोल्ट, पिच सर्कल			
	क्षतिपूरक छल्ले, चौड़ाई x मोटाई			

साइट वॉल्स	संख्या ……...	आयाम …….	स्थितियाँ ……..
	लगाए गए क्षतिपूरक छल्ले ……	खण्ड ……	
	दरवाजे, प्रकार …… ……	बोल्ट व्यास,…….. थ्रेड ……	स्पिगोट क्लीयरेंस ……...
	सफाई प्लगों की संख्या ……	व्यास,……..	स्थिति ……
ब्लॉक	ऊंचाई ……..	व्यास (बाहर), ऊपर,… तल …….	मोटाई ……..……..
	स्टॉप वाल्व के नीचे स्टैंडपाइप, …… फ्लेंज ……	ऊंचाई, …… व्यास (बाहर) ……	मोटाई ……..……..

फायरबॉक्स विवरण

एंड ।। पास ट्यूब	**फ्लू ट्यूबों का विवरण**				
	सदा संख्या ……	स्टे	कुल लंबाई …… विशेष विवरण ……..		
	सादा, व्यास (बाहर) …….....	मोटाई, …	फ्रंट एंड, वेल्डेड, एक्सपीड, वीडेड, फेरुल्ड । स्मोक एंड ।, वेल्डेड एक्सपीड, वीडेड , या… ..		
	स्टे व्यास (बाहर) ……..... सादे ट्यूबों की पिच, वी……	मोटाई, …… …… एच…… ……	एफई, वेल्डेड, एक्सपीड।, वीडेड, एसई, वेल्डेड, एक्सपीड, .. डी …… सीजेड …… ……		
	स्टे ट्यूब की पिच, वी… ..	एच…… ……	डी …….. सीजेड …… ……		
	सादा संख्या ,	स्टे कुल	लंबाई …… विशेष विवरण ……..		
	सादा, व्यास (बाहर) …….....	मोटाई, …	फ्रंट एंड, वेल्डेड, एक्सपीड, वीडेड, फेरुल्ड स्मोक एंड ।, वेल्डेड एक्सपीड, वीडेड , या…		
	स्टे व्यास (बाहर) …….....	मोटाई, …… ……	एफई, वेल्डेड, एक्सपीड, वीडेड, एसई,		

			वेल्डेड, एक्सपीड, ..			
	प्लेन ट्यूब की पिच, वी....	एच	डी	सीजेड		
	स्टे ट्यूब की पिच, वी... ..	एच.....	डी	सीजेड		

फर्नेस, क्राउन और अपटेक

संख्या , ... प्रकार .....

प्रत्येक फर्नेस में स्टिफ़नर छल्लों की संख्या ..... लम्बवत सीम की स्थिति

केंद्र के मध्य लंबाई	
अंदर का व्यास	
प्लेट की मोटाई	
क्रॉस ट्यूब या स्टिफ़नर की स्थिति	

माउंटिंग और फिटिंग

		संख्या	*व्यास*	*प्रकार*	*सामग्री*	*बोल्ट या बेल्ड किए हुए*
वाल्व इत्यादि	सुरक्षा					
	सुरक्षा					
	मुख्य विराम					
	सहायक विराम					
	संभरण					

	ब्लो डाउन					
	इंजेक्टर					

विविध फिटिंग

पानी के गेज, संख्या …… प्रकार …… परीक्षण कॉक संख्या ……

वाटर गेज, निचले नट का ऊपरी भाग …… मिमी ऊपर ……..

दबाव नापने का यंत्र, प्रकार …….. व्यास मिमी में …

रेंज …… किग्रा/सेमी² (जी)

दबाव नापने का यंत्र, निर्माता …… संख्या …… लाल रेखा …… किग्रा/सेमी² (जी) पर

फ़्यूज़िबल प्लग, प्रकार …… …… स्थिति …… ……

ब्लो डाउन पाइप …….. ..... से जुड़ा है

फ़ीड उपकरण ……

अतिरिक्त फिटिंग ……

सुरक्षा वॉल्व

	(क)	(ख)	(ग)
प्रत्येक चेस्ट में वाल्वों की संख्या……..			
प्रकार……			
वाल्व सीट का व्यास (मिमी) ……			
नैक का व्यास (मिमी) ……..			
आउटलेट का व्यास (मिमी) ……			
……			

———

सुरक्षा वाल्वों का आवश्यक क्षेत्र

संतृप्त भाप के लिए

$$A = \frac{E}{C.P.}$$

अति गरम भाप के लिए

$$As = \frac{E \times \sqrt{1+\frac{2.7\,Ts}{1000}}}{C \times P}$$

E = ; C = ; P = ; A =

के रूप में = ; T = ; A = ;

ताप सतह

कुल ताप सतह

……

…… वर्ग मीटर

बॉयलर रेटिंग ……

हाइड्रोलिक परीक्षण (पंजीकरण)

निरीक्षक …… परीक्षण की तिथि …… परीक्षण दबाव ……

किग्रा / सेमी² (जी)

परीक्षण की अवधि …… मिनट बॉयलर दबाव, गेज संख्या …… परीक्षण में उपयोग

……..

-------को ----------की की तुलना में बॉयलर दबाव गेज …….. पाया गया।

परीक्षण में बॉयलर की स्थिति ……

ईंट का काम …… लैगिंग

……

परीक्षण के अंतर्गत बॉयलर की स्थिति ……..

परीक्षण के अंतर्गत बॉयलर माउंटिंग की स्थिति .....

एमआई पुस्तिका ..... द्वारा ..... को तैयार कर ..... को प्रस्तुत किया गया।

एमआई पुस्तिका की जांच ..... द्वारा

..... को की गई ।

मुख्य निरीक्षक/निदेशक बॉयलर की टिप्पणी और हस्ताक्षर

भाप परीक्षण (पंजीकरण)

निरीक्षक ..... परीक्षण की तिथि ....

बॉयलर का डिज़ाइन दबाव ..... किग्रा / सेमी² (जी)

बॉयलर कनेक्शन .....

परीक्षण दबाव ..... किग्रा / सेमी² (जी)

उपयोग किया गया ईंधन .....

आग की स्थिति .....

ड्रॉट..... .....

सुरक्षा वाल्व को उठाया (क) ..... किग्रा / सेमी² (जी) (ख) ..... किग्रा / सेमी² (जी)। (ग) ..... किग्रा / सेमी² (जी) पर उठाया गया

	शुरुआत	5 मिनट।	10 मिनिट।	15 मि.	अंतर
परीक्षण का समय					
शीशे में पानी की ऊँचाई.....					
बॉयलर गेज द्वारा दबाव					

दबाव का संचय, (%)में .....

क्या सुरक्षा वाल्व बॉयलर को कुशलता पूर्वक राहत देते हैं? .....

भाप के तहत बॉयलर की स्थिति .....

भाप के तहत माउंटिंग की स्थिति .....

वाशर या फेरूल की मोटाई ....

फीड पंप या इंजेक्टर ने काम किया .....

पानी के गेज का परीक्षण किया गया .....

बॉयलर अटेंडेंट (या) बॉयलर ऑपरेशन इंजीनियर .....

प्रमाणपत्र में दर्ज किए जाने वाले सुरक्षा वाल्वों पर भार की सीमा .....

बॉयलर के काम करने पर टिप्पणियाँ

बॉयलर का उपयोग ..... के लिए किया जाता है।

लगातार, रुक-रुक कर या मौसमी काम .....

क्या बॉयलर को स्पेयर बॉयलर से राहत मिली है? .....

फीड वॉटर की प्रकृति .....

प्रयुक्त ईंधन ..... क्या मुद्रित निर्देश बॉयलर के पास रखे जाते हैं? .....

निरीक्षक द्वारा अनुशंसित सफाई के बीच की अवधि .....

भाप-पाइप

मुख्य भाप-पाइपों की योजना

जुड़े हुए बॉयलरों की पंजीकरण संख्या .....

अन्य बॉयलर से अलग करने के लिए प्रावधान .....

निरीक्षण और परीक्षण के अभिलेख

..... द्वारा ..... को प्रथम निरीक्षण करने के लिए

.....किग्रा/सेमी²(जी) पहला हाइड्रोलिक परीक्षण .....

दिनांक.....

निरीक्षण टिप्पणियाँ

बॉयलर अटेंडेंट और बॉयलर ऑपरेशन इंजीनियर का विवरण				
दौरे की तारीख़	नाम	ग्रेड	प्रमाणपत्र संख्या	जारी करने की तारिख

प्रपत्र II(1):आर01

दिनांक: XX.XX.2022

प्रपत्र II (1)

[विनियम 4(ग) (i) देखें**]**

शॉप असेम्बल्ड बॉयलरों के लिए निरीक्षण प्रमाण पत्र

निरीक्षण प्राधिकारी: _____ प्रमाणपत्र संख्या _____

हम यह प्रमाणित करते हैं कि मैसर्स _____द्वारा _____निर्माता के क्रमांक के अंतर्गत निर्मित_____ बॉयलर का निर्माण हमारी देख रेख में किया गया और बॉयलर अधिनियम, 1923 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, सक्षम व्यक्ति द्वारा निर्माण के विभिन्न चरणों में निर्माण का निरीक्षण किया गया था और यह पाया गया कि बॉयलरों का डिजाइन और निर्माण और कारीगरी संतोषजनक और मानक शर्तों के अनुसार थे।

बॉयलर को नीचे दर्शाये अनुसार स्टैम्प के साथ _____ को शेल प्लेट पर स्टैम्प किया गया : -

निर्माता का नाम	:	_____
निर्माता की संख्या	:	_____ निर्माण का वर्ष : _____
करने के लिए परीक्षण किया	:	_____ किग्रा./सेमी² (जी) चालू : _____
बॉयलर का डिज़ाइन दबाव	:	_____ किग्रा./सेमी² (जी)

सक्षम व्यक्ति या निरीक्षण प्राधिकारी की आधिकारिक मुहर

पूरा होने पर बॉयलर का सक्षम व्यक्ति की उपस्थिति में **_____ दिन _____ को** _ ____किग्रा / सेमी ² (जी) दबाव पर एक हीड्रास्टाटिक परीक्षण किया गया और यह संतोषजनक ढंग से परीक्षण पर खरा उतरा।

सभी वेल्डेड सीमों को जहां कहीं लागू हो, विनाशकारी और नॉन-डिस्ट्रक्टिव जांच के अधीन परखा गया और संतोषजनक पाया गया।

हमने अपने आप को संतुष्ट कर लिया है कि बॉयलर का निर्माण और आयाम हमारे द्वारा हस्ताक्षरित निर्माता **आरेखण** संख्या _____ में **दर्शाया गया** है और हमारे द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रपत्र III में निर्माता के निर्माण प्रमाण पत्र में दर्ज विवरण हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं।

सक्षम व्यक्ति का नाम और हस्ताक्षर *निरीक्षण*

प्राधिकारी का नाम और हस्ताक्षर

तिथि और मुहर

प्रपत्र II(2):आर01 दिनांक: xx.xx.2022

प्रपत्र II (2)

[विनियम 4(ग) (i) देखें**]**

साइट असेम्बल्ड बॉयलरों के लिए निर्माता के काम का निरीक्षण प्रमाण पत्र

निरीक्षण प्राधिकारी : _____ प्रमाणपत्र संख्या **_____**

हम यह प्रमाणित करते हैं कि मैसर्स _____द्वारा _____ निर्माता क्रमांक के अंतर्गत निर्मित ___बॉयलर का निर्माण हमारी देख रेख में किया गया और बॉयलर अधिनियम, 1923 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार सक्षम व्यक्ति द्वारा निर्माण के विभिन्न चरणों में निर्माण का निरीक्षण किया गया और यह पाया गया कि बॉयलरों का डिजाइन और निर्माण और कारीगरी संतोषजनक और मानक शर्तों के अनुसार थे।

जहां कहीं लागू हो, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार बॉयलर घटकों पर मुहर लगाई जाती है।

घटक का नाम **आरेखण** संख्या मुहर लगाने का विवरण

निर्माता का नाम : _____ निर्माता का नंबर: _____ निर्माण का वर्ष: _____

करने के लिए परीक्षण किया : _____ किग्रा/सेमी² (जी) _____ को

बॉयलर का डिजाइन दबाव : _____ किग्रा/सेमी² (जी)

सक्षम व्यक्ति या निरीक्षण प्राधिकारी की आधिकारिक मुहर

बॉयलर के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के नमूने का परीक्षण सक्षम व्यक्ति की उपस्थिति में किया गया और इसे नियमों का अनुपालन में पाया गया।

सभी वेल्डेड सीमों को जहां कहीं लागू हो, विनाशकारी और नॉन-डिस्ट्रक्टिव जांच के अधीन परखा गया और इन्हें संतोषजनक पाया गया।

हमने अपने आप को संतुष्ट कर लिया है कि बॉयलर का निर्माण और आयाम हमारे द्वारा हस्ताक्षरित निर्माता **आरेखण** संख्या _____ में **दर्शाया गया** है और हमारे द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रपत्र III में निर्माता के निर्माण के प्रमाण पत्र में दर्ज विवरण, हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं।

सक्षम व्यक्ति का नाम और हस्ताक्षर *निरीक्षण प्राधिकारी का*
नाम और हस्ताक्षर

तिथि और मुहर

प्रपत्र II (क):आर 01 दिनांक: xx.xx.2022

प्रपत्र II-क

[विनियम 3क]

निर्यात के लिए विदेशी कोड के लिए बनाए गए बॉयलर के संबंध में निर्माण के दौरान निरीक्षण प्राधिकारी निरीक्षण प्रमाण पत्र

हम यह प्रमाणित करते हैं कि ..... प्रकार के बॉयलर; लंबाई ..... व्यास ..... बॉयलर का डिज़ाइन दबाव ..... दुकान संख्या ..... के तहत मेसर्स ..... द्वारा निर्मित बॉयलर को हमारी देख रेख में निर्मित किया गया और निर्माण के विभिन्न चरणों में हमारे पर्यवेक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया था और पाया गया कि डिजाइन, निर्माण और कारीगरी संतोषजनक है और हर तरह से विशिष्टता कोड ..... अनुसार है। बॉयलर पर निम्नानुसार मुहर लगाई जाती है:

पूरा होने पर बॉयलर का ..... के लिए सक्षम व्यक्ति की उपस्थिति में _____ को परीक्षण किया गया और यह परीक्षण पर संतोषजनक ढंग से खरा उतरा। इस प्रमाणपत्र के साथ परीक्षण और निरीक्षण का विवरण दिया गया है।

हमने अपने आप को संतुष्ट कर लिया है कि बॉयलर का निर्माण और आयाम हमारे द्वारा हस्ताक्षरित निर्माता **आरेखण** संख्या _____ में **दर्शाया गया** है और हमारे द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रपत्र III में निर्माता के निर्माण के प्रमाण पत्र में दर्ज विवरण हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं।

..... कोड/विशेष विवरण के तहत अपेक्षित, निर्माता प्रमाणपत्र, उनके द्वारा हस्ताक्षरित और हमारे द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित, संलग्न है।

निरीक्षण प्राधिकारी का नाम और हस्ताक्षर

प्रपत्र II (ख) : आर01

दिनांक: xx.xx.2022

प्रपत्र II-बी

[विनियम 4 (ग) (i) नोट]

बॉयलर के निर्माण के दौरान प्राधिकारी का निरीक्षण प्रमाण पत्र जिसके लिए मानक शर्तों से बदलाव की अनुमति दी गई है

हम यह प्रमाणित करते हैं कि ..... प्रकार के बॉयलर; लंबाई ..... व्यास ..... बॉयलर का डिज़ाइन दबाव ..... दुकान संख्या ..... के तहत मेसर्स ..... द्वारा निर्मित बॉयलर को हमारी देख रेख में निर्मित किया गया और निर्माण के विभिन्न चरणों में हमारे पर्यवेक्षक निरीक्षण किया गया था और यह कि डिजाइन, निर्माण और कारीगरी को संतोषजनक पाया गया और सामग्री डिजाइन के लिए भारतीय बॉयलर विनियम, 2022 में निर्धारित मानक शर्तों से भिन्नता के अनुसार थी और सामग्री डिजाइन तथा निर्माण विशेषताएँ भारतीय बॉयलर अधिनियम 1923 के अनुरूप निरीक्षण प्राधिकारी बोर्ड द्वारा अनुमति प्रदत्त है।

बॉयलर को एंड प्लेट के सामने वाले हिस्से पर नीचे दर्शाये अनुसार हमरी स्टैम्प लगाई जाती है।

निर्माता का नाम_____ निर्माण का वर्ष _____ कार्य संख्या _____का बॉयलर के _____ डिजाइन दबाव पर परीक्षण किया गया । सक्षम व्यक्ति या निरीक्षण प्राधिकारी की आधिकारिक मुहर।

बॉयलर के पूरा होने पर इसके ड्रम और हैडर सक्षम व्यक्ति की उपस्थिति में _____के एक जल दबाव परीक्षण के अधीन संतोषजनक ढंग से परीक्षण पर खरे उतरे।

*बॉयलर के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के नमूनों का सक्षम व्यक्ति की उपस्थिति में परीक्षण किया गया और यह पाया गया कि वे आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं। सभी वेल्डेड सीमों का भौतिक परीक्षण और रेडियोग्राफिक परीक्षण, जहां कहीं लागू हो, किया गया और संतोषजनक पाया गया।

